राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 रोहित-गिल का डबल धमाका...

चीन की सरकार सख्ती से ... 12

वर्ष : 14 | अंक : 296 | नई दिल्ली, शनिवार, 09 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 25°C
न्यूनतम तापमान 14°C

**बाजार**

सोना 66,865
चांदी 78,500
सेंसेक्स 74,119
निफ्टी 22,493

## संक्षिप्त खबरें

### धनखड़ ने दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर राष्ट्रवासियों को शुभकामनाएं दी। श्री धनखड़ ने आज यहां जारी एक संदेश में कहा कि शिव और शक्ति संयुक्तता और बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक हैं। यह दिन अध्यात्मिकता की उन्नति के लिए भी महत्वपूर्ण है।

### यादव ने विक्रम व्यापार मेले का किया भ्रमण

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन के दशहरा मैदान में चल रहे उज्जैनी विक्रम व्यापार मेले का गुरुवार देर रात्रि भ्रमण कर अवलोकन किया। उन्होंने मेले में विभिन्न कंपनियों के चार पहिया, दो पहिया वाहनों सहित अन्य उत्पादों के स्टॉलों में घूम कर दुकानदारों से बातचीत भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने व्यापार मेले में वाहन खरीदी के लिए आए आत्माराम मेघवाल को स्कूटी की चाबी सौंपी। आत्माराम ने बताया कि उज्जैन में इस प्रकार से भव्य मेले क्या आयोजन से सभी को प्रसन्नता हुई है। ऐसे आयोजनों से सभी को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मेले में स्टॉल संचालित कर रहे विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने विक्रम व्यापार मेले की बेहतर व्यवस्थाओं और प्रबंधन के लिए आभार व्यक्त किया। विधायक श्री अनिल जैन कालूहेडा, नगर निगम अध्यक्ष श्री मुकेश टटवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी इस दौरान उपस्थित रहें।

### भिंड में होटल व्यवसायी के 24 वर्षीय बेटे की गोली मारकर हत्या

भिंड। मध्य प्रदेश के भिंड में शुक्रवार तड़के एक होटल व्यवसायी के 24 वर्षीय बेटे की नजदीक से गोली मारकर हत्या कर दी गई जिसके बाद शहर में आक्रोश फैलने के साथ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। भिंड के पुलिस अधीक्षक असित यादव ने बताया कि हत्यारों ने सुबह करीब सवा चार बजे होटल व्यवसायी विनोद जैन के बेटे प्रणाम जैन के कमरे का दरवाजा खटखटाया। प्रणाम इटावा रोड स्थित अपने होटल पन्ना पैलेस की चौथी मंजिल पर रहता था। उन्होंने बताया कि जैसे ही प्रणाम ने दरवाजा खोला, हमलावरों ने उसे कम से कम पांच गोलियां मारीं जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यादव ने कहा कि हमलावरों ने प्रणाम पर जानलेवा हमला करने से एक घंटा पहले होटल में कमरा नंबर 301 बुक किया था। हत्या की जानकारी मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत घटनास्थल पर पहुंचे और हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक के परिवार के सदस्यों के साथ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस बीच, होटल के आसपास के दुकानदारों ने भी हत्या के विरोध में अपनी दुकानें बंद कर दीं। एसपी यादव के मुताबिक, पुलिस ने होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से दो हमलावरों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए तलाश शुरू कर दी गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, होटल व्यवसायी विनोद जैन स्थानीय विधायक के करीबी हैं। इन लोगों ने कहा कि पिछले साल विधानसभा चुनाव के दौरान कुशवाहा का चुनाव प्रचार कार्यालय इसी होटल में स्थापित किया गया था।

# पीएम ने राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार प्रदान किए 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' की शुरूआत

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को प्रौद्योगिकी के अलग-अलग माध्यमों से विभिन्न प्रकार की सामग्री सृजन करने वालों (कंटेंट क्रिएटर्स) से 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' शुरू करने और भारत की संस्कृति, विरासत और परंपराओं पर दुनिया के साथ कहानियों को साझा करने का आग्रह किया। मोदी ने यहां भारत मंडपम में प्रथम राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार (नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार) प्रदान करने के बाद कहा, "आइए हम भारत के बारे में सृजन करें, दुनिया के लिए सृजन करें।" ग्रीन चैंपियन श्रेणी में प्रवेश पांडे को पुरस्कृत किया गया, जबकि कीर्तिका गोविंदसामी को सर्वश्रेष्ठ कहानीकार का पुरस्कार दिया गया। गायिका मैथिली ठाकुर को 'कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार मिला। टेक श्रेणी में गौरव चौधरी और सर्वश्रेष्ठ यात्रा निमार्ता पुरस्कार कामिया जानी को दिया गया। उन्होंने कहा, "आइए, हम सब मिलकर 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' की शुरूआत करें। आइए, हम भारत से, भारत की संस्कृति, भारत की विरासत और परंपराओं से जुड़ी कहानियां पूरी दुनिया के साथ साझा करें।" मोदी ने पुरस्कार प्रदान करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा, "आइए, हम भारत की अपनी कहानी सभी को बताएं। आइए हम भारत पर सृजन करें, विश्व के लिए सृजन करें। ऐसा 'कंटेंट क्रिएट' करें, जिससे आपके साथ-साथ देश को ज्यादा 'लाइक्स' मिलें। हमें इसके लिए वैश्विक दर्शकों को जोड़ना चाहिए।" प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को शुभकामनाएं दीं और रचनाकारों से आग्रह किया कि वे नारी शक्ति को अपने विषय-वस्तु का हिस्सा बनाएं। मोदी ने कहा कि रचनात्मकता गलत धारणाओं को भी ठीक कर सकती है। चुनाव नजदीक होने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, "मैं आपको गारंटी देता हूं कि यदि संभव हो तो अगली शिवरात्रि पर मैं ऐसा ही एक कार्यक्रम करूंगा।" दर्शकों द्वारा 'अबकी बार 400 पार' के नारे लगाए जाने के बीच प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मोदी की गारंटी नहीं है, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की गारंटी है। उन्होंने 'कंटेंट क्रिएटर्स' से पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को वोट डालने की अपनी जिम्मेदारी से अवगत कराने का भी आग्रह किया। मल्हार कलाम्बे को स्वच्छता राजदूत पुरस्कार से सम्मानित करते हुए मोदी ने विपक्ष पर कटाक्ष किया और कहा, "हर प्रकार की सफाई काम आ सकती है, इस चुनाव में भी सफाई होने वाली है।" मोदी ने कंटेंट क्रिएटर्स से युवाओं के बीच मादक द्रव्यों के इस्तेमाल के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, "आपका कंटेंट क्रिएशन देश में बहुत बड़ा प्रभाव डाल रहा है।" मोदी ने कहा कि जब समय बदलता है, जब एक नये युग की शुरूआत होती है तो यह देश की जिम्मेदारी बन जाती है कि वह बदलते समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चले। राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार कथा वाचन, सामाजिक बदलाव, पर्यावरणीय संवहनीयता और शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने का प्रयास है। इसका उद्देश्य सकारात्मक बदलाव के लिए रचनात्मकता को प्रोत्साहन देना है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार के लिए अनुकरणीय सार्वजनिक सहभागिता सामने आई है। पहले दौर में 20 विभिन्न श्रेणियों में 1.5 लाख से अधिक नामांकन प्राप्त हुए थे। इसके बाद, वोटिंग राउंड में विभिन्न पुरस्कार श्रेणियों में डिजिटल सर्जकों के लिए लगभग 10 लाख वोट डाले गए। इसके बाद, तीन अंतरराष्ट्रीय सर्जक सहित 23 विजेताओं का निर्णय किया गया। बयान में कहा गया कि यह जबरदस्त सार्वजनिक जुड़ाव इस बात का प्रमाण है कि पुरस्कार वास्तव में लोगों की पसंद को प्रदर्शित करता है।



## एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत 100 रुपए घटाने पर सीएम योगी ने प्रधानमंत्री का जताया आभार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत 100 रुपए घटाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णय पर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर अपने एक पोस्ट में इस फैसले को मातृशक्ति का सम्मान और पर्यावरण को संरक्षित करने वाली लोक-कल्याणकारी सौगात बताया है। मुख्यमंत्री ने लिखा, "आज महिला दिवस के अवसर पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का निर्णय करोड़ों परिवारों को आर्थिक राहत देने के साथ ही मातृशक्ति को धुंए और प्रदूषण से मुक्ति दिलाकर स्वस्थ व खुशहाल जीवन प्रदान करेगा।" उन्होंने कहा, "मातृशक्ति के सम्मान और पर्यावरण को संरक्षित करने वाली इस लोक-कल्याणकारी सौगात के लिए प्रदेश वासियों की ओर से आपका हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति को बधाई दी और इस अवसर पर एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत 100 रुपये घटाने की घोषणा की। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है।"

# केजरीवाल और मान ने लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में आम आदमी पार्टी का प्रचार अभियान प्रारंभ किया

प्रात: किरण/एजेंसी




नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने 'संसद में भी केजरीवाल, तो दिल्ली होगी और खुशहाल' के नारे के साथ शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी के प्रचार अभियान की शुरूआत की। उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मौजूद थे। देश में आम चुनाव अप्रैल-मई में होने हैं। प्रचार अभियान की शुरूआत यहां डीडीयू मार्ग स्थित आप मुख्यालय में पार्टी के अन्य नेताओं और कार्यकताओं की मौजूदगी में हुई। केजरीवाल ने कहा, "दिल्ली के लोग मेरा परिवार है और मैंने उनकी सेवा करने के सभी प्रयास किए हैं।" उन्होंने कहा, "हमारा नारा है 'संसद में भी केजरीवाल, तो दिल्ली होगी और खुशहाल।" दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी और पंजाब में आप का शासन है और ये ऐसे दो राज्य हैं जहां बिजली की आपूर्ति निःशुल्क है।" केजरीवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत केंद्र सरकार आप सरकार द्वारा शुरू की गई हर परियोजना को दिल्ली के उपराज्यपाल के माध्यम से रोक देती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने लोगों से विपक्ष के सभी सात उम्मीदवारों को संसद में भेजकर उन्हें 'मजबूत' बनाने का आग्रह किया। इस दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री मान ने कहा कि उनके राज्य में लोकसभा चुनाव में सभी 13 सीट आप की झोली में आएंगी। उन्होंने केंद्र पर दिल्ली में केजरीवाल सरकार के काम में बाधा डालने और पंजाब का धन रोकने का भी आरोप लगाया। आप दिल्ली, गुजरात और हरियाणा में सीट बंटवारा समझौते के तहत विपक्षी गुट 'इंडिया' के घटक दल कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी, लेकिन पंजाब में दोनों दलों ने अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

# मुर्मु ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए किया मनोनीत

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को शिक्षिका और लेखिका सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, मुझे खुशी है कि भारत के राष्ट्रपति ने सुधा मूर्ति जी को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधा जी का बहुत बड़ा और प्रेरणादायक योगदान रहा है। राज्यसभा में उनकी मौजूदगी हमारी नारी शक्ति के लिए शक्तिशाली प्रमाण है। यह हमारे देश की नियति को आकार देने में महिलाओं की ताकत और क्षमता का उदाहरण भी है। उनके सफल संसदीय कार्यकाल की कामना करता हूं। कर्नाटक के शिगगांव में 19 अगस्त, 1950 को जन्मी श्रीमती मूर्ति ने अपना करियर एक कंप्यूटर वैज्ञानिक और इंजीनियर के रूप में शुरू किया था। वह इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति की पत्नी और अक्षता मूर्ति की मां है। अक्षता का विवाह ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से हुआ है। श्रीमती मूर्ति कन्नड़ और अंग्रेजी की प्रसिद्ध लेखिका हैं और उपन्यास, तकनीकी विषयों पर किताबें और यात्रा वृतांत लिखती रही हैं।



# अपनी पार्टी में बगावत रोकने के लिए भाजपा संग जाने को तैयार नवीन बाबू

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा एनडीए का कुनबा बढ़ाने में जुटी हुई है। इस बीच ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक की पार्टी बीजेडी भी भाजपा के एनडीए गठबंधन में शामिल हो सकती हैं। कहा जा रहा है कि एनडीए गठबंधन के 400 से ज्यादा सीटों पर जीत के टारगेट को हासिल करने के लिए भाजपा यह गठबंधन कर रही है। लेकिन सवाल जिसका जवाब हर कोई जानना चाहता है, वह यह है कि आखिर नवीन भाजपा के साथ जाने के लिए क्यों आतुर हैं। वह भी तब जब दो दशक से ज्यादा समय से वह ओडिशा के सीएम बने हुए हैं, इतना ही नहीं लोकसभा में भी वह राज्य में सबसे ज्यादा सीटें जीतते रहे हैं। बीजेडी के कुछ सीनियर नेताओं का कहना है कि 15 साल बाद भाजपा संग आने की एक वजह यह है कि नवीन अपने उत्तराधिकार के प्लान पर काम कर रहे हैं। इसकारण वे व्यवहारिक फैसला ले रहे हैं और सुरक्षित राजनीति करना चाहते हैं। नवीन भले ही लगातार बीजेडी के एकछत्र नेता बने हुए हैं, लेकिन अब उनकी बढ़ती उम्र के कारण उत्तराधिकार प्लान की भी चचाएँ हैं। इस कारण से बीजेडी में आंतरिक कलह की स्थिति पैदा हो गई है। पिछले कुछ समय में बीजेडी के कई विधायकों ने पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हुए हैं। इन नेताओं में अरविंद धाली, प्रदीप पाणिग्रही, प्रशांत जगदेव, देबाशीष नायक शामिल हैं। दरअसल नवीन कई सांसदों और विधायकों के टिकट भी काटने की योजना में हैं। वे नए चेहरों को शामिल करना चाहते हैं। इसके चलते नेताओं में बेचैनी है। दरअसल नवीन की पार्टी में चर्चा है कि वह केवी पांडियान को अपना उत्तराधिकारी बना सकते हैं, जो एक नौकरशाह थे। फिलहाल वे सीएम की ओर से पूरे प्रदेश में दौरे कर रहे हैं और अहम फैसले ले रहे हैं। वहीं पार्टी में पलायन को रोकने के लिए नवीन की रणनीति है कि भाजपा को ही साथ ले लिया जाए। फिर बागी नेता आखिर कहां जाएंगे। इस फैसले से वे पार्टी में स्थिरता ला सकते है। इसके अलावा केंद्र सरकार से भी संबंध अच्छे बने रह सकते है। इसके अलावा बदले में नवीन पटनायक की पार्टी भी केंद्र की सत्ता में कोई साझेदारी नहीं मांगेगी।

# 400 पार मिशन में जुटी भाजपा, शाह-नडडा से मिले नायडू और पवन कल्याण

प्रात: किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। एनडीए गठबंधन में तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) की वापसी की खबरों के बीच पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि आंध्र प्रदेश में गठबंधन और सीट बंटवारे को लेकर टीडीपी मुखिया चंद्रबाबू नायडू और जनसेना पार्टी प्रमुख पवन कल्याण शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ विचार-विमर्श कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि भाजपा और तेलुगू देशम पार्टी के बीच आंध्र प्रदेश में गठबंधन की बातचीत अंतिम दौर में पहुंच गई है, और जल्द ही टीडीपी की एनडीए गठबंधन में वापसी का ऐलान हो सकता है। इसकारण शाह, नड्डा, चंद्रबाबू और पवन कल्याण की इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। हालाँकि, कई महीनों में दोनों नेताओं के बीच दूसरी बैठक ने ऐसी संभावना को उज्ज्वल कर दिया है। टीडीपी नेताओं ने कहा कि गठबंधन बनाने में अब और देरी फायदेमंद नहीं होगी क्योंकि चुनाव सिर पर आ गया हैं। कोई भी अस्पष्टता पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों को भ्रमित करेगी। अभिनेता पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जन सेना पार्टी, जो एनडीए का सदस्य रही है, पहले ही टीडीपी के साथ हाथ मिला चुकी है और भाजपा से भी ऐसा करने का आग्रह कर रही है। इस बीच भाजपा और बीजू जनता दल, जो ओडिशा में सत्ता में है, अपने गठबंधन को अंतिम रूप देने की कगार पर हैं, क्योंकि दोनों दलों के वरिष्ठ नेताओं ने अलग-अलग बैठकें कीं और ऐसी संभावना के संकेत दिए। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि आंध्र प्रदेश में भाजपा कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इस लेकर दोनों पार्टियों के बीच मतभेद पैदा हो गए हैं, जहां इसकी उपस्थिति अपेक्षाकृत सीमित है। 25 लोकसभा और 175 विधानसभा सीटें दांव पर होने के कारण, भाजपा का लक्ष्य आठ से दस संसदीय क्षेत्रों में चुनाव लड़ना है।

### कर्नाटक सरकार ने इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सी योजना को लिया वापस

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सी को महिलाओं के लिए असुरक्षित और मोटर वाहन अधिनियम के खिलाफ पाए जाने के बाद राज्य में इन सेवाओं के संचालन पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार ने एक आदेश में कहा कि 2021 में शुरू की गई कर्नाटक इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सी योजना अब वापस ले ली गई है।अधिसूचना के मुताबिक, हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ निजी ऐप-आधारित कंपनियां मोटर वाहन अधिनियम और उसके नियमों का उल्लंघन कर रही हैं।

# कांग्रेस नेता सिद्धू का दावा, मान कांग्रेस में शामिल होना चाहते थे

प्रात: किरण/एजेंसी



चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि मान कांग्रेस में शामिल होना चाहते थे। इतना ही नहीं उनका दावा है कि मान उनका डिप्टी बनने के लिए भी तैयार थे। हालांकि, आम आदमी पार्टी नेती की तरफ से इसपर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। कांग्रेस नेता सिद्धू ने इंटरव्यू का वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें मान के कांग्रेस में शामिल होने की बात पर चर्चा जारी है। इसमें सिद्धू को कहते हुए सुना जा सकता है, मान आए, पाजी मैं आपका डिप्टी बनने के लिए तैयार हूं, मुझे कांग्रेस में शामिल करा लो। अगर आप आम आदमी पार्टी में आते हैं, तब भी आपका डिप्टी बनने के लिए तैयार हूं। कांग्रेस नेता ने कहा, मैंने उसको कहा कि सिद्धू राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को वचनबद्ध है। यह मुमकिन नहीं है। अगर आप आना चाहते हैं छोटे भाई, तब वेलकम है। दिल्ली जाकर भाई से बात करो। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने पंजाब की आप सरकार के मुद्दे पर भी घेरा। उन्होंने कहा, वे विमान और महंगी गाड़ियों में चलते हैं, लेकिन कर्ज पंजाबियों को चुकाना पड़ता है। अटकलें हैं कि सिद्धू की भारतीय जनता पार्टी में वापसी हो सकती है।

### पूर्व विधायक नेशनल कांफ्रेंस में शामिल

श्रीनगर। पूर्व उपमुख्यमंत्री मुजफ्फर हुसैन बेग के भतीजे एवं पूर्व विधायक जावेद हुसैन बेग शुक्रवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) में शामिल हो गए। नेकां के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला व अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी का दामन थामा। जावेद बेग 2014 में पीडीपी की तरफ से बारामुला से पूर्व विधायक रहे हैं। 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद उन्हें केंद्र द्वारा कश्मीर में लाए गए विदेशी दूतों से मिलने के बाद पीडीपी ने निष्कासित कर दिया था। पीडीपी से अलग होने के बाद जावेद जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी में शामिल हुए। लेकिन हाल ही में उन्हें अपनी पार्टी से भी निष्कासित कर दिया गया था। 2020 के जिला विकास परिषद चुनावों में, वह पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकर डिक्लेरेशन (पीएजीडी) से चुनाव हार गए थे। उधर, मुज्जफर हुसैन बैग पीडीपी के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे हैं। गुरुवार को मुज्जफर श्रीगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सार्वजानिक रैली में शामिल रहे। इससे पहले 20 फरवरी को भी वह जम्मू में पीएम मोदी की रैली में भाग ले चुके हैं। मुजफ्फर बेग नाराज होकर पीएम के कार्यक्रम स्थल से चले गए मुजफ्फर बेग गुरुवार को प्रधानमंत्री की सार्वजनिक बैठक में शामिल होने वाले कई गैर-भाजपा राजनेताओं में से थे।

# चुनावी बॉन्ड : एसबीआई की अर्जी पर 11 मार्च को उच्चतम न्यायालय करेगा सुनवाई

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ राजनीतिक दलों द्वारा नकदी में परिवर्तित किये गए प्रत्येक चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने का अनुरोध करने वाली भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक अर्जी पर 11 मार्च को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया गया है। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि एसबीआई ने चुनावी बॉन्ड के जरिये राजनीतिक दलों को मिले चंदे का विवरण निर्वाचन आयोग को छह मार्च तक सौंपे जाने संबंधी शीर्ष अदालत के निर्देश की जानबूझकर अवज्ञा की। उच्चतम न्यायालय ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में, चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और पावती का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था। योजना को तुरंत बंद करने का आदेश देते हुए, शीर्ष अदालत ने योजना के तहत अधिकृत वित्तीय संस्थान एसबीआई को 12 अप्रैल, 2019 से उस दिन तक खरीदे गए चुनावी बॉन्ड का विवरण 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का निर्देश दिया था। साथ ही, आयोग को अपनी वेबसाइट पर 13 मार्च तक यह सूचना प्रकाशित करने को कहा था। एसबीआई ने 4 मार्च को, राजनीतिक दलों द्वारा भुनाये गए चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था। अपनी अर्जी में, एसबीआई ने दलील दी है कि प्रक्रिया को पूरा करने में समय लगेगा।



**यात्रा** | **पटोले ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा 12 मार्च को नंदुरबार से महाराष्ट्र में प्रवेश करेगी**

# कांग्रेस 17 मार्च को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समापन पर रैली से चुनावी बिगुल फूंकेगी: पटोले

प्रात: किरण/एजेंसी

मुंबई। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा 17 मार्च को मुंबई के शिवाजी पार्क में एक रैली के आयोजन के साथ समाप्त होगी। उन्होंने बृहस्पतिवार को कहा कि इस रैली में पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव के लिये चुनावी बिगुल फूंकेगी। पटोले ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा 12 मार्च को नंदुरबार से महाराष्ट्र में प्रवेश करेगी और इसकी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने कहा,न्याय यात्रा की समापन रैली 17 मार्च को मुंबई के शिवाजी पार्क में होगी। उन्होंने बताया कि रैली के लिए पार्टी को सारी अनुमति मिल गई है। पटोले ने कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) के नेता भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे, जिसमें कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार के नेतृत्व वाला राकांपा समूह शामिल हैं। उन्होंने कहा, हम (कांग्रेस) यहां से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए चुनावी बिगुल फूकेंगे। यात्रा से पहले कांग्रेस नेताओं ने बृहस्पतिवार को पार्टी के राज्य प्रभारी रमेश चेन्निथला की मौजूदगी में समीक्षा बैठक की थी। पटोले ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा, भाजपा अन्य दलों से नेताओं को चुरा रही है, क्योंकि उसके पास अपने स्वयं के सक्षम उम्मीदवार नहीं हैं। उन्होंने उम्मीदवारों की पहली सूची में नागपुर के रहने वाले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को शामिल नहीं करने पर भी सत्तारूढ़ दल पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, ऐसे राष्ट्रीय नेता (गडकरी) का नाम भाजपा की पहली सूची में होना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस के पास नागपुर के लिए एक सक्षम उम्मीदवार है, इसलिए इस बार पार्टी यहां (नागपुर) से जीतेगी।



# शिव ही अनंत हैं : कुमाऊं में भोलेनाथ के ये नौ मंदिर हैं बेहद खास, हर मनोकामना होती है पूरी

**नैनीताल , एजेंसी।**
पूरे कुमाऊं में शिव का वास है। पिथौरागढ़ जिले में आदि कैलाश है तो बागेश्वर में बागनाथ, अल्मोड़ा में जागेश्वर धाम। शिवरात्रि यानी भगवान भोले शंकर का दिन। शिव आदि हैं...अंत हैं...शिव ही अनंत हैं...समय ही काल है, शिव ही महाकाल हैं।

भगवान शंकर, जिन्होंने विश्व कल्याण के लिए कंठ में हला-हल धारण किया और नीलकंठ कहलाए। शिव यानी कल्याणकारी। भगवान शिव देवभूमि के कण-कण में विराजमान हैं। शिवभक्त कहते भी हैं कि जितने कंकर उतने शंकर। कुमाऊं में भोले बाबा का निवास स्थान आदि कैलाश भी है, जहां पार्वती सरोवर में शिव मंदिर में बाबा सपरिवार विराजमान हैं। बाबा का प्रसिद्ध धाम जागेश्वर भी कुमाऊं में है। पुराणों के अनुसार भगवान शिव और सप्तऋषियों ने यहां तपस्या की थी। शिव के इन्हीं प्रसिद्ध धामों को मानस माला प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है। आइए आपको इन शिवधामों से परिचित कराते हैं...



### आदि कैलाश

भगवान शिव के सबसे प्राचीन स्थल आदि कैलाश स्थित पार्वती सरोवर में शिव मंदिर भी है। इस मंदिर का निर्माण सबसे पहले कुटी गांव के लोगों ने वर्ष 1971 में किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 अक्तूबर को इस मंदिर में पूजा अर्चना की थी। 14422 फुट की ऊंचाई पर स्थित आदि कैलाश अद्भुत और अलौकिक है। मान्यता हैकि जब भगवान शिव माता पार्वती से विवाह करने के लिए जा रहे थे तब इस स्थान पर रुके थे। वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के बाद इस स्थान को अंतर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है।

### बागनाथ धाम

बागेश्वर के बागनाथ धाम को कुमाऊं के काशी के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर का इतिहास चंद शासनकाल से तो जुड़ा ही है। मंदिर से त्रेता युग के प्रसंग जुड़े हैं। कुमाऊं की काशी को सरकार ने मानसखंड मंदिर माला योजना में शामिल किया है। बागेश्वर के बागनाथ मंदिर को उत्तर भारत का एकमात्र दक्षिणमुखी प्राचीन शिव मंदिर माना जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार त्रेता युग में महर्षि वशिष्ठ कैलाश मानसरोवर से सरयू नदी को लेकर आ रहे थे। बागेश्वर में नीलेश्वर और भीलेश्वर पर्वत की तलहटी पर ब्रह्मकपाली के समीप मार्कंडेय ऋषि तपस्या कर रहे थे।

सरयू उक्त स्थान से आगे नहीं बढ़ी। चिंतित वशिष्ठ ऋषि ने भगवान शंकर की आराधना की। भगवान शंकर प्रसन्न हो गए और बाघ के रूप में और मां पार्वती गाय के रूप में धरती पर आईं। बाघ ने जैसे ही गाय पर हमला किया तो गाय रंभाई। गाय के रंभाने की आवाज सुनकर मार्कंडेय ऋषि की तपस्या भंग हो गई। भगवान शंकर और माता पार्वती अपने मूल स्वरूप में आ गए।

### जागेश्वर धाम

उत्तराखंड का पांचवां धाम ज्जागेश्वर धाम को उत्तराखंड के पांचवें धाम के रूप में जाना जाता है। बाबा जागनाथ का आशीर्वाद लेने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यहां आ चुके हैं, जिसके बाद यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में और वृद्धि हुई। पुराणों के अनुसार यह प्रथम मंदिर है जहां लिंग के रूप में शिवपूजन की परंपरा शुरू हुई। सावन और शिवरात्रि को यहां भक्तों की खासी भीड़ उमड़ती है। यहां स्थित ज्योतिर्लिंग को आठवां ज्योतिर्लिंग माना जाता है। इस धाम और दारुक वन का उल्लेख स्कंद पुराण, शिव पुराण और लिंग पुराण में भी है। जागेश्वर धाम में 125 मंदिरों का समूह है। मान्यता है कि भगवान राम के पुत्र लव और कुश ने यहां यज्ञ आयोजित कर देवी-देवताओं को आमंत्रित किया था। माना जाता है कि उन्होंने ही इन मंदिरों की स्थापना की थी।

### पाताल भुवनेश्वर -शिव समेत 33 कोटि देवी-देवताओं का इस गुफा में है वास

उत्तराखंड में कई ऐसी गुफाएं हैं, जो लोगों के लिए आज भी हैरानी का विषय बनी हुई हैं। इन्हीं में पिथौरागढ़ जिले की पाताल भुवनेश्वर गुफा भी शामिल है। इस गुफा का जिक्र पुराणों में भी है। पाताल भुवनेश्वर गुफा समुद्र तल से करीब 90 फीट गहरी है। यह गुफा प्रवेश द्वार से 160 मीटर लंबी है। कहा जाता है कि इस मंदिर में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास है। इस गुफा की ओर जाती हुई पतली सुरंग में अनेक चट्टानों के साथ ही विभिन्न भगवानों की जटिल छवियां बनी हैं। यहां पर नागों के राजा अधिशेष की कलाकृतियां भी देखने को मिलती हैं। इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि सूर्य वंश के राजा और त्रेता युग में अयोध्या पर शासन करने वाले राजा ऋतुपर्णा ने इस गुफा की खोज की थी। उन्हें यहां नागों के राजा अधिशेष मिले थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार, कलियुग में मंदिर की खोज जगद्गुरु आदि शंकराचार्य ने आठवीं शताब्दी में की थी, जहां उन्होंने यहां तांबे का शिवलिंग स्थापित किया था।

### पाताल रुद्रेश्वर -30 साल पहले खोजी गई थी गुफा

चंपावत जिले के वारसी गांव में पाताल रुद्रेश्वर गुफा का पता 30 साल पहले 1993 में चला था। जब एक स्थानीय युवक को स्वप्न में मिले आदेश के बाद उसने गुफा की खोज की और उसकी जानकारी अन्य ग्रामीणों को दी। इसके बाद गुफा मंदिर की ख्याति दिनोंदिन फैलती गई। मानसखंड माला मिशन में शामिल पाताल रुद्रेश्वर मंदिर और सरोवर गुफा के कायाकल्प के लिए शासन की ओर से 2.20 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गई है।

### सिद्धेश्वर

नीलियम कालोनी में 1990 के आसपास कालोनी काटी जा रही थी लेकिन प्लाट नहीं बिक रहे थे। तब दिल्ली निवासी एक प्लाट स्वामी हल्द्वानी पहुंचे और दंडी स्वामी शंकरानंद महाराज के पास। महाराज ने तब कहा कि कालोनी बना रहे हो लोग पूजा कहां करेंगे। उन्होंने मंदिर बनवाने के लिए कहा। 19 सितंबर 1994 को मंदिर का काम शुरु हुआ। मंदिर के सेवक धनंजय महाराज बताते हैं कि तकरीबन 10 साल में मंदिर का काम पूरा हुआ और 23 नवंबर 2004 में मंदिर भक्तों के लिए खुल गया। 1971 में नान्तिन महाराज के एक भक्त को बाबा ने हकीकत में मंदिर के दर्शन करा दिए थे। मंदिर निर्माण के बाद भक्त यहां आए तो अचरज में रह गए उन्होंने बताया कि इस मंदिर के दर्शन बाबा ने सपने में 30 वर्ष पहले ही करा दिए थे।

### बेलबाबा मंदिर

रामपुर रोड स्थित फुटकुंआ में प्रसिद्ध बेलबाबा मंदिर की भी कहानी है। कहा जाता है कि 1890 के आसपास जब रामपुर रोड का भी अस्तित्व नहीं था। तब इस क्षेत्र में घूमते-घूमते एक संत पहुंचे और बेल के पेड़ के नीचे उन्होंने तपस्या शुरू कर दी। उस समय लंबे समय से बारिश नहीं होने से अकाल की स्थिति बनी हुई थी। वरिष्ठ नागरिक और बेलबाबा मंदिर के सेवादारों के अनुसार लोगों ने संत से बारिश कराने और संकट से उबारने की प्रार्थना की। उसी रात अचानक तेज बारिश हुई 24 घंटे तक लगातार जारी रही। दूसरे दिन सुबह जब लोग संत को देखने पहुंचे तो तब तक संत उसी पेड़ के नीचे समाधिस्थ हो चुके थे। धीरे-धीरे आस्था बढ़ने लगी और बाद में यहां शिव और देवी मंदिर का निर्माण शुरू हुआ। संत के दिव्य चमत्कार सुनने के बाद यहां नान्तिन महाराज और दंडीश्वर शंकर गिरी महाराज भी आए। दंडीश्वर महाराज ने यहां शंकर और देवी मंदिर की स्थापना करवाई।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा सरकार में महिलाएं बन रही सशक्त और आत्मनिर्भर : प्रेमचंद

**ऋषिकेश, एजेंसी।** नारी शक्ति वंदन समारोह के समापन पर पीएम मोदी के भाषण का प्रत्येक मंडल में सीधा प्रसारण किया गया। वहीं कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने भी मायाकुंड स्थित लाल मंदिर और मालवीय नगर स्थित दुर्गा मंदिर में कार्यकर्ताओं के साथ पीएम का भाषण सुना। बुधवार को मायाकुंड स्थित लाल मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री अग्रवाल ने कहा कि पीएम मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर मातृ शक्तियों का सम्मान किया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को समर्पित उज्ज्वला, सुकन्या समृद्धि, मुद्रा लोन, ड्रोन दीदी, लखपति दीदी आदि अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिससे महिलाएं सशक्त व आत्मनिर्भर बन रही हैं। इस मौके पर महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, कविता शाह, दीपक धमीजा, सुमित पंवार, बृजेश शर्मा, जितेंद्र अग्रवाल, संजय व्यास, शिव कुमार गौतम आदि मौजूद रहे। वहीं मालवीय नगर स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भी मंत्री अग्रवाल ने पीएम का भाषण सुना। इस मौके पर राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, रविंद्र राणा, अनीता ममगाई, सुरेंद्र सिंह, तनु तेवतिया, अनीता प्रधान, रोमा सहगल, ममता नेगी आदि मौजूद रहे।

### राहुल नेगी को मिला बेस्ट एथलीट का खिताब

**ऋषिकेश, एजेंसी।** स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय (एसआरएचयू) के वार्षिक खेलकूद-2024 में 100 मीटर फर्राटा दौड़ में इंजीनियरिंग कॉलेज के राहुल नेगी व हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एचआईएमस) की मान्या सक्सेना ने गोल्ड मेडल जीता। कुलपति डॉ. राजेंद्र डोभाल व डॉ. विजेंद्र चौहान ने संयुक्त रूप से विजेता खिलाडियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। 200 मी. दौड़ में भी राहुल नेगी व मान्या सक्सेना ने गोल्ड मेडल जीता। लंबी कूद में राहुल नेगी, सिमरनजीत कौर ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। गोला फेंक में अभिषेक शर्मा, सिमरनजीत कौर जबकि चक्का फेंक में शांतनु व सिमरनजीत कौर ने प्रतियोगिता जीती। बैडमिंटन एकल बालिका व बालक वर्ग में सेजल सिंह व सुमित, डबल में सुमित व ऋषभ, सेजल व संस्कृति, अनन्या त्रिपाठी व नमन आर्य की जोड़ी ने बाजी मारी। टेबल टेनिस की विभिन्न वर्गों में निष्ठा सिंह, गौरी भाटिया, चिराग प्रताप, अंश कपूर ने गोल्ड मेडल हासिल किया। शतरंज में रोहित कैंतुरा, आशि गुप्ता, आदित्या कैंतुरा, सलोनी कृषाली, मोहम्मद मोइन, मोहम्मद अलीम, याशिका गुप्ता, प्रज्ञा बडोनी ने पहला स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल झटका। एचआईएमस को बेस्ट कॉलेज अवॉर्ड की ट्रॉफी दी गई। इस अवसर पर डॉ. विनीत महरोत्रा, डॉ विजेंद्र चौहान, कृष्णानंद उनियाल आदि मौजूद रहे।

### 'शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करता है योग'

**ऋषिकेश, एजेंसी।** संस्कार योग आश्रम तपोवन में दीक्षांत सनातन धर्म की शिक्षा पद्धति, भारतीय जीवन शैली परंपरा, योग विद्या को जीवन में अपनाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न देशों से आए साधकों को योग शिक्षा और सनातन धर्म की शिक्षा पद्धतियों की जानकारी दी गई। बुधवार को तुलसी मानस मंदिर के महंत रवि प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में योग मदद करता है। शरीर और मन को शांत करने के लिए शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है। यह तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायता करता है और आपको आराम से रहने में मदद करता है। योग आसन शक्ति, शरीर में लचीलेपन और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए जाना जाता है। महामंडलेश्वर महावीर दास, योगाचार्य डॉ. नवीन जोशी ने कहा योग से हमारे जीवन में फायदे ही फायदे हैं। योग से कई बीमारियों का इलाज संभव है। योग आसन, शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। योग तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायक है। कार्यक्रम में सभी साधकों को सम्मानित किया गया। साथ ही साधकों को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए गंगा की स्वच्छता अखंडता के लिए संकल्प दिलाया।

## बोर्ड परीक्षा देने गई छात्रा से दुष्कर्म, केस दर्ज

**काशीपुर, एजेंसी।** उत्तराखंड बोर्ड की 10वीं की परीक्षा देने गई छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी फरार बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार आईटीआई थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी चार मार्च को परीक्षा देने के लिए काशीपुर स्थित एक कॉलेज में गई थी लेकिन वह वहां नहीं पहुंची। स्कूल से उन्हें फोन कर बताया गया कि बेटी परीक्षा देने नहीं पहुंची है। उसे जल्दी भेज दीजिए। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की। इस बीच एक परिचित ने बताया कि कॉलेज के पास से अंकित नाम का युवक उसे अपने दोस्त के साथ बाइक पर बैठाकर ले गया है। इसके बाद युवक के घर फोन किया गया तो सकरात्मक जवाब नहीं मिला। कुछ घंटे बाद बेटी घर आ गई। उसने बताया कि आरोपी उसे एक कमरे में ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में उसे बाइक में बैठाकर रोडवेज स्टेशन छोड़ गए। उसकी अश्लील फोटो भी खींची गई। चेतावनी दी कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो उसकी फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर देगा। कोतवाली प्रभारी मनोज रतूड़ी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पॉक्सो सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## जोशीमठ पुनर्वास को लेकर इन बिंदुओं पर बनी सहमति

**चमोली, एजेंसी।**
जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति ने मुख्य सचिव व आपदा सचिव से देहरादून में मुलाकात की। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस मुलाकात में मुख्य सचिव व आपदा सचिव ने कुछ बिंदुओं पर सहमति जताई है।

आपदा प्रभावितों के पुनर्वास और विस्थापन को लेकर जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति की शासन स्तर पर हुई मुलाकात में कुछ बिंदुओं पर सहमति बनी है। समिति के पदाधिकारियों ने जोशीमठ पहुंचकर पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी।




जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल देहरादून में बदरीनाथ विधायक राजेंद्र भंडारी के नेतृत्व में मुख्य सचिव और आपदा प्रबंधन सचिव से मिला। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस मुलाकात में मुख्य सचिव व आपदा सचिव ने कुछ बिंदुओं पर सहमति जताई है। जिसमें हमने प्रभावितों को जोशीमठ के आसपास विस्थापित करने के लिए भूमि को लेकर सुझाव दिए।

मुख्य सचिव और सचिव ने शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिया।

## रात में अटक गई थी काउंटिंग, सुबह दोबारा हुई शुरू; रात भर डटे रहे अधिवक्ताओं के समर्थक

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
बार एसोसिएशन हल्द्वानी के चुनावों को लेकर गुरुवार रात असमंजस की स्थिति पैदा होने पर मतगणना का काम रोक दिया गया था। पुस्तकालयाध्यक्ष समेत चार सदस्यों के मत ही गिने जा सके थे। वहीं, शुक्रवार को दोबारा से मतगणना का दौर शुरू हो गया। शाम तक आधिकारिक तौर पर परिणाम जारी किया जाएगा।



हल्द्वानी बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर किशोर पंत और गोविंद बिष्ट के बीच सीधा मुकाबला है। उपाध्यक्ष के लिए धर्मेंद्र सोलंकी, सुनील सिंह पुंडीर, संजय कुमार, जितेंद्र सिंह बोरा व संजय कुमार मैदान में है। जबकि सचिव के लिए मोहन सिंह बिष्ट, संतोष कुमार नेगी, ललित मेर और जितेंद्र सिंह बिष्ट मैदान में उतरे हैं।

वहीं, महिला उपाध्यक्ष के लिए भगवती पलडिया और सुलक्षणा श्रीवास्तव में टक्कर थीं। संयुक्त सचिव के लिए योगेश कुमार लोहानी, विपिन कुमार और प्रदीप लोहनी ने पर्चा भर मुकाबले को त्रिकोणीय कर दिया।

## बैगुल नदी से सटे गांवों को बाढ़ से राहत दिलाने के लिए मुहिम शुरू, जिला विभाग ने सिंचाई विभाग को दिए ये निर्देश

**रुद्रपुर/नैनीताल, एजेंसी।**
उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर जिला प्रशासन ने सितारगंज के प्रभावित गांवों को बाढ़ से राहत देने के लिए मुहिम शुरू कर दी है। जिला प्रशासन ने सिंचाई विभाग को जल्द प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी उदयराज ने सिंचाई विभाग के विशेषज्ञों के साथ बैठक कर ये निर्देश जारी किए।



बैठक में सिंचाई विभाग के अभियंताओं ने बताया कि बैगुल नदी से सटे अरविंद नगर व झाड़ी नं-9 नदी तट से नीचे होने के चलते वर्षाकाल में आसपास के गांवों में बाढ़ का पानी भर जाता है। उन्होंने नदी का चैनलाइजेशन कर ऊंचे बंध बनाने का सुझाव दिया। इसके बाद डीएम ने जल भराव क्षेत्र का तकनीकी सर्वे कर बाढ़ सुरक्षा प्रस्ताव जल्द तैयार करने को कहा है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव को मंजूरी के लिए शासन को भेजा जाएगा।

बता दें कि बैठक में सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अलावा मुख्य विकासधिकारी मनीष कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागड़ी, उप जिलाधिकारी रवीन्द्र, अधीक्षण अभियंता सिंचाई पीके दीक्षित, अधिशासी अभियंता आन्नद सिंह नेगी एवं जिला अपादा प्रबंधन अधिकारी विनोद गुप्ता आदि मौजूद थे।

## हेली एंबुलेंस सेवा का ट्रायल सफल

**ऋषिकेश, एजेंसी।**
एम्स ऋषिकेश से हेली एंबुलेंस सेवा शुरू होने का इंतजार अब जल्द समाप्त होगा। हेली एंबुलेंस सेवा का सफल ट्रायल किया गया। लोक सभा चुनावों को देखते हुए उम्मीद जताई जा रही है एक माह के भीतर सेवा शुरू कर दी जाएगी।

20 सितंबर 2022 को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिल्ली में एक कार्यक्रम में एम्स में हेली एंबुलेंस के संचालन की घोषणा की थी। हेली एबुलेंस सेवा का संचालन केंद्र और उत्तराखंड सरकार की 50-50 फीसदी की साझेदारी में होना है। अनुबंधित कंपनी एक महीने में 45 घायलों और मरीजों को निशुल्क हेली एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराएगी। हेली एंबुलेंस पूरे उत्तराखंड के साथ उत्तरप्रदेश के 100 किमी के दायरे में सेवा मुहैया कराएगी।

हेली एंबुलेंस सेवा शुरू किए जाने के लिए बुधवार को दो बार सफल ट्रायल किया गया। मेरठ से असेंबल्ड हेली एंबुलेंस बुधवार करीब सवा एक बजे एम्स हेलीपैड पर लैंड हुई। इसके लिए यहां पूर्व से ही तैयारियां की गई थी। ट्रायल के लिए हेलीपैड पर एंबुलेंस भी तैनात थी। लैंडिंग व टेक ऑफ के साथ ही एंबुलेंस से मरीजों को ट्रॉमा तक ले जाने का ट्रायल किया गया।

एम्स प्रशासन का कहना है कि ट्रायल पूर्ण रूप से सफल रहा है। संभावना जताई जा रही है कि एक माह के भीतर हेली एंबुलेंस सेवा का उद्घाटन कर दिया जाएगा। ट्रायल के दौरान एम्स के उप निदेशक ले. कर्नल अमित परासर, हेली एंबुलेंस स्वास्थ्य सेवा के नोडल अधिकारी डॉ. मधुर उनियाल, पीआरओ संदीप कुमार, मुख्य सुरक्षा अधिकारी कमांडेंट अनिल चंद्र, प्रशासनिक अधिकारी गौरव बडोला के साथ ही डीजीसीए व संबंधित एजेंसी के अधिकारी मौजूद रहे।

### सही जवाब लिखने के बाद भी मिले कम नंबर

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय में आरटीआई के माध्यम से उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध कराने के नियम ने खुद विवि की लापरवाही को उजागर करने का काम किया है। तीन महीने के भीतर 60 से अधिक विद्यार्थियों ने आरटीआई के तहत विश्वविद्यालय से उत्तर पुस्तिकाओं की मांग की है। विशेषज्ञों को जांच में दो उत्तरपुस्तिकाओं में खामी मिली। सवालों के सही जवाब लिखने के बाद भी परीक्षाफल में विद्यार्थियों को कम नंबर दिए गए हैं। महाविद्यालय के विद्यार्थियों की अंकतालिका में विषयों के अंक नहीं जुड़ने और कम अंक मिलने की शिकायत पर उन्हें उत्तरपुस्तिका की प्रति और बी कॉपी देने का निर्णय लिया है।

## कोविड महामारी : हरिद्वार के तत्कालीन सीएमओ तलब, पूछा- क्यों न उन पर भारी अर्थदंड लगाया जाए

**नैनीताल, एजेंसी।**
उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने कोविड महामारी के दौरान सामने आए एक प्रकरण में सख्त रूख अख्तियार करते हुए हरिद्वार के तत्कालीन मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) को मंगलवार को अदालत में पेश होने के निर्देश दिए हैं।

अदालत ने सीएमओ से पूछा है कि क्यों न उन पर भारी अर्थदंड लगाया जाए। इस मामले को तेजल इंजीनियरिंग प्राइवेट लि. कंपनी की ओर से चुनौती दी गई है। साथ ही प्रकरण की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि कोविड-19 महामारी के दौरान हरिद्वार के तत्कालीन सीएमओ की ओर से वर्ष 2021 में बाबा बर्फानी अस्पताल में लिफ्ट की आपूर्ति और स्थापित करने के लिए उनकी कंपनी को कार्यादेश (वर्क आर्डर) जारी किया गया। जब उसने लिफ्ट की आपूर्ति कर दी तो सीएमओ कार्यालय ने वर्क आर्डर निरस्त कर दिया। इसके पश्चात सीएमओ ऑफिस ने अगस्त, 2022 में कुंभ मेला अस्पताल में लिफ्ट लगाने के पुनः आदेश जारी कर दिए।



वहीं कंपनी की ओर से जब कुंभ मेला अस्पताल में लिफ्ट लगाने के लिए सहमति दे दी तो नवम्बर, 2022 में सीएमओ कार्यालय ने फिर वर्क आर्डर निरस्त कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से निरस्तीकरण आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई। अदालत ने सुनवाई के दौरान सख्त टिप्पणी करते हुए तत्कालीन सीएमओ का अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने के निर्देश जारी कर दिए। साथ ही उनसे पूछा कि वह बताएं कि क्यों नहीं उन पर इस मामले में भारी जुर्माना लगाया जाए।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शनिवार, 09 मार्च, 2024

# आप का लोकसभा चुनाव कैंपेंन संसद में भी केजरीवाल तो दिल्ली होगी और खुशहाल लांच

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए संसद में भी केजरीवाल तो दिल्ली होगी और खुशहाल कैंपेन शुक्रवार को लांच कर दिया। आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान ने दिल्ली के चारों उम्मीदवारों के साथ यह कैंपेन लांच किया। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अभी आपका बेटा भाजपा, एलजी और केंद्र सरकार से अकेले लड़ रहा है। इस बार इंडिया गठबंधन को सातों सांसद देकर अपने बेटे को मजबूत करें। मैं दिल्लीवालों के लिए जो भी अच्छा काम करना जाता हूं, उसे ये लोग रोकते हैं। जब आपकी दवाई- पढ़ाई, बिजली-पानी रोकी जा रही थी, तब भाजपा के सातों सांसद आपको दुखी देखकर ताली बजा रहे थे। मैं इन लोगों से लड़-लड़कर आपकी मोहल्ला क्लीनिक, फरिश्ते स्कीम, मुफ्त बिजली को पास करकर लाया। अब मैंने महिलाओं को एक




हजार रुपए देने का एलान किया है। कोई सोच भी नहीं सकता था कि ऐसा हो सकता है। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव डॉ. संदीप पाठक, दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय, आम आदमी पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार महाबल मिश्रा, सोमनाथ भारती, सहीराम पहलवान, कुलदीप कुमार भी मौजूद रहे।

एक मामूली आदमी को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देने के लिए दिल्लीवालों का मैं हमेशा एहसानमंद रहूंगा- अरविंद केजरीवाल इस दौरान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने संसद में भी केजरीवाल, तभी दिल्ली होगी और खुशहाल कैंपेन लांच किया। आज से 12 साल पहले आम आदमी पार्टी बनी थी और लगभग 10-11 साल पहले दिल्ली के लोगों ने ढेर सारा प्यार देकर, विश्वास करके हम लोगों को भारी बहुमत देकर जीताया था और दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाई थी। हम बहुत छोटे और मामूली लोग हैं। फिर भी दिल्ली के लोगों ने बहुत प्यार और विश्वास

- आपका बेटा भाजपा, एलजी और केंद्र सरकार से अकेले लड़ रहा है, इस बार इंडिया गठबंधन को सातों सांसद देकर अपने बेटे को मजबूत करें- केजरीवाल

के साथ हमें इतनी बड़ी जिम्मेदारी दे दी। हमने हमेशा कहा है कि मैं दिल्लीवालों का हमेशा एहसानमंद रहूंगा कि इतने छोटे से आदमी को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देकर इतनी बड़ी कुर्सी पर बैठा दिया। सात जन्म तक भी दिल्लीवालों की सेवा करता रहूं तो उनके एहसान को नहीं चुका सकता हूं। मैंने कभी अपने आपको मुख्यमंत्री नहीं समझा। दिल्ली में दो से ढाई करोड़ लोग रहते हैं। मैंने दिल्ली के हर परिवार का बेटा बनकर और उनके परिवार हिस्सा बनकर उनकी मुश्किलें दूर करने की पूरी कोशिश की है। मैंने हर परिवार का सहारा बनने की कोशिश की है।

आज मैं दिल्लीवालों के लिए जो कुछ भी कर रहा हू, यह मेरा फर्ज है- अरविंद केजरीवाल सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में किसी भी परिवार में कोई बीमार होता है तो तकलीफ मेरे दिल में होती है। दो दिन पहले एक टीवी चैनल वाला एक बूढ़ी महिला से पूछ रहा था और वो बूढ़ी महिला कह रही थी कि केजरीवाल की वजह से मेरी जान बच गई। उस अम्मा ने बताया कि मेरी बाइपास सर्जरी हुई है। सर्जरी में 8 लाख रुपए का खर्चा था। मेरा बेटा 10 हजार रुपए महीना भी नहीं कमाता है। वो इलाज नहीं करा सकता था। केजरीवाल के अस्पताल में मेरा सारा इलाज मुफ्त हो गया और एक पैसा नहीं देना पड़ा। आज मैं जिंदा हूं तो केवल केजरीवाल की वजह से जिंदा हूं। मैं उस अम्मा से कहना चाहता हूं कि मां आपने हमें बहुत बड़ा आशीर्वाद दिया है। आज मैं जहां पर हूं, आपकी वजह से ही हूं। मैं आपलोगों के लिए जो कुछ भी कर रहा हूं, यह मेरा फर्ज है। हर दिल्लीवाले के परिवार को किस तरह से मदद करूं, उनकी मुश्किलों को किस तरह दूर करूं, यही मेरी कोशिश रहती है।

मेरी कोशिश है कि जैसी अच्छी शिक्षा मेरे बच्चों को मिली, वैसी ही शिक्षा मुफ्त में हर बच्चे को मिले- अरविंद केजरीवाल सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मेरी कोशिश है कि जैसी अच्छी शिक्षा मेरे बच्चों को मिली है, वैसी ही शिक्षा मुफ्त में दिल्ली और देश के हर बच्चे को मिले। इस देश में मेरे बच्चों को अच्छी शिक्षा दी। मुझे भगवान ने बहुत कुछ दिया है। जब मैं बीमार होता हूं और जैसा इलाज मुझे मिलता है, वैसा ही इलाज दिल्ली के हर गरीब से गरीब आदमी को भी मिलना चाहिए। पैसे की कमी की वजह से कोई इलाज से वंचित नहीं रहना चाहिए। आज पूरे देश में केवल दिल्ली और पंजाब में 24 घंटे बिजली मिलती है। इसके अलावा देश के किसी भी राज्य में 24 घंटे बिजली नहीं आती है। वहां लंबे-लंबे पावर कट लगते हैं, इंडस्ट्री को बिजली नहीं मिलती है। पूरे देश में केवल दिल्ली और पंजाब में जनता को फ्री बिजली मिलती है। बाकी राज्यों में बहुत महंगी बिजली मिलती है। कई लोगों की पूरी तनख्वाह ही बिजली के बिल जमा करने में खर्च हो जाती है। हमारे कार्यकर्ता कैंपेन का पर्चा दिल्ली में घर-घर बांटने जाएंगे। इस पैर्चे में वो सारे काम लिखे हुए हैं, जो हमने किया है।

जब एमसीडी में भाजपा की सरकार थी, तब उसने सरकारी मोहल्ला क्लीनिक पर बुलडोजर चलवा दिया- अरविंद केजरीवाल सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा वाले, एलजी साहब और केंद्र सरकार हमारे सारे काम रोकने की कोशिश करते हैं। मैं दिल्ली की जनता के लिए जो भी अच्छा काम करने की कोशिश करता हूं, ये लोग हर काम रोकने की कोशिश क्यों करते हैं? क्योंकि ये लोग दिल्ली के दो करोड़ लोगों से नफरत करते हैं। ये लोग इसलिए नफरत करते हैं, क्योंकि दिल्लीवालों ने इतनी जुर्रत की कि एक मामूली आदमी को लगातार तीन बार दिल्ली का मुख्यमंत्री बना दिया। यही दिल्लीवालों का कसूर है। इसलिए भाजपा वाले, एलजी साहब और केंद्र सरकार दिल्लीवालों से नफरत करते हैं। ये लोग दिल्ली की जनता से बदला ले रहे हैं। छह-सात साल पहले जब मैं मोहल्ला क्लीनिक बना रहा था, तब एमसीडी के अंदर भाजपा की सरकार थी। एमसीडी में सरकार चला रही भाजपा ने बुल्डोजर भेजकर दिल्ली सरकार के सरकारी मोहल्ला क्लीनिक को तोड़ दिए। इतने गंदे लोग कौन हो सकते हैं? इन लोगों ने मोहल्ला क्लीनिक की बिजली काट दी, दवाइयां, टेस्ट और किराया रोक दिया- अरविंद केजरीवाल

सीएम ने कहा कि फोर्ब्स मैगजीन ने 2021 में कहा है कि पूरी दुनिया के अंदर सबसे ज्यादा सीसीटीवी कैमरे का घनत्व दिल्ली के अंदर है। आज दिल्लीवालों को इसका फक्र है। हमने केवल पांच साल में दिल्ली में सबसे ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। लेकिन जब मैंने सीसीटीवी कैमरे लगाने चालू किए, तो एलजी साहब ने इसकी फाइल रोक दी। एलजी साहब ने मुझे सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाने दिए। मैं, गोपाल राय, सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया एलजी साहब के घर के अंदर 10 दिन तक धरना दिया था। तब उन्होंने सीसीटीवी कैमरे लगाने की फाइल को मंजूरी दी थी।

## संक्षिप्त खबरें

### भजन संध्या का हुआ आयोजन

नई दिल्ली। महाशिव रात्रि पर लव कुश की भजनों से भरी शाम। आज भोले बाबा के महा शिव रात्रि पर्व की शाम चांदनी चौक के ऐतिहासिक गौरी शंकर मंदिर के खचाखच भरे हाल में मंदिर कमेटी और लव कुश रामलीला कमेटी के प्रेसीडेंट अर्जुन कुमार और मंदिर कमेटी के सचिव सुभाष गुप्ता और अन्य पदाधिकारियों के सहयोग से आयोजित भोले के भजनों की शाम से सारा माहौल शिवमय गया। मंदिर के विशाल प्रांगण में छोटे बच्चो से लेकर बुजुर्ग सभी भोले के भजनों से झुमते नजर आए, शिवजी दीवाने चले, चलो भोले बाबा के द्वारे, भोले अपनी शरण में लो, सुबह सुबह लो शिव का नाम आदि दर्जनों शिव भजनों को दिल्ली, मुंबई से आए सिंगर्स ने अपनी सुरीली आवाज से सभी शिवजी के दीवानों को झूमने पर मजबूर कर दिया लव कुश के अर्जुन कुमार के अनुसार सभी भक्तों को संगीत संध्या समाप्त होने के बाद फलों का प्रसाद वितरित किया गया।

### पुष्प विहार में आप लोस प्रत्याशी विधायक सही राम पहलवान का भव्य स्वागत

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के दक्षिणी दिल्ली के सांसद प्रत्याशी विधायक सही राम पहलवान का पुष्प विहार के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता नेता आप अनिल गुप्ता के कार्यालय में भव्य स्वागत हुआ। आप आदमी पार्टी ने दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के साथ समझोता कर चार सीट पर आप चुनाव लड़ रही है पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक मान्य मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने सभी प्रत्याशियों के नामों की घोषणा भी कर दी जिसमे दक्षिणी दिल्ली से तुगलकाबाद से विधायक साही राम पहलवान को लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी घोषित किया है, उनका लगातार पूरे क्षेत्र मे भव्य स्वागत हो रहा है वही भाजपा भगाओ देश बचाओ का नारा भी लगाया जा रहा है। इस मौके पर वरिष्ट समाज सेवी नेता आप अनिल गुप्ता के कार्यालय में उनके पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया, उन्होंने कहा कि देश को बचाने के लिए विंघटन कारी शक्तियों से मजबूत होकर लड़ना होगा।अनिल गुप्ता ने सही राम पहलवान जी को हर तरह से भरपूर समर्थन देने का आश्वासन दिया। सही राम पहलवान ने कहा की जिस तरह से भाजपा के वर्तमान सांसदो से जनता में नाराजगी है, उनके कार्यकर्ताओ में विद्रोह हो रहा है, उसका फायदा दिल्ली में आप और कांग्रेस को मिलेगा दिल्ली में भी इसबार भाजपा साफ होगी।इस मौके पर कई कार्यकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता और भारी संख्या में आम जन समूह उपस्थित रहा।

# शादी में पहुंची दूल्हे की गर्लफ्रेंड तो मच गया बवाल, दुल्हन ने शादी से किया इनकार; बेरंग लौटी बरात

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

- सगाई से पहले रिश्ता पक्का करने के दौरान वर पक्ष की ओर से लेन देन की कोई बात नहीं हुई थी।

नारनौल। सिंघाना रोड स्थित एक मैरिज पैलेस में बृहस्पतिवार को शादी में दूल्हा व दुल्हन के बीच हुए आपसी विवाद हो गया, जिसके चलते दुल्हन ने शादी करने से मना कर दिया और बरात बेरंग वापस लौट गई। बरात चरखी दादरी के सैनीपुरा मोहल्ले से आई थी। इस तरह बिना दुल्हन के बरात वापस लौटने की चचाएं शहर में हो रही हैं। इससे पहले भी हाल ही में निजामपुर क्षेत्र में भी ऐसा ही एक मामला सामने आ चुका है और ये दूसरी घटना है।

वरमाला के दौरान हुआ खुलासा

शुक्रवार को बरात मैरिज गार्डन पहुंची। इस दौरान काली साड़ी में एक लड़की दूल्हे के पास ही मंडराती नजर आई। पूछने पर दूल्हा पक्ष ने कहा कि उनकी मुंह बोली बेटी है। जब वरमाला हो रही थी, उस दौरान काली साड़ी पहने हुए लड़की की आंखों में आंसू आ रहे थे व लड़के की आंख भी नम थी। तब दुल्हन को कुछ शक हुआ और उसने उस लड़की के बारे में पूछा तो लड़के ने उसे बताया कि वह उसकी बहन है। इसी दौरान दुल्हन के बुआ के लड़के ने ऐसा कुछ संदिग्ध देखा था, जिसके बारे में उसने दुल्हन की मां को सब कुछ बता दिया। तब कहीं जाकर सामने आया कि वो लड़की दूल्हे की गर्लफ्रेंड है। ऐसे में विवाद बढ़ गया और लड़की ने शादी से इनकार कर



दिया। दुल्हन ने शादी से किया इनकार

सुनने में आ रहा है कि जब दुल्हन ने शादी करने से इनकार कर दिया तो उस लड़की ने दूल्हे से कहा कि छोड़ दे इसको वह उससे शादी करेगी। बताया जा रहा हे कि वो लड़की पेशे से डॉक्टर है और दूल्हे के माता-पिता को उनके बारे में सब पहले से ही पता था। ऐसे में दूल्हे के दादा ने माफी मांगते हुए मामले को शांत कराया और शादी समारोह में जो भी वधू पक्ष की ओर से खर्चा हुआ है, उसे वापस लौटाने की बात की। इस पर दोनों पक्षों में 25 लाख रुपयों में सहमति बनी।

सिंघाना रोड पर मोती नगर के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी बेटी का रिशता दादरी के रहने वाले अभिषेक से करीब आठ माह पूर्व किया था। अभिषेक मूल रूप से जिले के झगड़ोली गांव के रहने वाले हैं और कई साल पहले यहां से शिफ्ट कर दादरी में रहने लग गए थे। फिलहाल अपने परिवार सहित अब गुरुग्राम में रह रहे हैं और वहां पर उनकी आभूषण की दुकान है। नारनौल में दूल्हा पक्ष की रिश्तेदारी दुल्हन के पिता ने बताया कि दुल्हे के दादा का ससुराल यहीं नारनौल में है और इसके अलावा उनके परिवार की और भी रिश्तेदारी यहां पर है। बिचौलिया जब उनके पास रिश्ता लेकर आया तो उन्होंने बगैर किसी जांच पड़ताल के अपनी बेटी की सगाई अगस्त माह में अभिषेक से कर दी। हालांकि बिचौलिया अब इस दुनिया में नहीं है। सगाई में दिए 11 लाख नकद व जेवर लड़की के पिता ने बताया कि सगाई समारोह में उन्होंने वर पक्ष के लोगों को 11 लाख नकद, जेवर व सभी का मान सम्मान अच्छे से किया था। सगाई से पहले रिश्ता पक्का करने के दौरान वर पक्ष की ओर से लेन देन की कोई बात नहीं हुई थी। उसके बाद लड़का व लड़की में फोन पर आपस में बात शुरू होने लगी तो सगाई से पहले लड़के ने अपनी मंगेतर से दो लाख की घड़ी सगाई में देने की बात कही। लड़की ने ये बात अपने पिता को बताई। इस पर सगाई में उन्होंने लड़के के लिए 20 हजार की घड़ी उपहार स्वरूप दे दी। इसके बाद लड़के ने लड़की को ताना देते हुए कहा कि ये भी कोई घड़ी है। बावजूद इसके लड़की के पिता ने सब नजर अंदाज कर दिया।

# बेटे की शादी की चल रही थी तैयारी, चंद घंटे पहले पिता ने मार डाला

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

देवली एक्सटेंशन स्थित राजू पार्क के पास एक घर में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। शादी से ठीक एक दिन पहले ही युवक की धारदार हथियार से हमला करके हत्या कर दी गई। शादी की तैयारियों, ढोल और नाच गानों की आवाज में किसी को वारदात के बारे में पता नहीं चला सका। पिता ने बेटे को क्यों मारा पुलिस सूत्रों ने बताया कि युवक को किसी और ने नहीं, बल्कि उसके पिता रंगलाल ने ही अपने दोस्तों के साथ मिलकर शादी से एक दिन पहले मार डाला। जांच में पता चला कि मृतक गौरव व उसके पिता के बीच विवाद रहता था। काफी समय से पहले गौरव ने पिता को थप्पड़ मार दिया था, इसके बाद दोनों के बीच बातचीच बंद हो गई। रंगलाल तभी से अपने बेटे से काफी परेशान था। इसलिए उसने बेटे को शादी से एक दिन पहले दूसरे मकान में बुलाकर दोस्तों के साथ मिलकर मार डाला। फिलहाल पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि आरोपियों ने धारदार हथियार से गौरव के चेहरे और छाती पर करीब 15 वार किए। स्वजन से पूछताछ की तो बताया कि रात दस बजे कुछ युवक गौरव को घर से बुलाकर उनके दूसरे मकान में ले गए थे। 7 मार्च को जानी थी बरात उसके बाद युवकों ने गौरव की कैंची व चाकुओं से हमला कर हत्या



कर दी और फरार हो गए। जब गौरव काफी देर तक घर नहीं आए, तो दूसरे मकान में जाकर देखा। स्वजन खून से लथपथ गौरव को मैक्स अस्पताल लेकर गए, यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ध्यान देने वाली बात है कि गौरव सिंघल की बृहस्पतिवार 7 मार्च को दिल्ली के ककरौला गांव में बरात जानी थी और इसकी स्वजन तैयारी कर रहे थे। शादी की खुशियां मातम में बदलीं बुधवार की रात शादी की खुशी में घर में संगीत भी बज रहा था। युवक की हत्या के बाद देवली व ककरौला गांव में कोहराम मच गया। गौरव की हत्या के बाद से घर में शादी की खुशियां मातम में बदल गई हैं। मृतक गौरव घर के पास ही जिम चलाता था। वह चार साल से अधिक समय से जिम का संचालन कर रहे था। गौरव के परिवार में माता-पिता और एक छोटा भाई है, जो पढ़ाई कर रहा है। पुलिस वारदात में शामिल अन्य आरोपियों को गिरफ्तार आज गिरफ्तार कर सकती है।

# मुझे खा जाओगे क्या, सीट को लेकर हुए विवाद में बुजुर्ग से भिड़ा शख्स

- वहीं युवक इसकी शिकायत अधिकारियों से करने की बात कहता है।

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली मेट्रो में आए दिन किसी-न-किसी बात को लेकर विवाद होता रहता है। अमूमन सीट को लेकर ही बड़ा विवाद उत्पन्न होता है। कई बार महिलाओं के बीच तो कई बार युवकों को झगड़ते देखा जा रहा है। इस बार भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें दो शख्स को भिड़ते देखा जा रहा है। दोनों बैठने की तरीके को लेकर आपस में लड़ रहे हैं। घर का क्लेश नाम से सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया गया है, जिसे दिल्ली मेट्रो का बताया जा रहा है। इस वीडियो में सीट को लेकर दो शख्स उलझते दिख रहे हैं। एक शख्स थोड़ा बुजुर्ग दिख रहे हैं जबकि दूसरा नवयुवक है। वीडियो के मुताबिक दोनों बैठने के तरीके को लेकर भिड़े हुए हैं। बुजुर्ग कहता है कि वह उसे खा जाएगा क्या? मेरे सिर पर बैठोगे क्या? वहीं युवक इसकी शिकायत अधिकारियों से करने की बात कहता है। इस पर बुजुर्ग कहते हैं कि हां चलो, मैं भी चलता हूं तुम्हारे साथ। लेकिन इसके थोड़े ही देर बाद दोनों शांत हो जाते हैं।



यूजर्स ने कहा- क्लेश मेट्रो नाम रख दो वहीं इस घटना को एक शख्स ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया। वहीं आसपास के लोग भी घटना को देखकर अजीब मुंह बनाते रहे। सोशल मीडिया पर इस वीडियो पर काफी कमेंट आ रहे हैं। कई यूजर्स ने दिल्ली मेट्रो का नाम बदलकर क्लेश मेट्रो करने की बात कही है। वहीं एक यूजर ने लिखा कि नौजवान को एक बुजुर्ग से किस तरह बात करनी है, उसे नहीं पता। मेट्रो प्रशासन ने दी थी चेतावनी बता दें, मेट्रो प्रशासन ने ट्रेन के अंदर इस तरह की गतिविधियों को लेकर समय-समय पर आगाह करती रही है। दिल्ली मेट्रो प्रमुख ने कहा था कि अगर कोई भी यात्री मेट्रो या मेट्रो परिसर में आपत्तिजनक हरकतें करते देखे जाते हैं तो इसकी सूचना सुरक्षाकर्मियों को दें। किसी भी तरह की हरकतों से यात्रियों को कई परेशानियां का सामना करना पड़ता है।

# बिन बारिश, सड़क पर पानी-पानी, गिरने का रहता खतरा

- कोटला विहार के साथ पानी से जगह-जगह टूट रही सड़क
- साइकिल, स्कूटी, बाइक सवार को हो रही है दिक्कत
- रात के अंधेरे में गुजरने वालों को रहता है गिरने का डर

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी विधानसभा के अंतर्गत कोटला विहार के पास राजीव रतन आवास कैंपस के साथ वाली सड़क पर बिन बारिश पानी भरना आम बात है। जिसकी वजह से यहां एक तरफ तो हाल में बनाई गई सड़क धीरे-धीरे टूटकर डैमेज होने लगी है। तो वहीं दूसरी तरफ यहां पर लोगों के गिरने का भी खतरा बन रहा है। क्योंकि पानी भरने से नीचे जगह-जगह से टूट रही सड़क पर टू व्हीलर सवार को फिसलने का डर बना रहता है। एक दो बार साइकिल सवार यहां पर गिर भी चुके हैं। यहां सड़क पर साथ में बने गड्ढे में भरा हुआ पानी ओवर फ्लो होकर पहुंच रहा है। जिसकी निकासी का कोई साधन नहीं है। यहां से होकर गुजरने वाले शख्स हर्षित कुमार ने बताया कि नागलोई - नजफगढ़ रोड को नाला रोड से जोड़ने वाली इस सड़क को कुछ समय पहले



ही बनाया गया था। लेकिन यहां पर लगातार पानी के भरे रहने से दिन में तो यहां से होकर गुजरने वाले लोगों को पता चल जाता है। रात में उन्हें पता नही सीजीएल पता है, जिससे अनबेलेंस होकर गिर जाते हैं। जो बाइक या स्कूटी सवार यहां से गुजरते हैं, तो उन्हें अचानक सामने सड़क पर पानी भरा हुआ नजर आता है। वह अपने टू व्हीलर को तुरंत रोकने की कोशिश करते हैं। जिस चक्कर में वह स्लिप हो जाते हैं। चूंकि पानी लगातार भरे रहने से कई जमा हो रहा है, इससे फिसलन बढ़ गई है। इस सड़क से होकर रोजाना सैकड़ो की संख्या में लोग गुजरते हैं, क्योंकि यह दोनों मेन रोड को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता है। स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो अच्छी खासी सड़क टूटकर बर्बाद हो जाएगी। फिर से यहां पर वही स्थिति हो जाएगी।

# साउथ वेस्ट साइबर सेल थाना का खुलासा

- आरटीओ कलीरियंस दिलवाने के नाम पर देता था धोखा
- कई राज्यों के लोगो ने करवाई इसकी पुलिस शिकायत
- दिल्ली की साईबर सेल पुलिस ने किया यूपी से गिरफ्तार
- आरोपी टइअ डिग्री धारी, कई वेब पेज बना रखा है

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के साइबर थाना की पुलिस टीम ने भोले भाले लोगों को आरटीओ कंसलटेंसी बनकर जीएसटी फाइल करने और रिटर्न करने के नाम पर चीटिंग करने वाले मास्टर माइंड को गिरफ्तार किया है। इसके बारे में अलग-अलग राज्यों के रहने वाले लोगों ने टलअ पोर्टल पर भी शिकायत कर रखी है। पुलिस के अनुसार इस मामले में संजय नागपाल को गिरफ्तार किया है, जो कीर्ति नगर का रहने वाला है और इसका दूसरा ठिकाना ग्रेटर कैलाश भी है। इसके पास से दो मोबाइल भी बरामद किए गए हैं।

डीसीपी साउथ वेस्ट रोहित मीणा ने बताया कि पिछले साल 20 जुलाई को पिछले साल साइबर थाना में चीटिंग के बारे में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनका कमर्शियल गाड़ी का आरटीओ ऑफिस से क्लीरियेंस करवाना था। उसी के लिए उन्होंने जस्ट डायल से इस तरह के काम करने वाले



कंसल्टेंसी के बारे में नंबर मंगवाया। डिटेल मिलने के बाद पीड़ित ने सभी डॉक्यूमेंट दिए और एडवांस पेमेंट भी किया। लेकिन उसके बाद कोई रिस्पांस नहीं मिला और जिस नंबर से बात की थी, वह भी बंद कर दिया। फिर इस मामले की शिकायत पीड़ित ने पुलिस में की। एसीपी ऑपरेशन देवेंद्र कुमार सिंह की देखरेख में एसएचओ विकास कुमार बुलडक की टीम ने छानबीन शुरू की। जिस अकाउंट में उन्होंने अमाउंट ट्रांसफर किया था उसकी छानबीन की गई। तो वह संजय नागपाल नाम के शख्स का निकला। जिसका पता ग्रेटर कैलाश आ रहा था। उस अकाउंट नंबर में दर्ज मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस टीम पता लगाना शुरू किया वह गाजियाबाद में ट्रैक किया गया। उसके बाद पुलिस टीम ने फिर आरोपी के सही लोकेशन का पता लगाना शुरू किया और जब सही जानकारी मिल गई उसके बाद पुलिस टीम ने वहां पर छापा मारकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

उससे पूछताछ की गई तो जांच में पता चला कि इस तरह के और भी कई शिकायत अलग-अलग राज्यों के रहने वाले लोगों ने कर रखी है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी संजय नागपाल ने बताया कि उसने 2 साल पहले एक कंपनी की क्रिएट किया था जिसके नाम पर वह लोगों को लीगल और कंसल्टेंसी सर्विस उपलब्ध कराता था। पिछले साल फरवरी में ढाई लाख रुपये उसने एक शख्स से लिया, जो राजस्थान के रहने वाला था। उसकी गाड़ी को आरटीओ से क्लीयरेंस करवाना था, लेकिन उसे भी इसने धोखा दिया। उस शख्स ने राजस्थान के भरतपुर में इसकी शिकायत दर्ज कराई और उस मामले में राजस्थान पुलिस ने इसे गिरफ्तार भी किया था।

उसके बाद इसने जून 2023 में दूसरी कंपनी बनाई और जस्ट डायल पर अपना एडवर्टाइजमेंट डालकर लोगों को संपर्क करने लगा। उन्हें लीगल सर्विस और कंसल्टेंसी प्रोवाइड करने के नाम पर टारगेट करने लगा। उनसे एडवांस पेमेंट लेता था और उसके बाद वह फिर उनका नंबर ब्लॉक कर देता था। गिरफ्तार आरोपी एमबीए की पढ़ाई कर चुका है। यह अलग-अलग फॉर्म के नाम से वेब पेज भी बना रखा है, जो आरटीओ क्लीयरेंस का काम करने का झांसा देता है। जिसमें इंश्योरेंस और ऑनलाइन सर्विस भी शामिल है।

# द्वारका स्पेशल स्टाफ और एएटीएस की ज्वाइंट टीम ने किया खुलासा

## मोहन गार्डन में ज्वेलर्स से लूटकांड का किया खुलासा




- फायरिंग करके 48 लाख की हुई थी लूट
- 11 लाख की ज्वैलरी, 2.12 लाख कैश बरामद

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

द्वारका जिला के मोहन गार्डन थाना इलाके में सरेआम फायरिंग करके एक ज्वेलर्स के मालिक से तकरीबन 48 लख रुपए के गोल्ड और कैश जो लूट के सनसनीखेज मामले का खुलासा द्वारका जिला के स्पेशल स्टाफ और एएटीएस की ज्वाइंट टीम ने कर लिया है। इस मामले में उत्तराखंड, यूपी और दिल्ली के रहने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से लगभग 11 लाख का गोल्ड, 2 लाख से ज्यादा कैश, दो मोबाइल वारदात में इस्तेमाल बाइक, पिस्टल, 10 कारतूस आदि बरामद किया है। यह सनसनीखेज वारदात 19 फरवरी को हुई थी। जिसमें विष्णु गार्डन इलाके में ज्वेलरी शॉप चलाने वाले राजेश के साथ मोहन गार्डन इलाके में वारदात की गई थी। क्योंकि वह इसी इलाके में परिवार के साथ रहते हैं। जब शॉप बंद करके वापस अपने घर आ रहे थे। पार्किंग में स्कूटी लगाने के दौरान घात लगाए बदमाशों ने उनके साथ वारदात को अंजाम दिया था। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद सदीक, तस्लीम, धर्मवीर और हरमीत के रूप में हुई है। सादिक और तस्लीम दिल्ली के भलस्वा डेयरी के रहने वाले हैं। आरोपी धर्मवीर हरिद्वार का रहने वाला है और हरमीत मेरठ का इस मामले में एक और आरोपी की अभी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार एसीपी ऑपरेशन राम अवतार की देखरेख में इंस्पेक्टर कमलेश कुमार, एसआई धनंजय, दिनेश कुमार, हेड कांस्टेबल संदीप, मनोज, जयराम, राजेश, इंद्र, जगत, मनोज, हेमचंद, राजकुमार और कांस्टेबल रवि की टीम ने लगातार सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से इस मामले का पता लगाती रही और सबसे पहले इसमें शादी और तस्लीम को पकड़ा गया। उसके बाद उसके निशानदेही पर धर्मवीर को गिरफ्तार किया गया और फिर हरमीत को मेरठ से पकड़ा गया। इन लोगों से पूछताछ में पता चला की शादिक और धर्मवीर जब हल्द्वानी जेल में लूट के मामले में बंद हुआ था। तभी इन लोगों की जेल में दोस्ती हुई और इन्हीं लोगों ने बड़ी वारदात करने का प्लान दिल्ली में बनाया। जेल से जब बेल पर रिलीज होकर बाहर आए तो फिर इन्होंने अपने और साथियों तस्लीम के साथ मिलकर बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया और बाद में लूट गए कैश का खर्च जुआ में और शॉपिंग में किया। राजू नाम के एक साथी के जरिए मेरठ में हरमीत के पास ज्वेलरी को बेच दिया। अब इस मामले में पुलिस राजू की तलाश कर रही है।

# मैदानगढ़ी में ड्राइवर से किया स्नेचिंग दो गिरफ्तार



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

मैदानगढ़ी थाना की पुलिस टीम ने एक ड्राइवर के साथ स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान विक्रम उर्फ संजय और अनिल के रूप में हुई है। उसके पास से पर्स और अन्य डॉक्यूमेंट बरामद किए गए। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया की 29 फरवरी को वारदात को अंजाम दिया गया था। इस मामले में मैदान गढ़ी थाना के भाटी माइंस चौकी के इंचार्ज ललित जाखर की पुलिस टीम ने दो दर्जन से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज चेक करने के बाद ड्राइवर से स्नैचिंग की वारदात करने वाले दोनो आरोपी को गिरफ्तार किया है। फिर इनके पास से पर्स और महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट बरामद किए गए हैं।

# घरों के लॉक तोड़कर चुराता व्हिस्की, कैश और मोबाइल

- किशनगढ़ पुलिस ने सेंधमार को किया गिरफ्तार

किशनगढ़ थाना की पुलिस टीम ने घरों के लॉक तोड़कर कैश, शराब की बोतल, मोबाइल आदि चुराने वाले एक सेंधमार को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके एक नाबालिक साथी को भी पकड़ा है। इनके पास से हाउस ब्रेकिंग औजार, लोहे का रॉड, मोबाइल, पर्स, कैश आदि बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जितेंद्र सिंह और विवेक के रूप में हुई है। यह मुनिरका गांव का रहने वाला है। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि 5 मार्च को एक ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई गई थी। जिसमें बताया गया कि एक घर से 10 बोतल व्हिस्की, कैश इत्यादि चोरी कर लिया गया है। उसी दिन एक और ऑनलाइन शिकायत दर्ज की गई। जिसमें एक शख्स ने बताया कि उसके घर से मोबाइल, पर्स, कैश आदि चोरी कर लिए गए हैं। इन दोनों मामलों की छानबीन कर रही पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से सेंधमारों के बारे में पता लगाना शुरू किया और जांच करते हुए पुलिस टीम दो आरोपियों तक पहुंचने में कामयाब हुई। ये मुनिरका गांव के ही रहने वाले निकले। इसमें से एक नाबालिक निकाला, जबकि दूसरे की पहचान नाबालिक के रूप में हुई। इनके पास से फिर घरों के लॉक तोड़ने वाले औजार, लोहे के रोड, कैश, मोबाइल आदि बरामद किए गए। आगे की कार्रवाई पुलिस कर रही है।

सम्पादकीय

## सवालों के घेरे में

भारतीय स्टेट बैंक ने इलेक्ट्रॉल बॉन्ड संबंधी याचिका देकर सुप्रीम कोर्ट के सामने भी अग्निपरीक्षा जैसी स्थिति खड़ी कर दी है। कोर्ट के सामने अब अपने निर्णय की प्रभावशीलता के साथ-साथ अपनी साख की रक्षा करने की भी चुनौती है। भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट से इलेक्ट्रॉल बॉन्ड संबंधी सूचना देने की समय सीमा बढ़ाने की गुजारिश की है। उचित ही इस पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। सवाल सीधे केंद्र सरकार की मंशा पर हैं। यह मानने का तो कोई आधार नहीं है कि याचिका देने का फैसला स्टेट बैंक ने स्वायत्त रूप से और व्यावहारिक कारणों से लिया। इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स संबंधी मामले पर सुनवाई के दौरान खुद स्टेट बैंक ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया था कि चंदादाताओं का विवरण सील किए लिफाफे में स्टेट बैंक की तयशुदा शाखाओं में रखा गया है।उसने बताया था कि जब इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स को भुनाया जाएगा, तब उनका पे-इन स्लिप भी सील्ड कवर में रखा जाएगा और उसे स्टेट बैंक की मुंबई शाखा को भेज दिया जाएगा। इसलिए यह तर्क नहीं टिकता कि स्टेट बैंक को चंदादाताओं की सूची तैयार करने और उसका मिलान करने के लिए और तीन महीने और चाहिए। आम समझ है कि यह ब्योरा पेश करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने बैंक को पर्याप्त समय दिया है।मुद्दा इसलिए गरमा गया है, क्योंकि स्टेट बैंक ने यह सूचना देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा है। उसके पहले देश में आम चुनाव निपट चुका होगा। जबकि कोर्ट की तरफ से दी गई समयसीमा यानी इसी महीने जानकारी सामने आने पर संबंधित सूचना चुनाव के दौरान चर्चा का एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा बन सकती है। आखिर इससे पता चलेगा कि किस कारोबारी घराने ने किसे कितना चंदा दिया। उसके बाद सिविल सोसायटी उपलब्ध जानकारियों के मुताबिक यह आकलन करने की स्थिति में होगी कि क्या भाजपा को चंदा देने वालों को केंद्र ने कोई खास लाभ पहुंचाया है।इस तरह इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स को लेकर उठे कथित लेन-देन के संदेह का निवारण हो सकेगा। अगर सरकार का दामन पाक-साफ है, तो उसे यह सूचना यथाशीघ्र सार्वजनिक करनी चाहिए। वरना, इस योजना से संबंधित संदेह और गहराएंगे। दरअसल, स्टेट बैंक ने यह याचिका देकर सुप्रीम कोर्ट के सामने भी अग्निपरीक्षा जैसी स्थिति खड़ी कर दी है। कोर्ट के सामने अब अपने निर्णय की प्रभावशीलता के साथ-साथ अपनी साख की रक्षा करने की भी चुनौती है।

## ट्रंप एक परिघटना हैं

डॉनल्ड ट्रंप अमेरिकी व्यवस्था में जमीनी स्तर पर हुए बदलावों से बनी परिस्थितियों के परिणाम के रूप में उभरे हैं। राज्य-व्यवस्था के प्रति बढ़ते गए जन असंतोष को उन्होंने गोलबंद किया है। इसीलिए ट्रंपिज्म एक मजबूत परिघटना बनी हुई है।पहले से भी कोई शक नहीं था, लेकिन सुपर ट्यूजडे ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि डॉनल्ड ट्रंप अब अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के निर्विविद नेता हैं। जिसे अमेरिकी राजनीति में ट्रंपिज्म (ट्रंपवाद) कहा जाता है, वही अब इस पार्टी की विचारधारा या पहचान है। सुपर ट्यूजडे को ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में पार्टी की उम्मीदवारी की होड़ में बचीं अकेली प्रतिद्वंद्वी निकी हेली पर एकतरफा जीत हासिल की।अमेरिकी चुनाव के क्रम में मार्च के पहले मंगलवार को सुपर ट्यूजडे कहा जाता है। इसका खास महत्त्व होता है, क्योंकि इस रोज एक साथ 15 राज्यों में प्राइमरी (उम्मीदवार चुनने के लिए मतदान) का आयोजन होता है। कहा जा सकता है कि इस वर्ष पांच मार्च को ट्रंप की उम्मीदवारी पर रिपब्लिकन पार्टी की मुहर लग गई है। अब यह लगभग तय है कि अगले पांच नवंबर को उनका सीधा मुकाबला राष्ट्रपति जो बाइडेन से होगा। अभी जो संकेत हैं, उनके मुताबिक तो उस मुकाबले में भी उनकी स्थिति का काफी मजबूत दिख रही है। छह में से पांच स्विंग राज्यों के जनमत सर्वेक्षणों में वे बाइडेन से आगे चल रहे हैं।ये वो छह राज्य हैं, जिन्होंने पिछले तीन चुनावों में पाला बदला है। उम्मीदवार चुनने की अब तक चली प्रक्रिया और ताजा जनमत सर्वेक्षणों से साफ है कि ट्रंप 2016 में अचानक एक उल्का की तरह सामने नहीं आ गए थे। बल्कि वे अमेरिकी अर्थव्यवस्था एवं राजनीतिक जमीन में हुए बदलावों से बनी परिस्थितियों के परिणाम के रूप में उभरे। राज्य-व्यवस्था के प्रति बढ़ते गए जन असंतोष को उन्होंने गोलबंद किया।चूंकि यह असंतोष और भी बढ़ता गया है, इसलिए ट्रंपिज्म एक मजबूत परिघटना बनी हुई है। यानी अमेरिका में जो नए माली और सियासी हालत बने, उनकी वजह से ट्रंप जैसी चरमपंथी सोच जमीनी स्तर पर व्यापकता एवं गहराई हासिल करती चली गई है। इसके बीच डॉनल्ड ट्रंप अगर परिदृश्य से हट जाएं, तो संभव है कि उनसे भी ज्यादा चरमपंथी रुख वाला कोई नेता उभर आएगा। वैसे सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी मिलने के बाद ट्रंप के अभी परिदृश्य से गायब होने की कोई संभावना नहीं है।

## शिव और शक्ति के अभिसरण पर्व को महाशिवरात्रि कहते हैं


जितेन्द्र कुमार सिन्हा-

फाल्गुन माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को शिव और शक्ति के अभिसरण का पर्व होता है, जिसे हमलोग महाशिवरात्रि के नाम से जानते है। शास्त्रों में महाशिवरात्रि का वर्णन शिव को समाधि से जाग्रत होकर सृष्टि लीला में प्रवृत होने तथा शिव पार्वती के विवाह दिवस के रूप में मनाया जाता है। ज्योतिषाचार्य का माने तो शास्त्रों के अनुसार इस व्रत के करने से उन्हें एक हजार अश्वमेध यज्ञ एवं सौ वाजपेय यज्ञ के पुण्य फल की प्राप्ति होती है। भारतीय पौराणिक कथाओं के अनुसार, महाशिवरात्रि के दिन मध्य रात्रि में भगवान शिव लिङ्ग के रूप में प्रकट हुए थे और शिव लिङ्ग की पहलीबार पूजा भगवान विष्णु और ब्रह्माजी द्वारा की गयी थी। इसीलिए महाशिवरात्रि को भगवान शिव के जन्म दिन के रूप में भी जाना जाता है। शिवरात्रि व्रत प्राचीन काल से प्रचलित है। हिन्दु पुराणों में शिवरात्रि व्रत का उल्लेख हैं। शास्त्रों के अनुसार देवी लक्ष्मी, इन्द्राणी, सरस्वती, गायत्री, सावित्री, सीता, पार्वती और रति ने भी शिवरात्रि का व्रत किया था। मान्यता है कि महाशिवरात्रि के बाद से प्रत्येक माह होने वाली शिवरात्रि को करने से मोक्ष की प्राप्ति होता है और अगर चार संकल्पों के साथ भगवान शिव की पूजा, रुद्रमंत्र का जप, शिवमंदिर में उपवास तथा काशी में देहत्याग का नियम के साथ पालन किया जाए तो मोक्ष अवश्य ही प्राप्त होता है। जो श्रद्धालु मासिक शिवरात्रि का व्रत करना चाहते है, वह इसे महाशिवरात्रि से आरम्भ कर सकते हैं और एक साल तक कायम रख सकते हैं। यह माना जाता है कि मासिक शिवरात्रि के व्रत को करने से भगवान शिव की कृपा द्वारा कोई भी मुश्किल और असम्भव कार्य भी पूरे किये जा सकते हैं। अविवाहित महिलाएँ इस व्रत को विवाहित होने हेतु एवं विवाहित महिलाएँ अपने विवाहित जीवन में सुख और शान्ति बनाये रखने के लिए करती है। आध्यात्मिक साधना के लिए उपवास करना अति आवश्यक होता है। इसलिए महाशिवरात्रि को जागरण कर शिवपुराण का पाठ सुनना चाहिए। रात्रि जागरण करने वाले भक्तों को शिव नाम, पंचाक्षर मंत्र अथवा शिव स्रोत का पाठ करते हुए जागरण करना चाहिए। संतों का कहना है कि पांचों इंद्रियों द्वारा आत्मा पर जो विकार छा जाता है वह जागृत हो जाता है। शिवपुराण के अनुसार, महादेव के क्रोध की ज्वाला को शान्त करने के लिए बेलपत्र से शिवलिंग पर पानी छिड़कने और उन्हें ठंडे जल से स्नान कराना चाहिए। शुभ जागृत करने के लिए शिवलिंग पर चन्दन लगाना चाहिए, कष्ट और दुःख दूर करने के लिए धूप जलाना चाहिए, अज्ञानता के अंधेरे को मिटा कर शिक्षा की रौशनी प्रदान करने के लिए दिया जलाना चाहिए। भगवान शिव के लिए उपवास रखने के संदर्भ में मान्यता है कि समुद्र मंथन के समय हलाहल नामक विष पैदा हुआ था। हलाहल विष में ब्रह्मांड को नष्ट करने की क्षमता थी और भगवान शिव ने हलाहल नामक विष को अपने कंठ में रख लिया था। जहर इतना शक्तिशाली था की जहर से उनका गला नीला हो गया था और वह ॑नीलकंठ॑ कहलाए। जहर के प्रभाव को खतमकरने के लिए चिकित्सकों ने भगवान शिव को रात भर जागते रहने की सलाह दी। भगवान शिव का आनंद लेने और जागने के लिए, देवताओं ने अलग-अलग नृत्य और संगीत बजाने लगे। इसप्रकार हलाहल विष से भगवान शिव ने दुनिया को बचाया। तब से भक्त उपवास रखते है।

# बहुसंख्यकवादी राष्ट्रवाद: वैज्ञानिक समझ का नकार

**दीनानाथ बत्रा नाम के एक सज्जन आरएसएस के दो अनुषांगिक संगठनों, शिक्षा बचाओ अभियान समिति एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के कई दशकों से अध्यक्ष हैं। उन्होंने 9 किताबें लिखी हैं। इन सभी का गुजराती में अनुवाद कर उन्हें गुजरात के 42,000 स्कूलों में पढ़ाया जा रहा है। इन पुस्तकों को पढ़कर हम यह जान सकते हैं कि बच्चों को इन दिनों क्या सिखाया जा रहा है। इनमें से एक पुस्तक जिसका शीर्षक है ॑तेजोमय भारत॑ में एक कोई डॉक्टर बालकृष्ण गणपत मातापुरकर के अनुसंधान की कहानी सुनाई गई है। हमें बताया गया है कि मातापुरकर जी महाभारत में कही गई बातों पर अनुसंधान करते हैं। उनके अनुसार गांधारी के गर्भ से माँस का एक बड़ा लोथड़ा निकला। इस पर ऋषि द्वापायन व्यास को बुलाया गया। उन्होंने माँस के इस कड़े लोथड़े का अवलोकन किया फिर उन्होंने उसे ठंडे पानी में कुछ विशिष्ट दवाओं के साथ रख दिया। कुछ समय बाद उन्होंने इस लोथड़े के 100 टुकड़े किए और उन्हें दो साल की अवधि के लिए घी से भरे हुए 100 मटकों में रख दिया। दो साल बाद इन टुकड़ों से 100 कौरवों का जन्म हुआ। पुस्तक हमें बताती है कि इस विवरण को पढ़ने के बाद मातापुरकर को यह समझ में आया कि स्टेम सेल टेक्नोलॉजी महाभारत काल में मौजूद थी और यह हमारी प्राचीन विरासत का हिस्सा है। उनके अनुसार, भारतीय ऋषि अपनी योग विद्या का इस्तेमाल कर दिव्य दृष्टि प्राप्त कर लेते थे और यही आज का टेलीविजन है। महाभारत में संजय, हस्तिनापुर के एक महल में बैठकर अपनी दिव्य दृष्टि से कुरूक्षेत्र में चल रहे महाभारत के युद्ध का आंखो-देखा हाल धृतराष्ट्र को सुनाता था, जो कि अंधे थे (पृष्ठ 64)।**





**राम पुनियानी-**


**(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया; लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

हिन्दू राष्ट्रवादी भारतीय जनता पार्टी के पिछले एक दशक से चले आ रहे शासन के दौरान हमारे देश में शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे परिवर्तन किए गए हैं जो आस्था पर अधिक आधारित हैं और तर्क पर कम। ये परिवर्तन ऐसे हैं जो अतीत का महिमामंडन करते हैं और वैज्ञानिक सोच का नकार। तथ्य यह है कि भारत में प्राचीन काल से ही तार्किकता को महत्व दिया जाता रहा है। चार्वाक तार्किकता पर आधारित सोच के बड़े पैरोकारों में से एक थे। चरक और आर्यभट्ट ने चिकित्सा विज्ञान और खगोल शास्त्र के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मगर आज जो दावे किए जा रहे हैं उनका सच्चाई से कोई संबंध नजर नहीं आता। जैसे हमें बताया जा रहा है कि प्राचीन भारत में प्लास्टिक सर्जरी थी और इसी का उपयोग कर मनुष्य के धड़ पर हाथी का सिर लगाकर भगवान गणेश का सृजन किया गया था। इसी तरह हमें बताया जाता है कि कर्ण के कान से पैदा होने की कथा से यह स्पष्ट है कि प्राचीन भारत में जेनेटिक साईन्स भी थी। यह भी बताया जाता है कि हमारे प्राचीन ऋषि-मुनि हवा में उड़ सकते थे और यह भी कि प्राचीन काल में पुष्पक विमान थे। कहा तो यहाँ तक जाता है कि प्राचीन भारतीय दूसरे ग्रहों पर भी जाते थे। धर्मग्रन्थों में जो कुछ कहा गया है उसे सही और सच सिद्ध करने के प्रयास हो रहे हैं। ऐसी चीजें स्कूलों में तो सिखाई ही जा रही हैं उन पर अनुसंधान के लिए बजट भी आवंटित किया जा रहा है। यह बजट विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए निर्धारित धनराशि में से उपलब्ध करवाया जा रहा है। आईआईटी दिल्ली के समन्वय में पंचगव्य पर अनुसंधान हो रहा है। पंचगव्य, गाय के पाँच उत्पादों का मिश्रण होता है-दूध, दही, घी, गौमूत्र एवं गोबर। ऐसा कहा जाता है कि पंचगव्य से कई रोगों का इलाज हो सकता है। गौमूत्र को भी दवा बताया जा रहा है। भाजपा सरकार आने के पहले भी पार्टी के पितृसंगठन आरएसएस ने आस्था पर आधारित ज्ञान के प्रसार के लिए कई संगठन गठित किए थे। दीनानाथ बत्रा नाम के एक सज्जन आरएसएस के दो अनुषांगिक संगठनों, शिक्षा बचाओ अभियान समिति एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के कई दशकों से अध्यक्ष हैं। उन्होंने 9 किताबें लिखी हैं। इन सभी का गुजराती में अनुवाद कर उन्हें गुजरात के 42,000 स्कूलों में पढ़ाया जा रहा है। इन पुस्तकों को पढ़कर हम यह जान सकते हैं कि बच्चों को इन दिनों क्या सिखाया जा रहा है। इनमें से एक पुस्तक जिसका शीर्षक है ॑तेजोमय भारत॑ में एक कोई डॉक्टर बालकृष्ण गणपत मातापुरकर के अनुसंधान की कहानी सुनाई गई है। हमें बताया गया है कि मातापुरकर जी महाभारत में कही गई बातों पर अनुसंधान करते हैं। उनके अनुसार गांधारी के गर्भ से माँस का एक बड़ा लोथड़ा निकला। इस पर ऋषि द्वापायन व्यास को बुलाया गया। उन्होंने माँस के इस कड़े लोथड़े का अवलोकन किया फिर उन्होंने उसे ठंडे पानी में कुछ विशिष्ट दवाओं के साथ रख दिया। कुछ समय बाद उन्होंने इस लोथड़े के 100 टुकड़े किए और उन्हें दो साल की अवधि के लिए घी से भरे हुए 100 मटकों में रख दिया। दो साल बाद इन टुकड़ों से 100 कौरवों का जन्म हुआ। पुस्तक हमें बताती है कि इस विवरण को पढ़ने के बाद मातापुरकर को यह समझ में आया कि स्टेम सेल टेक्नोलॉजी महाभारत काल में मौजूद थी और यह हमारी प्राचीन विरासत का हिस्सा है। उनके अनुसार, भारतीय ऋषि अपनी योग विद्या का इस्तेमाल कर दिव्य दृष्टि प्राप्त कर लेते थे और यही आज का टेलीविजन है। महाभारत में संजय, हस्तिनापुर के एक महल में बैठकर अपनी दिव्य दृष्टि से कुरूक्षेत्र में चल रहे महाभारत के युद्ध का आंखो-देखा हाल धृतराष्ट्र को सुनाता था, जो कि अंधे थे (पृष्ठ 64)। पुस्तक हमें यह भी बताती है कि आज जिसे हम मोटर कार कहते हैं वह वैदिक काल में मौजूद थी और उसे अनश्व रथ (अर्थात बिना अश्व वाला रथ) या यंत्र रथ कहा जाता था। ऋग्वेद में इसका वृतांत दिया गया है (पृष्ठ 60)। आरएसएस ने एक परामर्शदात्री संस्था का गठन भी किया है जिसे भारतीय शिक्षा नीति आयोग कहा जाता है। इस आयोग की नीतियाँ ही मोदी सरकार के भारतीय शिक्षा व्यवस्था में सुधार के प्रयासों का आधार हैं। शिक्षा नीति आयोग, भारत की शिक्षा व्यवस्था का भारतीयकरण करना चाहता है। अब तो भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर), राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) आदि के मुखिया ऐसे लोग हैं जिनका इन संस्थाओं के कार्यक्षेत्र से कोई लेना देना नहीं है। उन्हें ये पद केवल इसलिए दिए गए हैं क्योंकि वे सत्ताधारी दल की विचारधारा में यकीन रखते हैं। वाई. सुदर्शन नाम के एक ॑विद्वान॑ को भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद का मुखिया बनाया गया था। वे यह साबित करने पर आमादा थे कि हमारे महाकाव्य रामायण और महाभारत ऐतिहासिक घटनाक्रम का वर्णन करते हैं। मतलब यह है कि जो महाभारत और रामायण में लिखा गया है वह सचमुच हुआ था। इस सरकार में तार्किक सोच और वैज्ञानिक पद्धति के लिए कोई जगह नहीं है। सरकार बाबा रामदेव को जमकर बढ़ावा दे रही है। बाबा रामदेव की कंपनी द्वारा बनाई गई एक दवा कोरोनिल को कोविड-19 का इलाज बताया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने अभी हाल में रामदेव को चेतावनी दी है कि वे अपने विज्ञापनों में हवाई दावे न करें और दूसरी चिकित्सा पद्धतियों को कटघरे में खड़ा न करें। पिछले कुछ सालों से भारतीय विज्ञान कांग्रेस प्रकाशन के लिए ऐसे शोध प्रबंध स्वीकार कर रही है जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है और जो केवल पौराणिक कथाओं पर आधारित हैं। इस स्थिति से व्यथित होकर कुछ प्रमुख वैज्ञानिकों ने एक साथ मिलकर एक संयुक्त बयान जारी किया है, जिसमें सरकार से यह अनुरोध किया गया है कि वह वैज्ञानिक सोच और वैज्ञानिक पद्धतियों को कमजोर करने से बाज आये। वैज्ञानिकों का कहना है कि सरकार का यह दृष्टिकोण उसके द्वारा अवैज्ञानिक एवं अपुष्ट दावों को बढ़ावा देने, भारत के प्राचीन ज्ञान को बढ़ाचढ़ाकर बताने और कोविड-19 महामारी के दौरान किए गए कुछ निर्णयों से स्पष्ट है। वक्तव्य में इस बात पर जोर दिया गया है कि वैज्ञानिक, शिक्षाविद और नीति निमार्ता एक साथ मिलकर विज्ञान के प्रति निष्ठा में क्षरण को रोकने व देश में वैज्ञानिक सोच और तार्किक व साक्ष्य-आधारित आख्यान को बढ़ावा देने के लिए कार्य करें। हमारा संविधान राज्य से यह अपेक्षा करता है कि वह वैज्ञानिक समझ को बढ़ावा दे। मगर वर्तमान सरकार की नीतियाँ, तार्किकता पर आधारित नहीं हैं। यह बात न केवल विज्ञान और वैज्ञानिक अनुसंधान वरन् शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र के बारे में भी सही है। नई शिक्षा नीति 2020 में ॑भारतीय ज्ञान प्रणालियों॑ पर जोर दिया गया है। इसका मतलब केवल यह है कि सरकार भौतिक व सामाजिक विज्ञानों में आस्था पर आधारित ज्ञान को बढ़ावा देगी। वे लोग जो समाजिक समानता चाहते हैं और सामाजिक परिवर्तन के हामी हैं, हमेशा से तार्किक व वैज्ञानिक सोच के पैरोकार रहे हैं। गौतम बुद्ध, भगत सिंह, अम्बेडकर और नेहरू इसके उदाहरण हैं। भारत का इतिहास गवाह है कि जो लोग सामाजिक रिश्तों में यथास्थिति बनाये रखना चाहते थे, जो लोग असमानता को बनाए रखना चाहते थे, वे आस्था पर आधारित ज्ञान को बढ़ावा देते थे, पौराणिक कथाओं को ध्रुवसत्य बताते थे और आस्था पर आधारित ज्ञान को समाज पर थोपते थे। साम्प्रदायिक और कट्टरवादी तत्व टेक्नोलॉजी को पसंद नहीं करते। वे वैज्ञानिक और तार्किक सोच के भी विरोधी होते हैं। हमारा संविधान औपनिवेशिक सत्ता के विरूद्ध संघर्ष से उभरा था और इसके निमार्ता समाज में बदलाव के हामी थे। इसलिए संविधान में वैज्ञानिक समझ को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी सरकार पर डाली गई है। हमारी वर्तमान सरकार, धार्मिक, जातिगत और लैंगिक समानता की विरोधी है। यही कारण है कि वह संविधान की मूल आत्मा के खिलाफ है।

# चुनाव क्या सिर्फ औपचारिकता?

**आमतौर पर चुनाव नतीजों के बारे में इस तरह का सटीक अनुमान नहीं लगाया जा सकता है कि कौन जीत रहा है और किसकी हार हो रही है। इस मायने में चुनाव भी क्रिकेट की तरह गौरवशाली अनिश्चितताओं का खेल है। कई नेताओं ने सार्वजनिक रूप से और अनौपचारिक बातचीत में स्वीकार किया है कि जिस समय वे चुनाव जीतने के सबसे ज्यादा भरोसे में होते हैं उस बार चुनाव हार जाते हैं और जब लगता है कि कांटे का मुकाबला है तो चुनाव जीत जाते हैं।यह व्यक्तियों और पार्टियों दोनों के मामले में सही है। पिछले ही साल के विधानसभा चुनावों मे कांग्रेस छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त थी तो बीआरएस को लग रहा था कि वह तेलंगाना हार ही नहीं सकती है। इन राज्यों के नतीजे सबको पता हैं।अगर लोकसभा चुनावों की बात करें तो 2004 के नतीजों का सबको पता है। जैसे अभी भाजपा के नेता अगली सरकार का एजेंडा तय कर रहे हैं उसी तरह 2004 में भी अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के मंत्री अगली सरकार का एजेंडा तय कर रहे थे। देयर इज नो ऑल्टरनेटिवइ यानी टीनाइ फैक्टर के आधार पर कहा जा रहा था कि अटल बिहारी वाजपेयी के मुकाबले कोई नहीं है। अंग्रेजी के बड़े पत्रकार लच्छेदार जुमलों में बता रहे थे कि सोनिया इज द ऑल्टरनेटिव सो देयर इज नो ऑल्टरनिवइ यानी सीटा बनाम टीनाइ फैक्टर की चर्चा थी।**





**अजीत द्विवेदी-**

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

तो क्या यह मान लिया जाए कि लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे तय हैं और चुनाव एक औपचारिकता भर है? क्या देश के लोगों ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को तीसरी बार शासन का मौका देने का फैसला कर लिया है? कम से कम प्रधानमंत्री की बातों से तो ऐसा ही लग रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में रविवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। करीब आठ घंटे चली इस बैठक में नई सरकार के सौ दिन के एजेंडे पर चर्चा होने की खबर है।मीडिया में आई खबरों के मुताबिक मंत्रिपरिषद ने दीर्घकालिक लक्ष्य यानी 2047 में विकसित भारत बनाने के लक्ष्य पर विचार विमर्श किया और साथ ही नई सरकार के एक सौ दिन के लक्ष्य पर भी चर्चा की। कई मंत्रालयों के सौ दिन के एजेंडे पर प्रेजेंटेशन देने की खबर भी है। सवाल है कि क्या सचमुच नरेंद्र मोदी और उनके मंत्री मान रहे हैं कि तीसरी बार भी उनकी सरकार बनने जा रही है या मंत्रिपरिषद की बैठक से निकली खबरें चुनाव के लिए इस्तेमाल किए जा रहे किसी रणनीतिक दांव का हिस्सा हैं?आमतौर पर चुनाव नतीजों के बारे में इस तरह का सटीक अनुमान नहीं लगाया जा सकता है कि कौन जीत रहा है और किसकी हार हो रही है। इस मायने में चुनाव भी क्रिकेट की तरह गौरवशाली अनिश्चितताओं का खेल है। कई नेताओं ने सार्वजनिक रूप से और अनौपचारिक बातचीत में स्वीकार किया है कि जिस समय वे चुनाव जीतने के सबसे ज्यादा भरोसे में होते हैं उस बार चुनाव हार जाते हैं और जब लगता है कि कांटे का मुकाबला है तो चुनाव जीत जाते हैं।यह व्यक्तियों और पार्टियों दोनों के मामले में सही है। पिछले ही साल के विधानसभा चुनावों मे कांग्रेस छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त थी तो बीआरएस को लग रहा था कि वह तेलंगाना हार ही नहीं सकती है। इन राज्यों के नतीजे सबको पता हैं।अगर लोकसभा चुनावों की बात करें तो 2004 के नतीजों का सबको पता है। जैसे अभी भाजपा के नेता अगली सरकार का एजेंडा तय कर रहे हैं उसी तरह 2004 में भी अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के मंत्री अगली सरकार का एजेंडा तय कर रहे थे। देयर इज नो ऑल्टरनेटिवइ यानी टीनाइ फैक्टर के आधार पर कहा जा रहा था कि अटल बिहारी वाजपेयी के मुकाबले कोई नहीं है। अंग्रेजी के बड़े पत्रकार लच्छेदार जुमलों में बता रहे थे कि सोनिया इज द ऑल्टरनेटिव सो देयर इज नो ऑल्टरनिवइ यानी सीटा बनाम टीनाइ फैक्टर की चर्चा थी। दिसंबर 2003 में चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए थे, जिनमें से राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा जीती थी और उससे बनी लहर का इस्तेमाल करने के लिए वाजपेयी सरकार ने समय से पहले मई 2004 में लोकसभा चुनाव कराने का फैसला किया। शाइनिंग इंडियाइ और फीलगुडइ के मुद्दे पर चुनाव लड़ा गया और उसका भी नतीजा सबको पता है।ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी को इस राजनीतिक इतिहास या चुनावी अनिश्चितताओं का अंदाजा नहीं है। लेकिन कई बार असीमित सत्ता और लोकप्रियता भ्रम पैदा करती है। आंखों के सामने परदा डाल देती है। तकनीक, आंकड़ों और मोदी के निजी करिश्मे से भाजपा की टीम ऐसा नैरेटिव बना रही है कि हैरानी नहीं होगी अगर सचमुच भाजपा नेता इस भरोसे में बैठे हों कि चुनाव जीत रहे हैं।अगर ऐसा भरोसा है तो यह अति आत्मविश्वास नहीं, बल्कि उससे आगे की चीज है। इसे अहंकार कह सकते हैं। यह जनता और मतदाताओं को फॉर गारंटेड लेने या अपना पिछलग्गू मानने की सोच है। चुनाव प्रचार में किसी पार्टी द्वारा जीत का दावा करने और मंत्रिपरिषद की बैठक करके अपनी जीत की गारंटी बताने के बीच के फर्क को समझने की जरुरत है। पार्टियां चुनाव प्रचार में बड़ी से बड़ी जीत का दावा करती हैं, भरोसा जताती हैं, आत्मविश्वास दिखाती हैं लेकिन जब सरकार मंत्रिपरिषद की बैठक करके अगली सरकार का एजेंडा तय किया जाए तो उसे आत्मविश्वास नहीं कहेंगे। यह अति आत्मविश्वास से भी आगे की चीज है।तो क्या यह माना जाए कि प्रधानमंत्री मोदी में अहंकार आ गया है और वे मतदाताओं को फॉर गारटेंड मान रहे हैं? अगर ऐसा है तो फिर वोट मांगने जाने की भी क्या जरुरत है या मतदाता मालिकों के आगे सिर झुकाने, उन्हें अपना परिवार बताने और उनसे तीसरा मौका देने का अनुरोध करने की क्या जरुरत है? जाहिर है असलियत वह नहीं है, जो दिख रही है। भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री मोदी जो दिन-रात एक किए हुए हैं वह अलग कहानी बयां कर रही है। उससे ऐसा लग रहा है कि तीसरी बार की जो मुश्किलें होती हैं उनका सामना पार्टी कर रही है। पार्टी के रणनीतिकारों को चुनौतियों का अंदाजा है। भाजपा के हर उम्मीदवार के सामने विपक्ष का एक साझा उम्मीदवार नहीं आए इसके लिए कांग्रेस सहित विपक्ष की हर पार्टी तोड़ी जा रही है।

# न्यायपालिका में भी दीमक लगने लगी

एल.एस. हरदेनिया-

पहले से ही दल-बदल चुनावी लोकतंत्र को पूरी तरह से नष्ट करने पर आमादा है। इसी बीच न्याय के क्षेत्र में एक ऐसी घटना हुई है जिसने उसकी विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। कलकत्ता हाईकोर्ट के एक जज ने एक ऐसा कार्य किया है जो पूरी तरह अक्षम्य है। जज के पद पर रहते हुए वे एक राजनीतक पार्टी के लगातार संपर्क में रहे। ये जज हैं अभिजीत गंगोपाध्याय। हाईकोर्ट से इस्तीफा देते हुये उन्होंने यह स्वीकार किया कि पिछले एक सप्ताह वे लगातार भारतीय जनता पार्टी के संपर्क में हैं। इस्तीफा देते हुये उन्होंने घोषणा की कि वे भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं और पार्टी में रहेंगे भले ही उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ने के लिये टिकट मिले या नहीं। इस्तीफा देते हुये उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भरपूर तारीफ की और कहा कि वे एक अच्छे इंसान हैं और उनके नेतृत्व में देश लगातार प्रगति कर रहा है। न्यायपालिका के सदस्यों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे पूर्ण रूप से अलग-थलग रहे। उनका सामाजिक दायरा अदालत से घर और घर से अदालत तक सीमित रहना चाहिये। गंगोपाध्याय का व्यवहार इसके ठीक विपरीत रहा। पिछले कुछ दिनों से वे एक राजनीतिज्ञ की तरह बात कर रहे थे। अभिजीत से पहले भी अनेक जजों ने त्यागपत्र देने के बाद राजनीति में प्रवेश किया है। वर्षों पहले सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुब्बाराव ने इस्तीफा देकर राष्ट्रपति का चुनाव लड़ा था। अभी हाल में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश गोगोई ने राज्यसभा की सदस्यता स्वीकार की थी। इसके अतिरिक्त भी अनेक न्यायाधीश राजनीति में प्रवेश कर चुके हैं। परंतु वे जब तक न्यायाधीश के पद पर थे तब तक उन्होंने यह अहसास नहीं होने दिया कि वे राजनीति में प्रवेश करने वाले हैं। यह काम सिर्फ अभिजीत गंगोपाध्याय ने किया है। उनके अनुसार वे राजनीति में इसलिए शामिल हो रहे हैं क्योंकि ममता बेनर्जी के शासन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ममता का इतना आतंक है कि लोग भ्रष्टाचार के मामले लेकर अदालत नहीं आ रहे हैं। इसलिये मैंने दूसरा रास्ता अपनाया है। इसके बावजूद न्यायालयीन क्षेत्र के लोग अभिजीत द्वारा उठाये गये कदम को उचित नहीं मान रहे हैं। समस्या कुछ भी हो जजों को उसका हल कानून के रास्ते से निकालना चाहिये। अनेक पूर्व जजों और वरिष्ठ वकीलों ने अभिजीत के कदम को न्यायालयीन परंपरा के विरूद्ध माना है। मेरी भी मान्यता है कि यदि जज पद पर रहते हुये राजनीति करने लगेंगे तो यह प्रजातंत्र को कमजोर करेगा। प्रजातंत्र में पक्षपात स्वाभाविक है परंतु न्यायपालिका तो दूध का दूध और पानी का पानी करती है। यदि जज पक्षपाती होने लगेंगे तो यह नागरिकों के लिये बहुत खतरनाक होगा। इस मामले में राजनीतिक पार्टियों का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण रहा। भाजपा खुलेआम अभिजीत का समर्थन कर रही है। भाजपा ने यह भी स्वीकार किया कि अभिजीत उसके संपर्क में थे। बंगाल भाजपा के अध्यक्ष ने तो यहाँ तक कह डाला कि यदि अभिजीत के समान लोग राजनीति में आते हैं तो यह देश के हित में रहेगा। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने अभिजीत को भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ने वाला योद्धा बताया। यदि वे कांग्रेस में शामिल होते हैं तो उनका स्वागत होगा। परंतु यदि वे भाजपा में जाते हैं तो सिद्धांतः उनका समर्थन नहीं कर पायेंगे। एक समय चौधरी ने यह भी कह डाला कि यदि अभिजीत जैसे व्यक्ति बंगाल के मुख्यमंत्री बने तो वे इसका स्वागत करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### 17 सूत्री मांगों को लेकर बैंककर्मियों ने किया एक दिवसीय हड़ताल



सासाराम। रोहतास जिले के सासाराम में दक्षिण बिहार की ज्वाइंट फोरम ऑफ दक्षिण बिहार यूनियन के आह्वान पर 17 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय ग्रामीण बैंक के लोग हड़ताल किया। हड़ताल के बीच प्रबंधन के खिलाफ काफी आक्रोश देखा गया। हड़ताली ग्रामीण बैंक कर्मियों ने विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर रहने की बात बताई है। लोगों ने प्रबंधन पर कई गंभीर आरोप लगाया। लोगों ने बताया कि प्रबंधन कि तरफ से समय पर प्रोन्नति नहीं दिया जाना ,भ्रष्टाचार में लोग लिप्त लोगों पर कार्रवाई नहीं होना आदि मांगों को लेकर हड़ताल किया गया। लोगों ने मांग किया कि बैंकिंग परीक्षा का परीणाम प्रदर्शित करना, ससमय प्रमोशन करना, प्रबंधन स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार कि जांच कर दोषी पर कार्रवाई करने आदि मुख्य मांगों को लेकर हड़ताल किया गया।

### अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर कस्तूरबा की छात्राओं ने निकाली प्रभातफेरी

काराकाट(रोहतास):काराकाट प्रखंड के जयश्री में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की बच्चियों द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी कस्तूरबा विद्यालय से शुरू हुई और मोथा, रघुनाथपुर व बरैनी होते हुए पुनः कस्तूरबा विद्यालय आकर समाप्त हुई। इस दौरान बच्चियों द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व नारा महिलाओं का सम्मान करो के साथ ही नशाबंदी, बाल विवाह, भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा के खिलाफ लोगों को जागरुक किया। इस अवसर पर कस्तूरबा विद्यालय में पेंटिंग, निबंध, वाद- विवाद, कविता प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

### टेंपो से गिर महिला घायल

कोचस (रोहतास) राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर उसराव स्टैंड के निकट चलती टेंपो से गिरकर एक 25 वर्षीय महिला घायल हो गई ।जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों मुन्ना कुमार ने स्थिति बिगड़ते देख उसे रेफर कर दिया। वीरेंद्र बैद की पत्नी धनपातो देवी गांव सधवा थाना दिनारा की बताई जाती है। मिल रही जानकारी के अनुसार घायल महिला की पैर की हड्डी टूट गई है वह अपने गांव से कोचस अपने पिता के घर जा रही थी ।घटना के बाद टेंपो को चालक लेकर भागने में सफल रहा।

### अपहरणकर्ता के चंगुल से निकला आगरा शहर के युवक

सासाराम(रोहतास):सासाराम आरपीएफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सासाराम आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि न्यू आगरा के प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस द्वारा रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा सूचना दिया गया कि एक व्यक्ति जो आगरा से अपहरण हो गया है ।जो अपहरणकर्ता के चंगुल से निकल कर सासाराम शहर में है इस बीच पीड़ित व्यक्ति का लोकेशन पर सासाराम आरपीएफ पुलिस ने उसे सकूशल बरामद किया। आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक फजलगंज ,जीटी रोड सासाराम से लोकेशन अनुसार गुमशुदा व्यक्ति जय प्रकाश को बरामद किया गया रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सासाराम द्वारा गुमशुदगी दर्ज बरामद व्यक्ति जयप्रकाश ,उम्र 28 वर्ष ,पुत्र जसराम, निवासी मिश्रीपुर, थाना मठसेना,जिला फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश के संबंध में बताया गया कि जो आगरा शहर में रहकर रेलवे परीक्षा की तैयारी करते हैं इसी बीच 5 मार्च को आगरा से अपने घर मिश्रीपुर जाने के लिए निकले परंतु घर नहीं पहुंचने पर जयप्रकाश के गुमशुदगी के परिजनों द्वारा न्यू आगरा थाना ,जिला आगरा में सनहा दर्ज कराया गया था।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खेल प्रतियोगिता आयोजित

नोखा (रोहतास) अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर परिषद स्थित बाजार समिति खेल ग्राउंड में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जो पहली बार किशोरियों के लिए 1600 मीटर दौड़ खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहें पूर्व नगर अध्यक्ष पम्मी वर्मा, समाजसेवी विजय सेठ और प्रोफेसर श्याम लाल सिंह ने किशोरियों को प्रोत्साहित करने व उनकी प्रतिभा को उभारने और थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के गांव में खेल प्रतिभा को नई ऊंचाई देने हेतु इस प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में सब 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान रेखा कुमारी, दुसरा स्थान कंचन कुमारी और तीसरे स्थान गुड़िया कुमारी ने प्राप्त किया ।जिन्हें मुख्य अतिथियों ने विभिन्न सामग्री से सभी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि आज किशोरियां खेल के हर क्षेत्र में लड़कों को पीछे छोड़ देश का नाम रोशन कर रही हैं। जिस दौड़ में गांव की किशोरियों ने खुलकर हिस्सा लिया।

# बालू माफियाओं के विरुद्ध सड़क निर्माण कर्मियों ने किया सड़क जाम

प्रात : किरण संवाददाता



सासाराम। रोहतास जिले के बिक्रमगंज में बालू माफियाओं ने सड़क निर्माण कंपनी के कर्मियों को पिटाई कर दी।जिसके विरोध में सड़क निर्माण कर्मियों ने बिक्रमगंज चौक पर दो घंटे से अधिक तक सड़क जाम रखा।

पीड़ित सड़क निर्माण कंपनी के कर्मियों का कहना है कि बिक्रमगंज में सड़क निर्माण कार्य जारी है। लेकिन निर्माण स्थल पर भारी वाहनों के प्रवेश की पाबंदी होने के बाद भी बालू माफिया बलपूर्वक निर्माणाधीन सड़क से बालू के पानी टपकते हुए ओवरलोड हाईवा पार कर रहे हैं। जिससे निमाणाधीन सड़क खराब हो रहा है। इसकी शिकायत पुलिस से करने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसी बीच निर्माणधीन सड़क से बालू से पानी टपकता ओभरलोड वाहन पार करने लगा तो उसकी तस्वीर खींचने पर आक्रोशित बालू माफियाओं सह लाइनरों ने सड़क निर्माण कंपनी की कर्मियों की जमकर पिटाई कर दी। जिससे तीन-चार की संख्या में कर्मी घायल हो गए। बिक्रमगंज थाने में शिकायत करने के बाद भी इसकी नोटिस नहीं लिया गया। अंततः मजबूरन कर्मियों ने सड़क जाम कर किया। सड़क जाम की सूचना पर पहुंची बिक्रमगंज थाने की पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के आश्वासन पर सड़क जाम हटा। बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार से बात करने पर बताया की सड़क जाम हटा दिया गया है। मामले की जाँच की जा रही है जाँच में बाद उचित कार्रवाई की जायेगी। सबसे बड़ी बात है कि थाने से महज थोड़ी दूरी पर दो घंटे की सड़क जाम की जानकारी ब्रिक्रमगंज थानाध्यक्ष को नही होना कई सवाल खड़ा कर रहा है। ज्ञात हो कि बिक्रमगंज इलाके में अवैध ओवरलोड बालू का कारोबार जारी है। आए दिन सड़क दुर्घटना भी घट रही है। सड़क निर्माण कार्य भी बाधित है। फिर भी बिक्रमगंज थाने की पुलिस का इस ओर ध्यान नहीं है। जिससे बिक्रमगंज पुलिस पर सवाल खड़ा हो रहा है। दो घंटे तक मुख्य पथ चौराहे पर सड़क जाम यह प्रमाण के लिए काफी है कि पुलिस के ढुलमुल रवैया से दो घंटे तक सासाराम-आरा पथ के बिक्रमगंज चौक के पास सड़क जाम होने से शादी विवाह के दिनों में काफी लोगों की परेशानी हुई।

## महिलाओं के बीच विधिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर के तत्वाधान में सदर अस्पताल आरा में महिलाओं के प्रति सम्मान ,प्रशंसा और प्रेम प्रगट करने हेतु चिकित्सा क्षेत्र में महिलाओं के के बीच विधिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अलग-अलग क्षेत्र से महिलाओं को प्राधिकार द्वारा प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने बताया कि प्राधिकार द्वारा पैनल अधिवक्ता एवं पारा विधिक स्वयंसेवक की प्रतिनियुक्ति की गई थी। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर 4 मार्च से 8 मार्च 2024 तक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके तहत पारा विधिक स्वयंसेवक की टीम के द्वारा डोर टू डोर के माध्यम से भी महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करने का काम किया जा रहा हैं। कार्यक्रम में सीएस डॉक्टर केएन सिन्हा, डिप्टी सीएस डॉक्टर अरुण कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रतीक डॉक्टर, डॉक्टर विकास सिंह, डीपीएम डॉ रवि रंजन के साथ प्राधिकार की ओर से रिसोर्स पर्सन के रूप में पैनल अधिवक्ता रंजना सिंह, पैनल अधिवक्ता कृष्ण गोपाल मिश्रा, पारा विधिक स्वयंसेवक आनंद कुमार, पारा विधिक स्वयंसेवक कुमारी दीपा के साथ चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी हुई महिलाएं उपस्थित थी।

## ब्रम्हर्षि स्वामी सहजानंद की जंयती समारोह संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। ब्रम्हर्षि स्वामी सहजानंद सरस्वती स्मारक पुस्तकालय भवन में आयोजित जयंती समारोह में श्री आर के सिंह जी केंद्रीय मंत्री ने स्वामी सहजानंद जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा की स्वामी जी एक महान स्वतंत्रता सेनानी, किसान नेता ,और दंडी स्वामी भी थे ।उनके नाम पर चल रहे स्मारक पुस्तकालय वाचनालय समिति के लोगों की मांग पर इस स्थल का विकास करेंगें और जल्द ही विकास दिखेगा । श्री तारकेश्वर ठाकुर सचिव के द्वारा मंत्री जी का अंगवस्त्र और फुल माला से स्वागत किया गया ।उपस्थित जनसमूह ने मंत्री जी की घोषणा का तालीयों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया । समारोह की अध्यक्षता श्री युगेशवर प्रसाद सिंह ने और संचालन श्री शशीकांत तिवारी संयुक्त सचिव ने किया । आज के कार्यक्रम को श्री शिवशंकर तिवारी,नरेंद्र तिवारी,डा संदीप कुमार ।श्रीमन्नारायण शर्मा, शिवनाथ पांडेय,भरत राय भुवनेश्वर ठाकुर आदित्य राय शर्मा, सुर्यकांत पांडेय हरे राम तिवारी ने भी संबोधित किया।

## हिंदू जागरण मंच के द्वारा निकाली गई शिवरात्रि के अवसर भव्य शोभायात्रा

### आरा नगर विधायक भी शोभायात्रा में जयकारा लगाते हुए दिखाई दिए

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। हिंदू जागरण मंच के द्वारा शिवरात्रि के अवसर पर आरा रामगढ़िया से भव्य शिव शोभायात्रा शोभा निकाली गई जो रामगढ़िया होते हुए शीश महल चौक गोपाली चौक शिवगंज महादेवा होते हुए आरा शहर में भ्रमण किया इस शोभायात्रा में आरा नगर विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह शामिल थे शिव भक्तों कार्यकर्ता जुलूस में बढ़-कर कर हिस्सा लिए भोले शंकर का नारा लगाते हुए जयकारा लगाया इस यात्रा में महिला भी बढ़-कर का हिस्सा लिए बैंड बाजा रथ झांकी एवं डीजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई जिला प्रशासन के तरफ से सुरक्षा का इंतजाम किया गया था सदर अनुमंडल अधिकारी सदर पुलिस उपाधीक्षक यातायात पर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सुधांशु नगर थाना नवादा थाना अध्यक्ष अपने दल बल के साथ सुरक्षा में लगे हुए थे इस शोभा यात्रा में हिंदू जागरण मंच के प्रदेश संयोजक सोना लाल विशाल सिंह अमित रोहित अरुण कुमार जीतू चौरसिया नगर अध्यक्ष भाजपा राहुल चंदन दिनेश कुमार सैनी विजय कुमार गुप्ता हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता इस झांकी में शामिल थे।

## मॉडल हॉस्पिटल के न्यू बिल्डिंग में ओपीडी को किया गया शिफ्ट

आरा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सदर अस्पताल परिसर में नेशनल लेवल पर बने न्यू मॉडल बिल्डिंग में शुकवार ओपीडी के सभी विभाग को पूर्ण रूप से शिफ्ट कर दिया गया। न्यू मॉडल बिल्डिंग में ओपीडी शिफ्ट होने से मरीज, उनके परिजन इलाज कराने एवं चिकित्सकों को भी इलाज करने में काफी सुविधा हो रही है। सुबह से ही न्यू मॉडल बिल्डिंग के ओपीडी के सभी विभागों में इलाज करने को लेकर लोगों की लंबी कतारें लगी रही। सदर अस्पताल के सभी डॉक्टर भी मरीजो का इलाज करते नजर आए ।बता दे की कुछ माह पूर्व सूबे के स्वास्थ्य मंत्री द्वारा इस न्यू मॉडल बिल्डिंग का उद्घाटन किया गया था। लेकिन कुछ कार्य अधूरा रहने एवं तकनीकी सुविधाओ की कमी होने के कारण ओपीडी विभाग को शिफ्ट नहीं किया जा सका था। लेकिन सभी अधूरे कार्य व तकनीकी सुविधा पूरा होने के बाद शुक्रवार को ओपीडी विभाग को इसमें शिफ्ट कर दिया गया है।

## शिवालयों में महाशिवरात्रि के मौके पर पूजा अर्चना के लिए उमड़ी रही भीड़

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। जिले के शिवालयों में महाशिवरात्रि को लेकर शिव भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड के सभी शिवमंदिरों में हर-हर महादेव के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। इस मौके पर कई मंदिर परिसरों में भव्य मेले का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर पुलिस बल की तैनाती भी की गई है। लोगों की भीड़ को देखते हुए पूरे दिन शिव मंदिरों के आसपास पुलिस के जवान तैनात रहे। आज सुबह से ही शिव मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। इस दौरान पूजा को पहुंचे महिला व पुरुष हर-हर महादेव तथा जय भोले शंकर का जयकारा लगाते रहे। शिव भक्त बेलपत्र, धतूर, भांग, बैर, अक्षत, धूप, दूध तथा जल से पूजा अर्चना करने में जुटे रहे। आरा के बुढ़वा महादेव व कोइलवर के बाबा दिनेश्वरनाथ धाम शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की सबसे अधिक भीड़ देखी गई। बाबा दिनेश्वरनाथ धाम मंदिर के पुजारी बुधन बाबा ने बताया कि सुबह में वैदिक मंत्रोच्चार से बाबा का जलाभिषेक और पूजा आरती का दौर शुरू हुआ। जो पूरे दिन जारी रहा। इस दौरान भगवान शिव के जयकारे से माहौल भक्तिमय बना रहा।

## हरी तिवारी ने प्रेस को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री सह सांसद आरके सिंह का विरोध किया

प्रात : किरण संवाददाता

पिरो। भारतीय अटल सेना के संस्थापक हरी तिवारी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भोजपुर वॉर और बुद्धिजीवी की धरती है,और ऐसे में आरा से सुपौल का सांसद, ओ भी तानाशाह ।आरा के सांसद आर के सिंह जी का जनता से कोई ना मतलब है, ना ही लगाव ।आरा के सांसद सायवेरियन पक्षी है,दाना चूंगने के समय क्षेत्र में दिखने लगेगे ।अभी दिख रहे है, क्योंकि दाना चुंगने का समय जो आने वाला है ।दुर्भाग्य है जिला का जो इतना बड़ा झुठ बोलने वाला सांसद जिला को मिला है,भोजपुर कृषि प्रधान जिला है,और सांसद को किसानो से कोई मतलब नहीं और ना ही लगाव ।2014 में नहर पक्कीकरण करने का वादा करने वाले सांसद से हम पूछना चाह रहे है,10 साल पूरे हो गए ,लेकिन आप नहर का पक्कीकरण नही करा पाए। भारतीय अटल सेना के संस्थापक हरी जी तिवारी ने कहा की रेल मंत्रालय और सरक मंत्रालय का कार्य जो पूरे देश में जोड़ सोर से चल रहा है,उसे अपना काम बता भोजपुर के भोली भाली जनता को बुरबक बनाने का कार्य करते आ रहे है आरा के माननीय तथाकथित ईमानदार सांसद आर के सिंह ।हरी जी तिवारी ने सोशल मिडिया एवम प्रेस मीडिया के माध्यम से संसद से पूछा की आप ऊर्जा मंत्री है,और आपके क्षेत्र में कितना ऊर्जा घर बना,कितनी बहाली निकली आपके ऊर्जा विभाग में ।भोजपुर जिला में आपके विभाग मे मीटर नही है और आप चले है विकाश पुरुष बनने ।हरी जी तिवारी ने प्रधानमंत्री जी ,गृह मंत्री जी एवम भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा जी को पत्र लिख कर आरा के लिए जिला से किसी पार्टी कार्यकर्ता को उम्मीदवार बनाने का आग्रह किया ।हरी जी तिवारी ने सांसद आर के सिंह को तानाशाह और झूठ का पुलिंदा बताया।

## सहजानंद सरस्वती की 135वीं जयंती व मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में जाते समय आरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। बिहार प्रदेश कॉंग्रेस अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह का स्वामी सहजानंद सरस्वती की 135वीं जयंती व मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में हेमदापुर, चक्की जाने के क्रम में बामपाली आरा में भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम के नेतृत्व में ढोल-नगाड़ें, गाजे- बाजे, फूल-माला एवम गगन भेदी नारों के साथ धूम-धाम से स्वागत स्वागत किया गया। स्वागत में प्रदेश अध्यक्ष को जिला अध्यक्ष के द्वारा बुके एवम अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। स्वागत के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कांग्रेसियों व आम-आवाम से अपील किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में राहुल जी के हाथों को कैसे अधिक से अधिक और मजबूत किया जाय इसके लिए पूरे मुस्तैदी के साथ हमसभी कांग्रेसजनों को तन-मन-धन से लग जाना है। भाजपा की झूठ और नफरत की राजनीति को हर-हाल ध्वस्त करना है। साथ ही स्वामी सजनांद सरस्वती की 135वीं जयंती सह मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में सभी कांग्रेसजनों से साथ मे चलने की अपील की। स्वागत समारोह में भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम, सत्य प्रकाश राय, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी डॉ अमित कुमार द्विवेदी, संतोष पांडेय, रतन धमालिया, पूर्व एआईसीसी सदस्य श्रीधर तिवारी, रजी अहमद, आशुतोष ठाकुर, सत्यनारायण सिन्हा, राकेश त्रिपाठी, शक्ति सिंह उर्फ मनन, निर्मल सिंह, प्रमोद राय, बिजेन्द्र यादव, रवि कुमार, नवीन राय, गोपाल कृष्ण गोखले, अरबिंद सिंह, बिजेन्द्र यादव, मुकेश चंद्रवंशी, संतोष ओझा, लाल मोहन सिंह शत्रुघ्न, सूरज प्रकाश, लुटावन चौरसिया, रविन्द्र तिवारी, सहित दर्जनों कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शिव-पार्वती विवाह प्रसंग ने किया भाव-विभोर , झांकी ने मन मोहा

बिक्रमगंज(रोहतास):बिक्रमगंज प्रखंड के दुगार्डीह ( आमाथु ) में चल रहे श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ में यज्ञ के अंतिम दिन शुक्रवार को श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया । प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए । इस दौरान शिव-पार्वती विवाह की झांकी भी सजाई गई । स्वामी जी महाराज ने कहा कि पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद माता जगदंबा प्रकट हुई और उन्हें बेटी के रूप में उनके घर में अवतरित होने का वरदान दिया । इसके बाद माता पार्वती हिमालय के घर अवतरित हुई । बेटी के बड़ी होने पर पर्वतराज को उनकी शादी की चिता सताने लगी । उन्होंने कहा कि माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं ।

## आज लगेगा वर्ष का प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत, तैयारियां पूरी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। वर्ष का प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत शनिवार दिनांक 09 मार्च को लगेगा इसकी सारी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा दीप प्रज्वलित के साथ किया जाएगा। सभी विभाग को उपस्थिति हेतु पत्राचार किया जा चुका है। विगत 3 माह से इसकी तैयारी की जा रही थी। पक्षकारगण की सुविधा हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु इकीस बेंच का गठन किया गया है जिसमें चार बेंच सिर्फ बैंकों के ऋण संबंधी वादों के निष्पादन हेतु है, विद्युत वादों हेतु दो बेंच एवं खनन विभाग से संबंधित वादों हेतु अलग से एक बेंच का गठन जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार मालवीय द्वारा किया गया है।

पक्षकारगण को उनके वाद के बेंच तक पहुंचने की सुविधा हेतु हेल्प डेस्क भी बनाया गया है। किसी पक्षकारगण को वाद संबंधी किसी प्रकार की असुविधा होती है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, भोजपुर, आरा के कार्यालय में अपनी बातों को रख सकते हैं। सचिव गौतम कुमार ने आगे बताया कि जिन सुलहनीय वादों में पक्षकारगण को नोटिस निर्गत किया गया है और किसी कारण उन तक नहीं पहुंच पाया है ऐसे मामलों में पक्षकारगण बिना नोटिस के भी सुलह के आधार पर निष्पादन हेतु कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर में सीधा संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

विद्युत वाद संबंधी मामलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने बताया कि फाइन जमा करने और बेल लेने के बाद अभियुक्त को यह ज्ञात नहीं होता है कि उनके वाद में कंपाउंडिंग राशि भी जमा करनी होती है जिसके न जमा करने से वाद लंबे समय तक चलता रहता है जबकि मात्र कुछ कंपाउंडिंग राशि जमा करने के पश्चात अभियुक्त का वाद राष्ट्रीय लोक अदालत में उसी दिन समाप्त हो जाता है जिसकी जानकारी उन्हें नहीं होती ऐसे मामले में अभियुक्तगण नोटिस का इंतजार ना करें।

## शिव-पार्वती विवाह प्रसंग ने किया भाव-विभोर , झांकी ने मन मोहा

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास):बिक्रमगंज प्रखंड के दुगार्डीह ( आमाथु ) में चल रहे श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ में यज्ञ के अंतिम दिन शुक्रवार को श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए । इस दौरान शिव-पार्वती विवाह की झांकी भी सजाई गई । स्वामी जी महाराज ने कहा कि पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद माता जगदंबा प्रकट हुई और उन्हें बेटी के रूप में उनके घर में अवतरित होने का वरदान दिया । इसके बाद माता पार्वती हिमालय के घर अवतरित हुई । बेटी के बड़ी होने पर पर्वतराज को उनकी शादी की चिता सताने लगी । उन्होंने कहा कि माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं । एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया । उन्होंने कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत-पिशाचों के साथ बरात लेकर पहुंचे तो उसे देखकर पर्वतराज और उनके परिजन अचंभित हो गए । लेकिन माता पार्वती खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार कर लीं । विवाह प्रसंग के दौरान शिव-पार्वती की झांकी पर श्रद्धालुओं ने पुष्प बरसाए । शिव-पार्वती विवाह में श्रद्धालु झूमकर विवाह गीत गाने लगे । कथा विश्राम के बाद आरती उतारकर प्रसाद वितरित किया गया।

## आज एनवाईके द्वारा नारी शक्ति फिटनेस रन आयोजित

कैमूर। शनिवार को जिले में 50वें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में महिलाओं के बीच खेल संस्कृति, खेल कौशल, फिटनेस और प्रतिस्पर्धी भावना को बढ़ावा देने के लिए नेहरू युवा केंद्र कैमूर द्वारा जिले के सभी 11 प्रखंडों में नारी शक्ति फिटनेस रन आयोजित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ये दौड़ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पालन की अगली कड़ी है और हमारे राष्ट्र के विकास में स्वस्थ और फिट महिलाओं की भूमिका को दोहराने के लिए है। जहां विभिन्न प्रखंडों में 500 मीटर की दौड़ होगी उसमें 15 से 29 वर्षीय की महिलाएं व युवतियां भाग ली है। जिला युवा पदाधिकारी सुशील करोलिया ने बताया कि यह कार्यक्रम भारत में महिलाओं की शक्ति और क्षमता का एक प्रमाण होगा और संदेश फैलाएगा।

## भक्ति में रमा बिक्रमगंज अनुमंडल , हर-हर शंभू के जयकारों से गूंजे शिवालय

प्रात : किरण संवाददाता




बिक्रमगंज(रोहतास):बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को अहले सुबह से ही महाशिवरात्रि पर सभी शिवालयों में बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। मंदिर ही नहीं बल्कि शहर की सड़कों पर भी हर तरफ शिव की गूंज देखने को मिली । हर कोई शिव भक्ति में लीन था। शिव भक्त भोले शंकर के जयकारे लगाते हुए बिना थके आगे बढ़ रहे थे । शिवालयों में जलाभिषेक करके भक्तों ने भगवान शंकर को जहां जल और दूध से नहलाया गया वहीं बेलपत्र, चंदन, धतूरा, शहद, बेर और अन्य फल चढ़ाए गए ।

भगवान का रुद्राभिषेक भी हुआ । श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के लिए कोई समस्या न हो, इसके लिए पूजा समिति और स्थानीय पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे । मंदिर के द्वार से ही बैरिकेडिंग की गई है । बिक्रमगंज शहर के कस्तर महादेव , आरा रोड शिव मंदिर , डुमरांव रोड , सासाराम रोड , नगर के धारुपुर वार्ड संख्या 20 शिवालय एवं वार्ड 21 के मां काली , भोलेनाथ सहित अन्य मंदिरों तो वहीं दूसरी ओर काराकाट प्रखंड के गोड़ारी बुढ़वा महादेव , देवमार्कण्डेय सहित अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।

भीड़ को देखते हुए सभी शिवालयों में सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए थे । सुबह चार बजे से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया । शिवालयों में शिवभक्तों ने पूजा अर्चना करते हुए मानौती मांगी । जैसे-जैसे सूरज का पारा चढ़ता गया वैसे-वैसे मंदिर प्रागंण में शिव भक्तों का जनसैलाब बढ़ता चला गया । हर कोई भगवान शिव की आराधना में लीन और उनके उद्घोषों के साथ मंदिरों की ओर बढ़ रहा था । वहीं मंदिर कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद का वितरण कराया गया था ।

## पिछड़ा अतिपिछड़ा महासम्मेलन की सफलता को भारत सरकार के गृह मंत्री अमीत शाह के आगमन को लेकर बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। पटना ग्रामीण के पाली में आयोजित पिछड़ा अतिपिछड़ा महासम्मेलन की सफलता को लेकर जिसमें भारत सरकार के माननीय गृह मंत्री श्री अमीत शाह के आगमन को लेकर भाजपा आरा विधानसभा की बैठक होटल शिवा नवादा थाना आरा में नगर अध्यक्ष जीतु चौरसिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व कृषि मंत्री सह स्थानीय आरा विधायक श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने भी भांग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि लौह पुरुष भारत सरकार के गृह मंत्री माननीय श्री अमित शाह जी का आगमन पाली में होने जा रहा है जिसमें आरा विधानसभा की भागीदारी सुनिश्चित करना है। बैठक में कार्यकताओं ने एक स्वर में कहा कि रमना मैदान आरा से सैकड़ों गाड़ियों में सवार होकर हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। सभी गाड़ियों पर पार्टी के झंडे, स्टीकर लगा कर काफिला रवाना होगा। विधायक श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आरा विधानसभा किसी भी कार्यक्रम में पीछे नहीं रहते है। आरा के लोगों की उपस्थिति ऐतिहासिक होगी ।बैठक में लव पाण्डेय,प्रेम रंजन चतुवेर्दी, राजकुमार कुशवाहा, मुन्ना कुशवाहा, मुन्ना सिंह, रौबिन कुशवाहा, अजय सिंह, दिनेश सिंह, दीपक सिंह, गौतम श्रीवास्तव अभय चौधरी अमर किशोर सिंह, विमलेश सिंह उमाशंकर सिंह उर्फ मिठाई लाल गुड्डू पासवान अश्वनी कुशवाहा रवि चौधरी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री हैप्पी तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन सुशील कुमार मिश्र ने किया।

## पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा बड़वा पहाड़ी धाम : विकास सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

रामपुर ।प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नौहट्टा के बड़वा बाबा पहाड़ी पर महाशिवरात्रि के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया गया ।अहले सुबह से ही पहाड़ी पर स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक कर दर्शन पूजन का कार्य शुरू हो गया ।श्रद्धालु बड़े उत्साह के साथ 1000 फीट की ऊंचाई तय कर मंदिर में जलाभिषेक किया ।इस दौरान हर - हर महादेव के नारों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया ।बता दें कि मंदिर का इतिहास बहुत ही पुराना है औरंगजेब के शासन काल में मंदिर को क्षति पहुंचाया गया था जिसका प्रमाण मंदिर के पास अवशेषों से मिलता है ।यहां सिर्फ साल में एक बार ही शिवरात्रि मेला का आयोजन किया जाता है ।मेला का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला पार्षद सह बीएसपी नेता विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने फीता काट कर किया ।वहीं उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि बड़वा बाबा पहाड़ी धाम को पर्यटन स्थल की सूची में दर्ज कराई जाने की आपसभी की मांग बाबा भोलेनाथ की कृपा से अवश्य पूरी होगी ।उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा भी जिला परिषद के सदन में इस मांग को रखने का कार्य किया जायेगा ।उन्होंने क्षेत्रीय विधायक भरत बिंद पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि पिछली बार मेला का उद्घाटन करने विधायक जी आए थे।


## आवश्यकता

(1) बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत नियत वेतन में श्री लक्ष्मी कुँअर संस्कृत प्राथमिक सह मध्य विद्यालय, लालबाजार, बेतिया, पश्चिम चम्पारण में 03 सहायक शिक्षक की आवश्यकता है। 01 सहायक शिक्षक, योग्यता-उपशास्त्री । इंटरमीडिएट, कोटि-UR, 02 सहायक शिक्षक, योग्यता मध्यमा । मैट्रिक, कोटि-SC & EBC का है। विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिनों के अंदर विद्यालय सचिव के पदनाम से आवेदन पत्र निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पूर्ण विवरण के साथ स्वीकार किये जायेंगे।

(2) उम्र सीमा : आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को सहायक शिक्षक पद के अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होना अनिवार्य है। अधिकतम आयु सीमा वही होगी, जो राज्य सरकार (सामान्य प्रशासन विभाग) द्वारा निर्धारित होगा।

(3) आरक्षित कोटि के उम्मीदवार आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगें अन्यथा आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा।

(4) आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे।

(5) अंतर्वीक्षा की सूचना अलग से विद्यालय सचिव द्वारा दी जायेगी। अंतर्वीक्षा में सम्मिलित होने के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

(6) सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य होगा।

(7) नियुक्ति की सम्पूर्ण प्रक्रिया बिहार राज्य अराजकीय प्रस्वोकृत संस्कृत (मध्यमा स्तर तक) के शिक्षकों की सेवा शर्त नियमावली-2015 के अनुरूप होगी।

सचिव
श्री लक्ष्मी कुँअर संस्कृत प्राथमिक सह मध्य विद्यालय
लालबाजार, बेतिया, पश्चिम चम्पारण

# पहली से कहीं ज्यादा बड़ी होगी पुष्पा-2

## सरप्राइजिंग होगा हर किरदार



दक्षिण भारत के सुपर सितारे अल्लू अर्जुन के करियर में वर्ष 2021 में प्रदर्शित हुई लेखक निर्देशक सुकुमार की पुष्पा ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस फिल्म की अप्रत्याशित पैन इंडिया सफलता ने अल्लू अर्जुन को राष्ट्रीय सितारे की हैसियत प्रदान की। इस फिल्म का फीवर दर्शकों के सिर चढ़कर बोला था और इसी के साथ 'पुष्पा' ने देश और दुनिया में रिकॉर्ड तोड़ कमाई भी की थी। वहीं दर्शकों को अब 'पुष्पा 2' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना ने मुख्य नायिका की भूमिका निभाई थी, जो पुष्पा-2 में भी हैं। हाल ही में उन्होंने एक साक्षात्कार में पुष्पा-2 को लेकर बातचीत की थी।

रिपोर्ट के मुताबिक रश्मिका ने 'पुष्पा 2' बारे में बात की और वादा किया कि सुकुमार निर्देशित फिल्म पहले से कहीं ज्यादा बड़ी होगी। रश्मिका ने कहा, यह बहुत अच्छी चल रही है। हमें फिल्म बनाने में लगभग 50 से ज्यादा दिन हो चुके हैं और अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है, लेकिन जैसा कि मैं हमेशा अपने दर्शकों से वादा करती रहती हूं कि यह पहले से कहीं ज्यादा बड़ी होने वाली है। इसमें बहुत मेहनत की गई है और डिटेल्स पर काफी ध्यान दिया गया है। हर किरदार पर बहुत ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है और यह सरप्राइजिंग है। वैसे इससे पहले भी रश्मिका ने 'पुष्पा 2' पर अपडेट शेयर किया था। पिंकविला को दिए इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुलासा किया था कि उन्होंने पुष्पा 2 के लिए एक गाने की शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने कहा था, हमने पहली फिल्म में कुछ पागलपन दिखाया, पार्ट 2 में, हम जानते हैं कि हमारी एक ज़िम्मेदारी है क्योंकि लोगों को फिल्म से बहुत उम्मीदें हैं। हम लगातार और एक्टिवली इसे डिलीवर करने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने अभी-अभी पुष्पा 2 के लिए एक गाने की शूटिंग की और मैंने कहा, आप लोग इस बारे में कैसे सोच रहे हैं? हर कोई एक अच्छी फिल्म बनाने के लिए इंस्पायर होता है। हम सभी बाहर गए हैं और इस प्रोसेस को एंजॉय कर रहे हैं। यह एक ऐसी कहानी है जिसका कोई एंड नहीं है, आप इसे किसी भी निर्देशन में ले जा सकते हैं। यह मजेदार है। 'पुष्पा: द राइज़' साल 2021 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को भी सुकुमार ने लिखा था और डायरेक्ट भी किया था। ये फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। तभी से फैंस पुष्पा 2: द रूल को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। खबरें हैं कि 'पुष्पा 2' की शूटिंग का अब फाइनल शेड्यूल चल रहा है। 'पुष्पा 2' से अल्लू अर्जुन का फर्स्ट लुक रिवील हो चुका है। पोस्टर में वह साड़ी पहने हुए नजर आए थे और उनका चेहरा नीले और लाल रंग से रंगा हुआ था। दर्शकों को अब रश्मिका मंदाना के फर्स्ट लुक पोस्टर का इंतजार है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 15 अगस्त 2024 को दस्तक देगी।

# मैंने दिवंगत एक्टर इरफान खान से बहुत कुछ सीखा

रसिका दुग्गल ने अपनी एक्टिंग और प्रतिभा से फिल्म इंडस्ट्री में एक अलग मुकाम हासिल किया है। उन्होंने फिल्मों और ओटीटी दोनों ही प्लेटफॉर्म पर कमाल का काम किया है। रसिका को मिर्जापुर के बीना त्रिपाठी के किरदार के लिए खूब प्रशंसा मिली। रसिका ने हामिद, ह्यूमरसली योर्स, मंटो, किस्सा-किस्सा, दिल्ली क्राइम जैसे प्रोजेक्ट्स में भी बेहतरीन काम किया है। रोल चाहे कॉमिक हो या सीरियस, रसिका हमेशा खरी उतरी हैं।

पहले मेरे अंदर आत्मविश्वास की कमी थी

रसिका बोलीं- एक समय पर मेरे अंदर आत्मविश्वास की कमी थी, क्योंकि एक्सपीरियंस कम था। मेरे घर में हमेशा एक बात थी- कि जो करना है कर लो। हम दो बहनें हैं। मेरे मम्मी-पापा बहन पर प्रेशर जरूर बनाते थे, पर मुझपे नहीं। उनको लगता था, मैं जो भी करूंगी, ठीक-ठाक कर लूंगी।

### मैंने वही किया, जो मुझे सही लगा

रसिका ने अपनी FTI जर्नी के बारे में बात की। उन्होंने कहा- FTI जॉइन करते वक्त मैंने ये नहीं सोचा था कि स्टार बनना है। बस मुझे कोर्स इंटेरेस्टिंग लगा था। हमेशा से पता था कि वहां लोग विज्डम ट्री के नीचे बैठकर फिल्मों के बारे में सब सीख जाते हैं। 70 के दशक में जो भी इंडस्ट्री में आया था, वो FTI से ही आया था। मेरे पेरेंट्स भी सपोर्ट में थे। उन्होंने मेरे डिसिजन को सीरीयस नहीं लिया था। मैं FTI से ग्रैजूएशन करके मुंबई आई। उस वक्त पेरेंट्स ने कहा था कि अगर काम ना मिले तो वापस आ जाना। उस समय मैंने मनीष झा के साथ अनवर फिल्म, अनुराग कश्यप के साथ नो स्मोकिंग की थी। बहुत लोगों ने कहा था कि अगर बड़े रोल करने हैं, तो छोटे रोल नहीं करने चाहिए। लेकिन मैं समझ नहीं पा रही थी कि लोगों को अपने काम से कैसे परिचय कराऊंगी। हालांकि मैंने वही किया जो मुझे सही लगा। मैंने छोटे-छोटे रोल भी किए क्योंकि मुझे एक्सपीरियंस चाहिए था। मैं चाहती थी लोग मुझे जाने, मेरे काम को पहचानें। सच कहूं तो मेरा ये डिसिजन बिल्कुल सही निकला।

रसिका ने दिवंगत एक्टर इरफान खान के साथ किस्सा-किस्सा में काम किया। उन्होंने इरफान खान के साथ अपना एक्सपीरियंस शेयर करते हुए बताया- उस फिल्म में मैंने इरफान खान से बहुत कुछ सीखा। मैंने सीखा कि अपने को-एक्टर की इज्जत कैसे करें। इरफान खान स्टार थे। उन्होंने कभी मुझे ऐसा महसूस नहीं कराया कि मैं जूनियर हूं और वो सीनियर हैं। उन्होंने कभी मुझे इन्स्ट्रक्शन नहीं दिए।





# 22 साल बाद निर्देशन में लौट रहे हैं अनुपम तन्वी द ग्रेट का करेंगे निर्देशन

करीब 4 दशक से दर्शकों के दिलों पर राज कर रहे दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर गुरुवार (7 मार्च) को अपना जन्मदिन मनाया। अनुपम 69 साल के हो गए हैं। उनके फैंस और फिल्म इंडस्ट्री के लोग उन्हें जमकर बधाइयां और शुभकामनाएं दे रहे हैं। अनुपम ने भी अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें अनुपम ने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर घोषणा की है। शूटिंग 8 मार्च को महाशिवरात्रि के मौके पर शुरू की जाएगी। वीडियो में अनुपम अपनी मां से आशीर्वाद लेते दिख रहे हैं। अनुपम ने कैप्शन में लिखा, आज अपने जन्मदिन पर, मैं गर्व से उस फिल्म के नाम (तन्वी द ग्रेट) की घोषणा करता हूं जिसे मैंने निर्देशित करने का फैसला किया है। कुछ कहानियां अपना रास्ता खोज लेती हैं और आपको इसे दुनिया के साथ शेयर करने के लिए मजबूर कर देती हैं! और शुरुआत करने का सबसे अच्छा तरीका जो मैंने सोचा वह यह है कि मैं अपनी मां दुलारी के मंदिर जाऊं और उनका आशीर्वाद लूं और अपने पिता की तस्वीर का भी आशीर्वाद लूं। मैं पिछले कुछ सालों से जुनून, साहस, मासूमियत और खुशी की इस संगीतमय कहानी पर काम कर रहा हूं। जन्मदिन खुद को चुनौती देने का सबसे अच्छा दिन है! कृपया मुझे अपना प्यार, शुभकामनाएं और आशीर्वाद भेजें! ओम नमः शिवाय!


# जैकलीन के अपार्टमेंट में लगी आग



बुधवार की रात को बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस की बिल्डिंग में आग लग गई जिससे हर तरफ हड़कंप मच गया। सीना की बिल्डिंग में आग लगने का वीडियो सामने आया है जिसमें आप देख सकते हैं कि किस तरह आग की चपेट में पूरा फ्लोर आ गया है। लोग हैरान-परेशान हो गए और उनकी सलामती के बारे में पूछने लगे। गनीमत यह है कि आग एक्ट्रेस के फ्लोर पर नहीं लगी और वह बिल्कुल सुरक्षित है .नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात यहां के आलीशान पाली हिल इलाके में एक 17 मंजिला इमारत की 14वीं मंजिल पर आग लग गई। उन्होंने कहा कि कोई भी घायल नहीं हुआ और डेढ़ घंटे से अधिक की कोशिश के बाद आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारी ने कहा, रात करीब आठ बजे नरगिस दत्त रोड पर नवरोज हिल सोसायटी की 14वीं मंजिल पर आग लग गई। कम से कम चार दमकल गाड़ियों और फायर ब्रिगेड वाहनों को घटनास्थल पर भेजा गया और रात करीब 9.35 बजे आग पर काबू पा लिया गया। आग एक कमरे में रखे घरेलू सामान और लकड़ी के फर्नीचर तक ही सीमित थी। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# पुष्पा-2 में हुई संजय दत्त की एंट्री

इस वर्ष की बहुचर्चित और बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा-2 को लेकर दर्शकों में जबरदस्त क्रेज है। दर्शक बड़ी बेसब्री से 15 अगस्त को इस फिल्म के प्रदर्शन की राह तक रहे हैं। अल्लू अर्जुन अभिनीत पुष्पा- द राइज ने देशभर में जो माहौल बनाया उसने फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर भी जमकर कमाई जुटाकर दी। वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ से ज्यादा कमाने वाली इस फिल्म का सोशल मीडिया पर अलग ही क्रेज था। अब पुष्पा 2 पर काम शुरू हो चुका है और इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही इस फिल्म की हर डिटेल बहुत दबाकर रखी जा रही है। मगर अब एक ऐसी जानकारी सामने आ रही है जिससे देशभर के इसके दर्शकों को अलग ही मजा आएगा। रिपोर्ट्स का मानें तो अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा 2 में बॉलीवुड के खलनायक की एंट्री होने जा रही है। सियासत की एक रिपोर्ट बताती है कि संजय दत्त को, निर्देशक सुकुमार की इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण किरदार के लिए अप्रोच किया गया है। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले ऐसी खबरें आई थीं कि पुष्पा के निर्देशक सुकुमार ने, सीक्वल के लिए किसी ए-ईस्ट बॉलीवुड एक्टर को कास्ट करने का फैसला किया है। रिपोर्ट्स में ये भी सामने आया कि संजय का किरदार पुष्पा 2 में कैसा होने वाला है। बताया जा रहा है कि वो फिल्म में एक बड़े प्रभावशाली व्यक्ति का किरदार निभाने वाले हैं। उनका किरदार कहानी के प्लॉट में एक एक्स्ट्रा लेयर ऐड करेगा। हालांकि अभी यह पता नहीं चला है कि उनका यह किरदार पूरी फिल्म में होगा या नहीं या फिर कहीं उनका किरदार एक्सटेंडेट कैमियों तो नहीं होगा। इससे पहले ये भी रिपोर्ट्स आई थीं कि पुष्पा 2 में दमदार एक्टर मनोज बाजपेयी भी काम करने जा रहे हैं।





# लेखा पर घर तोड़ने का आरोप लगते देखते गुस्सा होते हैं इमरान

आमिर खान के भांजे इमरान खान लंबे समय से अभिनय की दुनिया से दूर हैं। बीते कुछ समय से इमरान फिर से फिल्मों में वापसी के लिए संघर्षरत हैं। वे पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर लगातार पोस्ट शेयर कर अपनी पुरानी फिल्मों को याद कर रहे हैं। साथ ही संकेत भी मिल रहे हैं कि वे जल्द ही किसी न किसी फिल्म में नजर आएंगे। फैंस भी उन्हें बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं। इमरान जनवरी में अपनी ममेरी बहन आयरा खान की शादी में गर्लफ्रेंड लेखा वाशिंगटन के साथ नजर आए थे। इमरान पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इमरान ने अवंतिका मलिक के साथ शादी की थी मगर अब ये कपल अलग हो चुका है। इमरान और अवंतिका के अलग होने की पहली खबर साल 2019 में आई थी। अब इमरान ने एक इंटरव्यू में कंफर्म कर दिया कि अलग होने की खबरें सच थीं। इमरान ने वोग इंडिया को दिए इंटरव्यू में कहा कि लेखा के साथ जो मेरे रिलेशनशिप की खबरें आ रही हैं वो सच हैं। मेरा फरवरी 2019 में तलाक हो गया था। लोग लेखा पर मेरा घर तोड़ने का आरोप लगा रहे हैं जिससे मुझे गुस्सा आता है। लेखा और मैं लॉकडाउन में करीब आए। अवंतिका से अलग होने के डेढ़ साल बाद और लगभग एक साल बाद जब वह अपने पार्टनर से अलग हुई थी, पति से नहीं, जैसा कि हर जगह कहा जा रहा है।

# वर्धन पुरी ने पूरी की रोमांटिक थ्रिलर ब्लडी इश्क की शूटिंग!

हालिया रिलीज दशमी में अपने दमदार और प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए प्रशंसित वर्धन पुरी एक बार फिर सुर्खियां बटोर रहे हैं क्योंकि उन्होंने विक्रम भट्ट और महेश भट्ट की आगामी प्रोजेक्ट , ब्लडी इश्क की शूटिंग पूरी कर ली है। इसमें बालिका वधू फेम अविका गौर नज़र आएँगी। वर्धन ने फिल्म और इससे मिले अनूठे अनुभव के प्रति अपना उत्साह व्यक्त किया। शूटिंग पूरी होने की पुष्टि करते हुए, वर्धन ने साझा किया, हां, मुख्य फोटोग्राफी पूरी हो चुकी है, और विक्रम सर, भट्ट (महेश) साहब और मेरी सीओ स्टार और फ्रेंड अविका के साथ काम करना एक खूबसूरत अनुभव था। मैं कह सकता हूं कि यह एक ऐसा अनुभव रहा है जिसे मैं हमेशा महत्व दूंगा। फिल्म की शैली के बारे में बात करते हुए, वर्धन ने खुलासा किया, यह फिल्म उस दुनिया से संबंधित है जिसमें विक्रम सर माहिर हैं। बस उन्हें और महेश भट्ट साहब को हर रोज सीन का निर्माण करते हुए और चीजों को व्यवस्थित रूप से एक साथ रखते हुए देखना आनंददायक अनुभव था। अनुभवी टेक्नीकल टीम , दमदार स्टोरी , और प्रतिभाशाली अभिनेत्री अविका गौर के साथ काम करने का अनुभव बहुत ही जबरदस्त था। ब्लडी इश्क के अलावा, वर्धन पुरी के लिए यह साल व्यस्त रहने वाला है और उनके कई प्रोजेक्ट पाइपलाइन में हैं। इनमें जियो स्टूडियोज के लिए कुणाल कोहली द्वारा निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी भी शामिल है।






## संक्षिप्त समाचार

### सीग्राम के रॉयल स्टैग बूमबॉक्स का सीज़न 2 मध्य प्रदेश में ऑन–ग्राउंड अनुभव से शुरू हुआ

**विदिशा।** लिविंग इट लार्ज' की भावना के साथ सीग्राम का रॉयल स्टैग अपनी तरह के ख़ास म्यूजिक फेस्टिवल, रॉयल स्टैग बूमबॉक्स का दूसरा संस्करण पेश कर रहा है, जिसमें बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा धुनों और हिप-हॉप का बेहतरीन मिश्रण है। इस साल इस म्यूजिकल अनुभव के पहले ऑन-ग्राउंड अनुभव का आयोजन 2 मार्च, 2024 को इंदौर, मध्य प्रदेश में हुआ। यह शहर तब जीवंत हो उठा, जब रॉयल स्टैग बूमबॉक्स में संगीत उद्योग के विपरीत ध्रुव एक नया संगीत, एक नया साउंडस्केप बनाने के लिए एक साथ आए।लगभग 10,000 उत्साहित दर्शकों के साथ इंदौर में रॉयल स्टैग बूमबॉक्स की युवा ऊर्जा की लहर दौड़ गई। आयोजन स्थल (वेल्वेट गार्डन) जीवंत रंगों और ध्वनियों से जगमगा रहा था। आगंतुकों को एक ही छत के नीचे संस्कृति, व्यापार, भोजन और अनेक इंटरैक्टिव अनुभवों का आनंद मिल रहा था। यह अवसर स्पष्ट रूप से युवा माहौल में डूबा हुआ था, जो इस शहर की जीवंत भावना को प्रतिध्वनित कर रहा था, और एक साल पहले शहर में रॉयल स्टैग बूमबॉक्स के पहले ऑन-ग्राउंड अनुभव की यादें ताजा कर रहा था। इस शाम का समाँ मुख्य कार्यक्रमों के साथ अनेक आकर्षक प्रदर्शनों ने बांध दिया, जिनमें स्थानीय बैंड, डांसर, फ़्लिपर्स और बीटबॉक्सर्स के प्रदर्शन शामिल थे।

### टाटा प्ल अनुभवहीन उद्यमियों और बाजार में अनुभवी विशेषज्ञों का एक अनूठा मिश्रण लेकर आया

**मुंबई, एजेंसी।** टाटा प्ले पर सुनील शेट्टी के एफटीसी टेलेंट के साथ गठबंधन मे हर घर स्टार्टअप आपके लिए व्यवसाय की दृष्टि से अनुभवहीन उद्यमियों और बाजार में अनुभवी विशेषज्ञों का एक अनूठा मिश्रण लेकर आया है। यह मंच उभरते हुए उद्यमियों को अपने व्यवसाय को बढ़ाने और उसका विस्तार करने का मार्गदर्शन भारत में सर्वोच्च व्यावसायिक संगठनों से प्रदान कर रहा है। महिला दिवस के अवसर पर हर घर स्टार्टअप बैंगलोर बायोटेक्नोलॉजी कंपनी, बायोकॉन लिमिटेड की चेयरपर्सन और फाउंडर, किरन मजूमदार शॉ के साथ एक विशेष कड़ी प्रस्तुत कर रहा है। इसमें मेजबान निखिल कामत के साथ वो व्यवसाय में अपने शुरुआती सफर और कंपनी खड़ी करने में आने वाली कठिनाईयों के बारे में बताएंगी। देखिए यह महिला दिवस का विशेष धारावाहिक हर घर स्टार्टअप में केवल टाटा प्ले पर।अपने व्यवसाय की शुरुआत के बारे में किरन मजूमदार ने कहा, ''जब मैंने बायोकॉन की शुरुआत की, तब मैं केवल 25 साल की थी। जब मैंने बायोकॉन शुरू करने का निर्णय लिया, तब वह मेरे जीवन का एक नया चरण था। अब जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूँ, तो लगता है कि वह एक मूर्खतापूर्ण साहस था। क्योंकि यह रास्ता बहुत मुश्किल था।

### एसरी इंडिया ने 2024 यंग स्कॉलर प्रोग्राम की घोषणा की

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) सॉफ्टवेयर एवं सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनी एसरी इंडिया ने देशभर से जियोस्पैटियल क्षेत्र से स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को पहचान देने और उन्हें सशक्त करने के लिए प्रतिष्ठित 2024 एसरी इंडिया यंग स्कॉलर प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की। इस प्रोग्राम का लक्ष्य कैलिफोर्निया के सैन डियेगो में प्रतिष्ठित एसरी यूज़र कॉन्फ्रेंस में जीआईएस मे अपना असाधारण कार्य दिखाने और साथी विद्यार्थियों के वैश्विक नेटवर्क से जुड़ने के लिए विद्यार्थियों को एक अनूठा मंच उपलब्ध कराना है।

# सुधा मूर्ति 775 करोड़ की हैं मालकिन, हर साल करती हैं करोड़ों की कमाई

## ब्रिटेन के पीएम के साथ है खास रिश्ता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इन्फोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अब वह जल्द ही राज्यसभा में दिखाई देंगी। सुधा मूर्ति को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने खुद इसकी जानकारी अपने एक्स अकाउंट पर दी है। पीएम मोदी ने लिखा है कि उन्हें खुशी है कि भारत की राष्ट्रपति ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। सुधा जी का सामाजिक कार्यों, वंचितों के लिए आर्थिक मदद और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान है। जो हम सभी को प्रेरणा देता है। सुधा मूर्ति को लेखक, सोशल वर्कर और मोटिवेशनल स्पीकर के तौर पर जानी जाती है। सुधा मूर्ति के पास



भले ही करोड़ों की दौलत हो, लेकिन वह बहुत ही सीधी और सादगी भरी जिंदगी जीती हैं।

पिछले साल सोशल मीडिया पर उनकी एक फोटो काफी वायरल हुई थी। इस तस्वीर में वो जमीन पर बैठकर , मिट्टी के चूल्हे पर, मिट्टी के बर्तन में खाना बना रही है। उनकी सादगी देखकर हर कोई हैरान था। साधारण सी साड़ी पहनकर मिट्टी के बर्तन में, चूल्हे पर पोंगल बना रही सुधा मूर्ति को कई लोग पहचान भी नहीं पाए थे।

समाजसेवा में व्यस्त रहने वाली सुधा मूर्ति का मानना है कि इस समाज से उन्हें काफी कुछ मिला है, अब उसे लौटाने की बारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुधा मूर्ति के नेटवर्थ करीब 775 करोड़ के करीब है। सुधा मूर्ति की सादगी और शांत स्वभाव लोगों के लिए सीख है। वहीं उनकी सालाना कमाई 300 करोड़ रुपये बताई जाती है। सुधा ने अपना करियर एक कंप्यूटर साइंटिस्ट के तौर पर शुरू किया था। आज वो इंफोसिस फाउंडेशन की चेयरपर्सन और गेट फाउंडेशन की हेल्थकेयर मेंबर हैं।

### पद्म श्री से सम्मानित

सुधा मूर्ति को 2006 में सामाजिक कार्यों के लिए पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वहीं 2023 में इन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। सुधा मूर्ति एक सर्जन आरएच कुलकर्णी और उनकी पत्नी विमला कुलकर्णी की बेटी हैं। सुधा मूर्ति के दो बच्चे अक्षता और रोहन मूर्ति हैं. इनकी बेटी अक्षता मूर्ति का विवाह ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक से हुई है।

सुधा मूर्ति की बेटी अक्षता मूर्ति ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी हैं। इतनी ताकतवर महिला होने के बावजूद उनका सौम्य स्वभाव और सादगी भरा जीवन लोगों को प्रेरित करता है।

# छुट्टी के दिन सरकारी कंपनी ने किया डिविडेंड देने का ऐलान, 85 प्रतिशत का फायदा,

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकारी कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड को लेकर बड़ी खबर आई है। कंपनी ने छुट्टी के दिन निवेशकों के बीच डिविडेंड देने का ऐलान किया है। कंपनी ने इस डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट को भी घोषित कर दिया है। जोकि 20 मार्च से पहले है। पिछले 6 महीने में कंपनी के शेयरों की कीमतों में भी तेज उछाल देखने को मिली है। बता दें, महाशिवरात्रि की वजह से आज यानी शनिवार को बाजार बंद है। कंपनी ने शुक्रवार को एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा है कि 8 मार्च को कंपनी के बोर्ड के सदस्यों ने डिविडेंड देने का फैसला किया है। कंपनी ने कहा है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 8.50 रुपये का दूसरा अंतरिम डिविडेंड योग्य निवेशकों को मिलेगा। यानी हर एक शेयर पर 85 प्रतिशत का फायदा होगा। बता दें, कंपनी ने डिविडेंड के लिए 18 मार्च 2024 तय किया है। गुरुवार को कंपनी के एक शेयर का भाव 630.10 रुपये प्रति शेयर था। पिछले एक महीने के दौरान कंपनी के शेयरो की कीमतों में 29 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, 3 महीने में स्टॉक का भाव 99.10 प्रतिशत बढ़ा है। डाटा के अनुसार कंपनी के शेयरों की कीमतों में 6 महीने के दौरान 123 प्रतिशत की उछाल देखने को मिली है। एक साल से स्टॉक को होल्ड करने वाले इनवेस्टर्स को अबतक 140 प्रतिशत का फायदा हो चुका है। बता दें, दिसंबर 2023 की शेयर होल्डिंग के अनुसार में कंपनी सरकार की कुल हिस्सेदारी 56.7 प्रतिशत है।

# ओला इलेक्ट्रिक ने दी नई सौगात 31 मार्च तक अपने एस1 पोर्टफोलियो की कीमत को 25,000 रुपये तक घटाया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** इलेक्ट्रिक स्कूटर को पसंद करने वालों के लिए एक खुशखबरी, ओला इलेक्ट्रिक ने मार्च महीने के लिए अपने एस 1 स्कूटर पोर्टफोलियो की कीमतों में 25,000 रुपये तक छूट की घोषणा करी है। उनके इस बड़े कदम को उठाने का उद्देश्य भारत के विद्युतीकरण प्रयासों में तेजी लाकर ईवी अपनाने में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करना है। कीमत में कटौती कंपनी की मजबूत कीमत संरचना के साथ-साथ मजबूत एकीकृत इन-हाउस प्रौद्योगिकी और विनिर्माण क्षमताओं और विनिर्माण प्रोत्साहन की काबिलियत के कारण हुई।

अब ओला एस1 चाहने वालों के लिए उनकी इच्छा पूरी करने का समय आ गया है, क्योंकि एफएएमई (फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स) योजना 31 मार्च 2024 को समाप्त होने की संभावना है और ईवी की कीमतों में बड़ा बदलाव हो सकता है। एक आकर्षक कीमत वाले उत्पाद पोर्टफोलियो के साथ ओला एस1 स्कूटर किसी भी पारंपरिक आईसीई वाहन से बेहतर परफॉर्मेंस देता है। इसी वजह से यह स्कूटर हर साल लगभग 30,000 रुपये तक की बचत के साथ बाजार में बेहतर विकल्प बन जाता है।

हाल ही में, ओला इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट उद्योग में प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना के तहत घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) प्रमाणपत्र हासिल करने वाली पहली भारतीय 2व्हीलर कंपनी बन गई है। पीएलआई प्रमाणन कंपनी की वर्टिकली एकीकृत



विनिर्माण क्षमताओं का सबूत है, जिसने इसकी मजबूत स्थानीयकृत आपूर्ति श्रृंखला इकोसिस्टम और सरकारी सब्सिडी के साथ मिलकर कंपनी को कीमतों को दुबारा तय करने में मदद की है।

ओला इलेक्ट्रिक ने हाल ही में ईवी को अपनाने में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने की कोशिश में उत्पादों, सेवा, चार्जिंग नेटवर्क और बैटरी वारंटी आदि से जुड़ी कई पहलों की घोषणा की है।

एस 1 एक्स (4किलोवॉट घंटा) के लॉन्च के साथ - साथ ओला इलेक्ट्रिक ने अपने पोर्टफोलियो को छह सर्वश्रेष्ठ श्रेणी के उत्पादों तक बढ़ाया है, जो अलग-अलग कीमतों पर अलग-अलग रेंज की ग्राहकों की ज़रूरतों को पूरा करती हैं। कंपनी ने बिना किसी अतिरिक्त लागत के उत्पादों की पूरी श्रृंखला के लिए उद्योग में पहली बार 8 साल/80,000 किलोमीटर की विस्तारित बैटरी वारंटी भी लॉन्च करी है। यह एक ऐसा कदम है, जो वाहनों के जीवनकाल को आईसीई वाहनों के मुकाबले 2एक्स बढ़ा देगा। ईवी अपनाने के लिए सबसे बड़ी बाधा को ध्यान में रख कर यह कदम उठाया गया है। इसके अलावा ओला इलेक्ट्रिक ने अप्रैल 2024 तक देश भर में अपने सेवा नेटवर्क को मौजूदा 414 सेवा केंद्रों से 600 केंद्रों तक 50त्न तक बढ़ाने की योजना का भी खुलासा किया है।

# सिग्नोरिया क्रिएशन लिमिटेड का आईपीओ 12 मार्च, 2024 को खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** सिग्नोरिया क्रिएशन लिमिटेड, सिग्नोरिया ब्रांड नाम के तहत महिलाओं के परिधान का निर्माण और बिक्री करने वाली एक प्रमुख निर्माता, ने 12 मार्च, 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत अप्पर प्राइस बैंड पर ?9.28 करोड़ एकत्र करने का है. कंपनी के शेयरों को एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट किया जाएगा.

आईपीओ से प्राप्त शुद्ध रकम का उपयोग कार्यशील पूंजी की जरूरत का वित्त पोषण करने और आम कॉर्पोरेट खर्चों को पूरा करने के लिए किया जाएगा. एंकर पोर्शन की बिडिंग 11 मार्च, 2024 को खुलेगी और इश्यू 14 मार्च, 2024 को बंद होगा. इश्यू की बुक रनिंग लीड मैनेजर होलानी कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड है और इश्यू की रजिस्ट्रार बिगशेयर सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड है.

चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री वासुदेव अग्रवाल ने कहा, हम सहर्ष सिग्नोरिया क्रिएशन लिमिटेड के आईपीओ की घोषणा करते हैं,जो हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है. यह आफरिंग महिला परिधान उद्योग में ग्रोथ एवं इनोवेशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है. प्रोडक्ट्स के विभिन्न रेंज के साथ परंपरागत कुर्तीज से लेकर कंटेंपरेरी को-ऑर्ड सेट्स तक हमारा हमेशा से उद्देश्य हमारे ग्राहकों के उभरते




टेस्ट को पूरा करना है. आईपीओ के फंड का उपयोग हमारी कार्यशील पूंजी की जरूरत पूरी करने के साथ फैशन- फॉरवर्ड, आरामदायक और ट्रेंडी क्लॉथिंग विकल्पों की डिलीवरी करने की हमारी प्रतिबद्ध की फिर से पुष्टि भी करता है. हम आगे आने वाले अवसरों के बारे में भी रोमांचित है और हमारे ग्राहकों को विशिष्ट प्रोडक्ट्स अनुभव प्रदान करने के हमारे मिशन के प्रति दृढ़ बने हुए हैं. होलानी कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर, श्री अशोक होलानी ने कहा, हम सिग्नोरिया क्रिएशन लिमिटेड की आईपीओ यात्रा का हिस्सा बनकर हर्षित है. महिला परिधान क्षेत्र में एक लीडर के रूप में सिग्नोरिया की ख्याति से यह बढ़कर है और यह आईपीओ कंपनी के लगातार ग्रोथ और सफलता की यह एक कसौटी है. मजबूत ब्रांड पहचान और मलिटी प्रोडक्ट्स डिलीवर करने के ट्रैक रिकॉर्ड के साथ सिग्नोरिया नए बाजार सुअवसरों का लाभ लेने के लिए बेहतर स्थिति में है. हम सिग्नोरिया को उसके आईपीओ के लिए हमारी शुभकामनाएं देते हैं.

# मूडीज ने भारत के विकास दर का अनुमान 8 फीसदी तक बढ़ाया ; सबसे तेजी से बढ़ने वाला जी20 देश भी बनेगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत आने वाले दिनों में सबसे तेजी से बढ़ने वाला जी20 देश बन सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सकारात्मक संदेश देते हुए एक दिन पहले कहा था कि चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि दर 8 फीसदी के करीब रह सकती है। इसके अगले ही दिन अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कहा, मजबूत घरेलू खपत और पूंजीगत व्यय के कारण वित्त वर्ष 2024 में भारत की जीडीपी 6.6 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 8 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ने का अनुमान है।

# आने वाला है कमाई का मौका ! अगले हफ्ते खुल रहे इन कंपनियों के आईपीओ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप आईपीओ में निवेश करना पसंद करते हैं तो आपके लिए शानदार मौका आने वाला है। अगले सप्ताह दो कंपनियों के आईपीओ खुलने जा रहे हैं। इन आईपीओ में निवेश करके आप अच्छी कमाई कर सकते हैं। पिछले दिनों भी कई कंपनियों के आईपीओ खुले हैं। इनमें से कुछ में निवेशकों को अच्छा मुनाफा शानदार मुनाफा हुआ है। वहीं कुछ में नुकसान भी उठाना पड़ा है। अगले सप्ताह जिन कंपनियों के आईपीओ खुलने जा रहे हैं, उनमें पॉपुलर व्हीकल्स एंड सर्विसेज और क्रिस्टल इंटिग्रेटेड सर्विसेज शामिल हैं।




हालांकि आप किसी भी आईपीओ में बिना जानकारी के निवेश न करें। किसी भी आईपीओ में निवेश करने से पहले एक बार अपने वित्तीय सलाहाकार से बात जरूर कर लें। ऐसा नहीं करने पर आपको आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ सकता है। आईए आपको बताते हैं अगले सप्ताह खुलने जा रहे आईपीओ के बारे में। वाहन डीलरशिप सेक्टर की कंपनी पॉपुलर व्हीकल्स एंड सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ 12 मार्च को खुलने जा रहा है। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 280–295 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। इस आईपीओ में निवेशक 14 मार्च तक पैसा लगा सकते हैं। आईपीओ में 250 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे।

# ओप्पो ने किया एफ25प्रो लॉन्च

## फ्रंट और बैक दोनों कैमरों पर 4च रिकॉर्डिंग के साथ सबसे स्लिम आइपी65 रेटेड 5जी स्मार्टफोन

**मुंबई, एजेंसी।** ओप्पो इंडिया ने एफ25 प्रो 5जी को दो स्टोरेज वेरिएंट में लॉन्च किया है। पहला मात्र 23,999 रुपये में (128 जीबी) और दूसरा 25,999 रुपये में (256जीबी) मिल सकेगा। यह स्मार्टफोन जो नए लावा रेड रंग में मिलेगा, उसमें फ्रंट और रियर शूटर पर 4च वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ 64एमपी का रियर ट्रिपल-कैमरा सेटअप है। साथ ही 6.7 इंच बॉर्डरलेस एमोलेड डिस्प्ले, ऑक्टा-कोर डाइमेंसिटी 7050 स्पष्ट और 67-5000एमएएच तेजी से चार्ज होने वाली बैटरी दी गई है। इतना ही नहीं इसमें आइपी65 रेटिंग है तथा इसमें 7.54 मिमी की पतली प्रोडक्ट फ़ाइल है और स्केल सिर्फ 177 ग्राम पर झुका हुआ है।

लॉन्च के बारे में बताते हुए, ओप्पो इंडिया में प्रोडक्ट कम्युनिकेशंस के डायरेक्टर, सवियो डिसूजा ने कहा, ÷ ओप्पो एफ25 प्रो 5जी फ्रंट और रियर दोनों कैमरों पर 4च वीडियो रिकॉर्डिंग, एक मजबूत, साफ सुथरा बॉर्डरलेस डिस्प्ले आदि कई प्रीमियम सुविधाओं से बना है। साथ ही इसमें सेगमेंट में सबसे तेज फोटोग्राफी और दक्षता के लिए स्मार्ट एआई प्रौद्योगिकियां दी गई है। इतना ही नहीं अपनी पतली, हल्की, टिकाऊ बनावट के साथ एफ25 प्रो 5जी उन लोगों के लिए एकदम सही विकल्प है एफ25 प्रो 5जी का 120॥5 एमोलेड डिस्प्ले 93.4जी स्क्रीन-टू-बॉडी अनुपात




के लिए बिल्कुल बारीक बेजल्स के साथ आता है, जिससे बॉर्डर लगभग न के बराबर दिखाई देगा। इसकी 10-बिट कलर टेक्नोलोजी दृश्यों में प्राकृतिक ग्रेडिएंट के लिए 1 बिलियन से भी ज़्यादा रंगों और टोन की अनुमति देती है, जबकि 1100 निट्स की इसकी सबसे तेज ब्राइटनेस बारीकियों के साथ एचडीआर कंटेंट तय करती है। इसकी स्क्रीन पर पांडा ग्लास लगा कर इसे सुरक्षित किया गया है, जो इसे लंबे समय तक चलने और खरोंच न लगने की क्षमता को बढ़ाने के लिए दोगुना मजबूती देता है। इसकी बॉडी पीसी-जीएफ - एक पॉलीकार्बोनेट रेज़िन से बनी है, जिसे सुदृढ करने के लिए सामग्री के रूप में ग्लास फाइबर के साथ मिलाया जाता है। इसकी आइपी65 रेटिंग का मतलब है कि यह उच्चतम स्तर की धूल सुरक्षा कवच के साथ आता है और सभी दिशाओं से पानी के जेट का सामना कर सकता है। इसलिए, चाहे पूल के किनारे के कुछ छींटे हों या बारिश में पानी की बूंदें, एफ25 प्रो 5जी को यह सब बड़ी ही आसानी से सहन करने के अनुरूप बनाया गया है।

एफ25 प्रो 5जी की लंबे समय की विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए कठोर परीक्षण और गुणवत्ता जांच से गुजरना पड़ा है। जिसमें 1,00,000 बार इसके वॉल्यूम कि को प्रेस किया गया और 2,00,000 बार पावर बटन को प्रेस किया गया। साथ ही यूएसबी-सी केबल को 20,000 बार प्लग और अनप्लग किया गया।

# रियलमी ने रियलमी 12 सीरीज 5जी पेश करके मिड-प्रीमियम सेगमेंट में हलचल मचाई

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता रियलमी ने आज रियलमी 12 सीरीज 5जी पेश की है। रियलमी 12 सीरीज 5जी सीरीज में दो शानदार स्मार्टफोन- रियलमी 12 5जी और रियलमी 12 5जी लॉन्च किए गए हैं यह रियलमी के सफर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है जो इसकी मेक इट रियल और ब्रांड की एक रिफ्रेश्ड पहचान के अनुरूप है जो यव यूजर्स की जरूरतों से मेल खाती है।इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा आज हमारे सफर का एक महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि हम आज रियलमी 12 सीरीज 5जी में दो शानदार स्मार्टफोन रियलमी 12 5जी और रियलमी 12 5जी लेकर आए हैं यह लॉन्च हमारी संशोधित मेक इट रियल रणनीति के अनुरूप है हमारी ब्रांड की रिफ्रेश्ड पहचान युवा यूजर्स से जुड़ाव विकसित करने के लिए डिजाइन की गई है और उन्हें अपनी श्रेणी की सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजी प्रदान करती है जो उनकी गतिशील जीवनशैली के अनुकूल है ये दोनों स्मार्टफोन हमारी इसी प्रतिबद्धता का




प्रमाण हैं हमारा मानना है कि रियलमी 12 सीरीज 5जी मिड-प्रीमियम सेगमेंट में अद्वितीय मूल्य और प्रदर्शन के साथ हमारी यह प्रतिबद्धता पूरी कर रहा है। मीडियाटेक इंडिया के डिप्टी डायरेक्टर मार्केटिंग और कम्युनिकेशन अनुज सिद्धार्थ ने कहा मेनस्ट्रीम से लेकर फ्लैगशिप सेगमेंट तक सभी स्मार्टफोन को पॉवर मीडियाटेक से मिलती है मीडियाटेक डाइमेंसिटी द्वारा पॉवर्ड नई रियलमी 12 सीरीज 5जी के लिए रियलमी के साथ हमारे सहयोग द्वारा हम अपना ध्यान शानदार टेक्नोलॉजी हर किसी के हाथों में पहुँचाने पर केंद्रित कर रहे हैं मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7050 द्वारा पॉवर्ड रियलमी 12 5जी में मीडियाटेक मीराविजन डिस्प्ले और वीडियो एन्हांसमेंट, एआई-पॉवर्ड कैमरा, 5जी अल्ट्रासेव, ड्युअल 5जी सिम, बेहतर सीपीयू परफॉर्मेंस और मीडियाटेक हाइपरइंजन गेमिंग टेक्नोलॉजी के साथ स्मूथ गेमिंग अनुभव हैं इसके अलावा हम अपने मौजूदा सहयोग को मजबूत बनाने और नई प्रगति की ओर बढ़ने के लिए आशान्वित हैं। मिड-रेंज स्मार्टफोन के मानक बढ़ाते हुए और प्लस अनुभव प्रदान करते हुए रियलमी 12 5जी एक विशेष स्मार्टफोन है जिसमें ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइजेशन, 2एक्स इन-सेंसर जूम और सिनेमैटिक 2एक्स पोर्ट्रेट मोड के साथ सेगमेंट का पहला 50 मेगापिक्सल का सोनी लाइट-600 मुख्य कैमरा दिया गया है जो बहुत ही स्पष्ट डीएसएलआर जैसा पोर्ट्रेट कैप्चर करने में सक्षम है इसका 112ए अल्ट्रा-वाइड कैमरा और 16मेगापिक्सल एचडी सेल्फी कैमरा शानदार सेल्फी लेता है। इसमें 120हर्ट्ज का अल्ट्रा-स्मूथ एमोलेड डिस्प्ले और 67वॉट की सुपरवूक चार्जिंग दी गई है यह स्मार्टफोन लंबे समय तक चले इसके लिए इसमें 5000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी लगी है इसमें 256 जीबी तक की स्टोरेज और डायनामिक रैम तथा आईपी54 डस्ट एवं वाटर रेजिस्टेंस जैसी शानदार विशेषताएं भी हैं यह एंड्रॉयड 14 पर आधारित रियलमी यूआई 5.0 पर चलता है। रियलमी 12 5जी पायोनियर ग्रीन और नेविगेटर बेज में दो स्टोरेज वैरिएंट 8जीबी़128जीबी, 20999 रुपये में और 8जीबी़256जीबी 21999 रुपये में उपलब्ध होगा। 8जीबी़256जीबी वैरिएंट रियलमी.कॉम और फ्लिपकार्ट पर 9 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई और 1000 रुपये के बैंक ऑफर के साथ मिलेगा।

# वुमन डे पर सचिन तेंदुलकर ने शेयर की खूबसूरत कहानी, अपनी फैन को याद किया



**मुंबई (एजेंसी)।** इंटरनेशनल वुमन डे पर भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत कहानी पोस्ट की है। यह कहानी है जैसिंथा कल्याण की जिन्हें भारत में पहली महिला पिच क्यूरेटर होने का मान हासिल हुआ है। सचिन ने इस दौरान साल 2008 की वह फोटो भी शेयर की है जब इंगलैंड के खिलाफ शतक लगाने पर महिला ग्राऊंड स्टाफ उनसे हाथ मिलाने आ गई थी। सचिन ने अपनी पोस्ट में महिला सशिक्तकरण की मजबूती की सराहना की है।

सचिन ने एक्स पर पोस्ट डालकर लिखा- पिछ्ले कुछ वर्षों में भारत और दुनिया भर में खेल में महिलाओं की वृद्धि बहुत उत्साहजनक रही है।

साल 2008 में, 26/11 के बाद, भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ मैच जीता और यह पूरे देश के लिए एक भावनात्मक क्षण था। यह उन पहले लोगों में से एक थी जिनके साथ मैं इस भावना को साझा करने में सक्षम रहा। यह एक महिला ग्राउंड स्टाफ सदस्य थी। वो पल बेहद खास था।

वर्षों बाद 2024 में जैसिंथा कल्याण भारत की पहली महिला पिच क्यूरेटर बनीं। उम्मीद है कि भविष्य में और भी आने वाली हैं, उनमें से वह पहली हैं। इस ध्अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, आइए हम इन रोल मॉडलों को प्रोत्साहित करें और उनकी सराहना करें जो सभी क्षेत्रों में बाधाओं को तोड़े और उदाहरण स्थापित करना जारी रखें।

इंडिया वर्सेस इंग्लैंड

# रोहित -गिल का डबल धमाका

## दोनों ने शतक जड़ बजाई इंग्लैंड की बैंड





इंग्लैंड पर कसा शिकंजा, भारत 473/8, 255 की बढ़त

**धर्मशाला, एजेंसी।** इंडिया वर्सेस इंग्लैंड 5 मैच की टेस्ट सीरीज का 5वां और आखिरी मुकाबला धर्मशाला में खेला जा रहा है। मैच के दूसरे दिन रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने तूफानी बल्लेबाजी कर मेहमानों की बखिया उधेड़ दी है। रोहित ने कप्तानी पारी खेलते हुए इस दौरान टेस्ट करियर का 12वां तो शुभमन गिल ने चौथा शतक जड़ा। यह इन दोनों ही खिलाड़ियों का इस सीरीज का दूसरा शतक है। लंच ब्रेक तक भारत ने इंग्लैंड के 218 रनों के सामने पहली पारी में 1 विकेट के नुकसान पर 264 रन बना लिए हैं। टीम इंडिया के पास 46 रनों की बढ़त है। गिल 101 तो रोहित 102 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

भारत ने दूसरे दिन की शुरुआत 1 विकेट के नुकसान पर 135 रनों से की थी। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की जोड़ी ने दूसरे दिन के पहले सेशन में बिना विकेट खोए 129 रन जोड़े और मेहमानों को बैकफुट पर धकेला। दोनों ही खिलाड़ियों ने इस दौरान इंग्लैंड को आउट करने का एक भी मौका नहीं दिया। अगर इसी तरह अगले सेशन में भी दोनों बल्लेबाजी करते हैं तो भारत आज 400 से अधिक रन बोर्ड पर लगा देगा।

### रोहित शर्मा ने की सचिन तेंदुलकर की बराबरी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का यह इंटरनेशनल क्रिकेट में 48वां शतक है, मगर इनमें से 35 शतक उन्होंने 30 की उम्र के बाद लगाए हैं। उन्होंने भारत के लिए 30 की उम्र के बाद सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में सचिन तेंदुलकर की बराबरी कर ली है। दोनों ही खिलाड़ियों के नाम इस दौरान 35-35 शतक दर्ज हैं।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय:-

9- रोहित शर्मा
4-विराट कोहली
4 - मयंक अग्रवाल
3- अजिंक्य रहाणे
3- केएल राहुल
3-ऋषभ पंत
3-शुभमन गिल
3- यशस्वी जयसवाल
3-रविंद्र जड़ेजा

### रोहित शर्मा ने की राहुल द्रविड़ की बराबरी

रोहित शर्मा इस टेस्ट शतक के साथ भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले संयुक्त रूप से तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने कोच राहुल द्रविड़ की बराबरी की है। दोनों के नाम भारत के लिए 48-48 शतक दर्ज है। इस सूची में विराट कोहली 80 शतकों के साथ दूसरे और सचिन तेंदुलकर 100 शतकों के साथ पहले पायदान पर हैं।

### एशियाई खिलाड़ियों द्वारा सर्वाधिक शतक

50 - सचिन तेंदुलकर
41-विराट कोहली
27 - महेला जयवर्धने
25 - रोहित शर्मा
21- कुमार संगकारा
19 - राहुल द्रविड़
19 - वीरेंद्र सहवाग

रोहित शर्मा ने जब-जब टेस्ट में जड़ा शतक तो कभी नहीं हारा भारत

रोहित शर्मा के टेस्ट करियर का यह 12वां शतक है। रोहित शर्मा के शतक के साथ यह बात तो सुनिश्चित हो गई है कि भारत यह मैच नहीं हारेगा। दरअसल, रोहित शर्मा ने जब-जब टेस्ट क्रिकेट में शतक जड़ा है तब-तब भारत को हार का मुंह नहीं देखने को मिला है। धर्मशाला टेस्ट में भी यही उम्मीद रहेगी।

इंडियन वेल्स

## वापसी के साथ पहला मैच हारी वीनस विलियम्स

**इंडियन वेल्स (एजेंसी)।** पिछ्ले 6 महीने में पहली बार टूर पर खेल रही अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स बीएनपी परीबस ओपन के पहले दौर में क्वालीफायर नाओ हिबिनो से 6.2, 3.6, 0.6 से हार गई। पिछ्ले साल अगस्त में



अमेरिकी ओपन के पहले दौर में हारने के बाद वीनस पहली बार खेल रही थी। एक समय दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रही वीनस अब शीर्ष 450 में भी नहीं है। उन्होंने आखिरी ग्रैंडस्लैम 2008 विम्बलडन जीता था। हिबिनो का सामना अब 17वीं वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुदेरमेतोवा से होगा। अन्य मुकाबलों में 3 बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका ने क्वालीफायर सारा ईरानी को 6.3, 6.1 से हराया।

अफगानिस्तान के क्रिकेटर

## नूर-अली-जादरान ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के क्रिकेटर नूर अली जादरान ने गुरुवार, 7 मार्च को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। जादरान ने आखिरी मैच आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र (वनऑफ) टेस्ट खेला था,



जिसमें उन्होंने अफगानिस्तान के लिए अपने भतीजे इब्राहिम अली जादरान के साथ ओपनिंग की थी।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एबीसी) ने एक्स हैंडल (पूर्व में ट्विटर) पर ट्वीट के जरिए नूर अली जादरान के संन्यास की पुष्टि की, जिसमें कहा गया कि अनुभवी क्रिकेटर ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है।

ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड दूसरा टेस्ट, पहला दिन

# कीवी टीम 162 रन पर सिमटी

- जोश हेजलवुड ने 12वीं बार 5 विकेट लिए

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच क्राइस्टचर्च में दो टेस्ट मैच की सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। न्यूजीलैंड पहली पारी में 162 रन बना कर सिमट गया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 4 विकेट पर 124 रन बना कर 38 रन की लीड बना चुकी हैं।

मार्नस लाबुशेन 45 रन और नाथन लायन 1 रन बना कर नाबाद हैं। वे दूसरे दिन पारी को आगे बढ़ाएंगे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से तेज गेंदबाज जोश हेजलवुजड ने 5 विकेट लिए। वहीं, मिचेल स्टार्क को तीन सफलताएं मिली।

न्यूजीलैंड की खराब बल्लेबाजी

न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी खराब रही। टीम के लिए टॉम लैथम और विल यंग ने ओपनिंग की। लैथम 38 रन और विल यंग 14 रन बना कर आउट हो गए। लैथम के आउट होते ही, पारी बिखर गई। केन विलियमसन 17 रन, रचिन रवींद्र 4 रन और डेरिल मिचेल 4 रन बना कर आउट हो गए।



टीम के 84 रन पर 5 विकेट हो गए। विकेटकीपर बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल ने 22 रन बनाए। वे कैमरन ग्रीन की बॉल पर आउट हो गए और ग्लेन फिलिप्स पहली बॉल पर आउट हो गए। आखिर में मैट हेनरी और कप्तान टिम साउदी ने कुछ रन जोड़े और साथ पारी की सबसे बड़ी 55 रन की साझेदारी की। साउदी 26 रन और हेनरी 29 रन बना कर पवेलियन लौटे। बेन सियर्स 0 रन बना कर नॉटआउट रहे।

**हेजलवुड को 5 विकेट-** ऑस्ट्रेलिया के पेसर जोश हेजलवुड ने 5 विकेट लिए। उन्होंने शुरुआत में ही लैथम, रचिन रवींद्र, डेरिल मिचेल और केन विलियमसन को चलता कर दिया, फिर आखिर में मैट हेनरी के विकेट के साथ 5 विकेट पूरे किए। उनके अलावा मिचेल स्टार्क को 3 विकेट मिले। पैट कमिंस और कैमरन ग्रीन को 1-1 सफलता मिली।

ऑस्ट्रेलिया के ओपनर ज्यादा रन नहीं बना सके। ओपनिंग करने आए स्टीव स्मिथ 11 रन और मैट हेनरी 16 रन बना कर आउट हुए।

## मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद ने लॉन्च की आईपीएल 2024 के लिए जर्सी

**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2024) सीज़न के लिए मुंबई इंडियंस और सनराजइर्स हैदराबाद ने अपनी जर्सियां लॉन्च कर दी हैं। डिजाइनर मोनिशा जयसिंग द्वारा तैयार की गई मुंबई इडियंस की जर्सी मुंबई के उत्साही प्रशंसक आधार, पलटन, मुंबई इंडियंस के गौरव और शहर की जीवंत भावना की प्रतीक है। टीशर्ट नीले रंग की है जोकि अटूट प्रतिबद्धता और



वफादारी का प्रमाण देती है। डिजाइनर ने कहा कि जैसा कि हमारे खिलाड़ी प्रतिष्ठित नीले और सुनहरे रंग की जर्सी पहनते हैं, वे अपने साथ हमारे एमआई पलटन की आशाओं और सपनों को लेकर चलते हैं, जो कि ऊर्जावान हैं।

मुंबई इंडियंस ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि जर्सी सम्मान का प्रतीक है, इसे पहनने वाले सभी लोगों के लिए गर्व का प्रतीक है, क्योंकि उन्हें टीम की शानदार विरासत का एक टुकड़ा अपने साथ ले जाने के साथ-साथ टीम के प्रति अपना प्यार व्यक्त करने का मौका मिलता है।

इसी तरह सनराइजर्स हैदराबाद ने भी अपनी नई जर्सी का अनावरण करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। जर्सी में सामान्य नारंगी टोन के साथ काले पैटर्न को शामिल किया है। यह नई जर्सी एसए 20 लीग की बेहद सफल सनराइजर्स ईस्टर्न केप जर्सी के समान दिखती है। एडेन मार्कराम की कप्तानी वाली टीम ने 2023 और 2024 दोनों में ड्ड20 लीग जीती थी।

सनराइजर्स हैदराबाद ने सोशल मीडिया पर जर्सी की घोषणा की, जिसमें शीर्ष गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने नई शैली का मॉडल तैयार किया। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया- हैदराबाद की भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए तैयार। ध्आईपीएल2024 के लिए हमारा नया ज्वलंत कवच, ध्प्लेविथफायर। जर्सी अनावरण पोस्ट ने पहले ही टीम के समर्पित प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है, जो अपनी टीम को शानदार नए रंगों में मैदान पर देखने के लिए उत्साहित हैं।

# वो सचिन की तरह लगता है- शुभमन गिल का शॉट देख बोले अंपायर रिचर्ड केटलब्रॉ

**धर्मशाला (एजेंसी)।** धर्मशाला में भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल ने शतक लगाकर टीम इंडिया को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। इंग्लैंड पहले खेलते हुए 218 रन पर ही सिमट गई थी। इसके बाद शुभमन गिल ने कप्तान रोहित शर्मा के साथ



मिलकर टीम का स्कोर 3279 तक पहुंचाया। यह शुभमन गिल के करियर का चौथा शतक रहा। शुभमन को इस पारी के लिए सोशल मीडिया पर भी सराहना मिली। इस दौरान अंपायर रिचर्ड केटलब्रॉ ने तो उनकी तुलना सीधी सचिन तेंदुलकर से कर दी। रिचर्ड ने शुभमन के शतक बनाने की वीडियो शेयर करते हुए लिखा-

**भारतीय दर्शकों पर भारी रहे हैं रिचर्ड केटलब्रॉ -** आईसीसी आयोजनों में बतौर अंपायर रिचर्ड केटलबोरो ने कई मुकाबले खेले हैं। वह भारत के ऐसे कई नॉकआऊट मुकाबलों में अंपायर रहे जहां भारतीय टीम को हार झेलनी पड़ी थी। इसमें 2014 टी20 विश्व कप का फाइनल भी शामिल था, जिसमें भारत श्रीलंका से हार गया था। इसके अलावा 2015 वनडे विश्व कप का सेमीफाइनल जिसमें ऑस्ट्रेलिया जीता था।

# विराट से अपनी बॉन्डिंग पर बोले डु प्लेसिस- हमारे बीच खेल को लेकर बहुत समानताएं हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने कहा है कि फिटनेस और खेल के प्रति सोच के कारण विराट कोहली के साथ उनकी काफी समानताएं मिलती हैं। आरसीबी के कप्तान ने कहा कि कुछ चीजें हैं जो विराट और मुझमें बहुत समान हैं, जिस तरह से हम खेल को देखते हैं या खेल के बारे में सोचते हैं, उसमें भी बहुत समानता है। हम खुद को कैसे देखते हैं और हम कैसा बनना चाहते हैं, इसमें भी बहुत समानता हैं। जाहिर तौर पर हम कड़ी मेहनत करने, फिट रहने और अच्छा खाने पर ध्यान देते हैं। हम एक पेशेवर खिलाड़ी होने के लिए एकजैसा दृष्टिकोण देखते हैं और मुझे लगता है कि यही कारण है कि हम आरसीबी में अपने पहले सीजन में इतने अच्छे से जुड़ गए थे।



डु प्लेसिस ने कोहली की फिटनेस की सराहना करते हुए उन्हें युवा पीढ़ी के लिए उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि वह अद्भुत है, वह कड़ी ट्रेनिंग करता है, वह बहुत फिट है और मुझे लगता है कि आज के खेल के युग में अगर आपको लंबा खेलना है तो आपको ऐसा बनना होगा। वे प्रतिभा के मामले में काफी अच्छे हैं लेकिन आपके शरीर के मामले में और भी अच्छे हैं।

इस बीच आरसीबी और टीम इंडिया के पूर्व गेंदबाज वरुण आरोन ने क्रिकेट के प्रति उनकी भूख की तारीफ करते हुए कोहली की शीर्ष फॉर्म में वापसी की कामना की। 2016 के आईपीएल सीजन में कोहली के सनसनीखेज प्रदर्शन पर एरोन ने कहा कि उन्होंने दुनिया भर के प्रशंसकों की आशाओं को दोहराया था। आगामी टूर्नामेंट में भी उनसे ऐसी ही पारियां देखने की उम्मीद होगी।

एरोन ने कहा कि वह लंबे ब्रेक के बाद वापस आ रहे हैं और जिस तरह से वह है, वह हमेशा क्रिकेट के लिए भूखे रहते हैं। वह निश्चित तौर पर क्रिकेट को मिस कर रहे होंगे। निश्चित रूप से वह दोगुनी भूख के साथ वापस आएंगे। मुझे उम्मीद है कि वह आईपीएल में उस तरह की फॉर्म (2016) में वापसी करेंगे। आईपीएल एक लंबा सीजन है और उस फॉर्म को जारी रखना अलौकिक होना है।



# हैरी टेक्टर का शतक बेकार, अफगानिस्तान ने आयरलैंड को 35 रनों से हराया

**शारजाह (एजेंसी)।** रहमनुल्लाह गुरबाज की 121 रनों की शतकीय पारी और उसके बाद फजलहक फारूकी के 4 विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को 35 रनों से हरा दिया। आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज रहमनुल्लाह की 121 रनों की शतकीय पारी, इसके बाद इब्राहिम जदरान 60 रन, कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी की नाबाद 50 रनों की अर्धशतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में 5 विकेट पर 310 का स्कोर खड़ा किया था। मोहम्मद नबी ने 40 रन और अजमतउल्लाह उमरजई ने 19 बनाए थे।

आयरलैंड की ओर से थियो वान वोकरम ने 3 विकेट लिए। क्रेग यंग और ग्राहम ह्यूम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। जवाब में 311 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 275 रन ही बना सकी और मैच 35 रनों से हार गई। आयरलैंड के लिए लोकर्न टुके ने 85 रन बनाए।

हैरी टेक्टर ने 9 चौके और 3 छक्कों की मदद से 138 रनों की शतकीय पारी खेली, लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। आयरलैंड का और कोई बल्लेबाज दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सका। रहमानुल्लाह गुरबाज मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। अफगानिस्तान की ओर से फजलहक फारुखी ने 4 विकेट लिए। अज़मतुल्लाह उमरजई को 2 विकेट मिले। गुलाबदीन नायब और नूर अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा चुनाव युवाओं के उज्जवल भविष्य और महान भारत की रचना के लिए है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को महाराष्ट्र के जलगाँव में युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट किया कि आने वाला लोकसभा चुनाव युवाओं के उज्जवल भविष्य और महान भारत की रचना के लिए है। भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता शाह का मानना है कि भाजपा को वोट देने का मतलब है युवाओं का उज्ज्वल भविष्य, महान भारत की रचना और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना। यदि बीते 10 वर्षों पर एक सरसरी निगाह दौड़ाई जाए तो इस बात में कोई दो मत नहीं कि मोदी सरकार ने युवाओं के लिए स्पेस से लेकर सेमीकंडक्टर, डिजिटल से लेकर ड्रोन तक, से लेकर वैक्सीन तक और 5जी से लेकर फिनटेक तक के दरवाजे खोलने का अभूतपूर्व काम किया है। देश को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने से लेकर साल 2035 तक अंतरिक्ष में स्टेशन स्थापित करने और साल 2036 में ऑलंपिक आयोजन से लेकर साल 2040 में चांद पर भारतीय एस्ट्रोनॉट भेजने तक का सफर इसलिए पूरा होगा क्योंकि यह मोदी की गारंटी है। साल 2024 लोकसभा चुनाव की घड़ियाँ ज्यों-ज्यों नजदीक आ रही है, चुनावी सरगर्मियाँ भी वैसे ही बढ़ती जा रही हैं। एक बार फिर से नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने और भारतीय जनता पार्टी की जीत के साथ कमल का संदेश खिलाने के लिए शाह ने कमर कस ली है। भारतीय राजनीति के चाणक्य शाह जब चुनावी तैयारी करते हैं तो विपक्षी भी उनके मुरीद हो जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद अमित शाह एकमात्र नेता हैं जिनकी चुनावी रैलियों में लाखों की भीड़ जुटती है। बीते 10 वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में देश ने प्रगति और समृद्धि का अभूतपूर्व

### कब्रिस्तान के पास टिन शेड में लगी आग, अंदर सो रहा युवक की जिंदा जला, मौत

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ में सिलेंडर ब्लास्ट हादसे के दो दिन बाद एक हादसा और हो गया। इस अग्निकांड में एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसे के समय युवक टिन शेड के अंदर हो रहा था। टिन शेड में आग लगने से युवक आग की चपेट में आ गया और जलकर उसकी मौत हो गई। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। हादसा लखनऊ में माल एवेन्यू स्थित क्रिश्चियन कब्रिस्तान के पास हुआ। घटना गुरुवार देर रात हुई। शुक्रवार को तड़के सुबह कब्रिस्तान के पास स्थित टिन शेड में आग लग गई। टिन शेड के अंदर सोए युवक को संभलने का मौका नहीं मिला। आग तेजी से फैली और युवक उसकी चपेट में आ गया। आग की चपेट में आकर युवक जिंदा जल गया। आग लगने पर युवक ने चीखना-चिल्लाना शुरू किया। आस पास के लोगों ने उसकी चीखपुकार सुनी तो उसे बचाने की कोशिश की गई। आग लगने की जानकारी पुलिस को भी दी गई। मौके पर पुलिस और दमकल की एक गाड़ी पहुंची। आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने बताया कि हादसा अचानक होने की वजह से युवक बाहर नहीं निकल पाया और जलकर मौत हो गई। आग पर काबू पाने तक युवक की मौत हो चुकी थी। संभावना है कि आग अंदर मच्छरों से बचने को लगाई गई मच्छर कॉइल के कारण लगी है। एफएसओ हजरतगंज रामकुमार रावत ने बताया कि शुक्रवार सुबह 4-50 बजे माल एवेन्यू स्थित आवास विकास कॉलोनी क्रिश्चियन कब्रिस्तान कंपाउंड के पास टिन शेड की बनी झोपड़ी में आग लगने की सूचना मिली थी।

### मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के तेवर पड़े नरम, बागियों से बातचीत का दिया सुझाव

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांग्रेस के बागी विधायकों के प्रति अपना रुख नरम दिखाया है। कांग्रेस आलाकमान के साथ बैठक के लिए दिल्ली जाने से पहले सुक्खू ने पिछले सप्ताह पार्टी के छह बागियों द्वारा उत्पन्न राजनीतिक संकट से बाहर निकलने के लिए 'बातचीत' का सुझाव दिया है। हालांकि, कुछ दिन पहले सुक्खू ने सोलन में एक जनसभा में इन बागियों को 'काले नाग' तक कह दिया था।

# केदारनाथ धाम के 10 मई को खुलेंगे कपाट, चार धाम यात्रा में बदरीनाथ, गंगोत्री-यमुनोत्री की यह डेट

**देहरादून, एजेंसी।** चारधाम यात्रा से जुड़े मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है। महाशिवरात्रि के अवसर पर केदारनाथ धाम के कपाट खोलने की तारीख का ऐलान हो गया है। ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार 10 मई को सुबह सात बजे खुलेंगे।

पांच मई को श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में भैरवनाथ जी की पूजा सपन्न होगी। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी भोग मूर्ति छह मई को पंचकेदार गद्दी स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से श्री केदारनाथ धाम प्रस्थान करेगी। विभिन्न पड़ावों से होकर नौ मई शाम को केदारनाथ धाम पहुंचेगी।

शुक्रवार को शिवरात्रि के पर्व पर श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति ( बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय की उपस्थिति में रावल आचार्य- वेदपाठियों ने श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में पूजा अर्चन, पंचांग गणना पश्चात श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय की।

इस दौरान श्री औकारेश्वर मंदिर को 11 क्विंटल फूलों से सजाया गया। दानीदाताओ ने श्रद्धालुओं के लिए भंडारा एवं प्रसाद का



वितरण किया। इस अवसर पर बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने श्रद्धालुओ को शिवरात्रि की शुभकामनाएं दी। कहा कि पिछ्ले साल यात्रा में रिकार्ड तीर्थ यात्री श्री केदारनाथ धाम पहुंचे।

इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होगी मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार तथा मंदिर समिति यात्री सुविधाओ हेतु प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। शीघ्र ही मंदिर समिति का दल केदारनाथ पहुंचकर यात्रा पूर्व तैयारियों का जायजा लेगा। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा हरीश गौड़ ने बताया कि आज ही भगवान केदार नाथ की पंचमुखी भोग मूर्ति के पंचकेदार गद्दी स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से श्री केदारनाथ धाम प्रस्थान करने का कार्यक्रम भी घोषित किया गया।

कार्यक्रम के अनुसार 5 मई को श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में भैरवनाथ जी की पूजा सपन्न होगी।भगवान केदारनाथ की पंचमुखी भोगमूति 6 मई को श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से विभिन्न पड़ावों से होते हुए केदारनाथ धाम प्रस्थान करेगी। दिनांक 6 मई को प्रथम पड़ाव गुप्तकाशी 7 को द्वितीय पड़ाव फाटा 8 मई को तृतीय पड़ाव गौरीकुंड तथा 9 मई शाम को पंचमुखी डोली श्री केदारनाथ धाम पहुंच जायेगी। शुक्रवार 10 मई को सात बजे सुबह श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुल जायेंगे। श्री केदारनाथ द्वितीय केदार श्री मदमहेश्वर मंदिर के लिए पुजारीगणों को कार्य दायित्व दिया गया। श्री केदारनाथ धाम के लिए शिवशंकर लिंग पूजा का दायित्व संभालेंगे। श्री मदमहेश्वर हेतु टी गंगाधर लिंग पूजा का दायित्व निभायेंगे। श्री बागेश लिंग अतिरिक्त में रखे गये हैं। शिव लिंग चपटा श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में पूजा-अर्चना करेंगे।

कपाट खुलने की तिथि तय होने के समय श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय, सीमांत विकास परिषद के उपाध्यक्ष चंडी प्रसाद भट्ट, पंचगाई हकहकूकधारी सहित केदारनाथ धाम के रावल भीमाशंकर लिंग, बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार आदि मौजूद रहे।

## जाति के आधार पर भेदभाव के लिए अकेले वर्ण व्यवस्था जिम्मेदार नहीं- हाई कोर्ट

**चेन्नई, एजेंसी।** हम जिस जाति व्यवस्था को आज जानते हैं, उसका इतिहास एक सदी से भी कम का है। इसलिए जाति के आधार पर समाज में पैदा हुए विभाजन और भेदभाव के लिए पूरी तरह वर्ण व्यवस्था को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। मद्रास हाई कोर्ट ने उदयनिधि स्टालिन की ओर से सनातन धर्म पर दिए बयान को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह अहम टिप्पणी की। जस्टिस अनीता सुमंत ने कहा कि यह माना जा सकता है कि जाति व्यवस्था के चलते भेदभाव हो रहा है। लेकिन इस व्यवस्था का इतिहास एक शताब्दी से भी कम का है।

यही नहीं अदालत ने कहा कि तमिलनाडु में 370 पंजीकृत जातियां हैं। अलग-अलग जातियों के बीच अकसर तनाव की स्थिति भी पैदा हो जाती है। लेकिन इसकी वजह सिर्फ जाति नहीं होती बल्कि उन्हें मिलने वाले फायदे भी होते हैं। अदालत ने कहा, हम मानते हैं कि समाज में जाति के आधार पर भेदभाप है और इसे खत्म किए जाने की जरूरत है। लेकिन हम जिस जाति व्यवस्था को आज जानते हैं, उसका इतिहास एक सदी से ज्यादा पुराना नहीं है। तमिलनाडु में ही 370 से ज्यादा रजिस्टर्ड जातियां हैं। उनके बीच भी कई बार इसलिए मतभेद होते हैं कि कोई कहता है कि हमारी उपेक्षा हो रही है और दूसरे को महत्व मिल रहा है। इस संघर्ष की एक वजह एक-दूसरे को मिल रहे फायदे भी होते हैं।

जस्टिस अनीता सुमंत ने कहा कि जब ऐसी स्थिति है तो फिर पूरा दोष सिर्फ प्राचीन वर्ण व्यवस्था पर ही कैसे मढ़ा जा सकता है। इसका जवाब हम तलाशेंगे तो ना में मिलेगा।

## नकली दवाइयां बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश, हिमाचल से गाजियाबाद और रुड़की तक फैला नेटवर्क; 10 गिरफ्तार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नकली दवाइयां बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह गिरोह मधुमेह, माइग्रेन से लेकर एंटीबायोटिक जैसी नकली दवा बाजारों में उपलब्ध कराता था। पुलिस ने शामली और गाजियाबाद में फैक्टरी में छापामार की दस लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर करोड़ों रुपये कीमत की नकली दवाइयां बरामद की गई हैं। इसके अलावा भारी मात्रा में कच्चा माल, पैकेजिंग सामग्री और मशीनरी पार्ट्स भी जब्त किए हैं। पुलिस के मुताबिक, इस गिरोह के तार दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और उत्तर प्रदेश समेत कईराज्यों से जुड़े हैं।

क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़े दस आरोपियों में दो सरगना और थोक विक्रेताओं समेत फार्मासिस्ट भी शामिल हैं। इनके पास से अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की करोड़ों रुपये कीमत की जीवन रक्षक नकली दवाएं (दर्द निवारक, मधुमेह, एंटीबायोटिक्स और माइग्रेन) बरामद की हैं। क्राइम ब्रांच के एडिशनल सीपी संजय भाटिया ने बताया कि आरोपियों में विकास चौहान, सुरेंद्र मलिक, परवेज़ खान, उपकार सिंह उर्फ मणि, जसदीप सिंह, अब्दुल बासित, दानियाल अली, मुकेश कुमार, अनिल कुमार और चंद्रपाल सिंह शामिल हैं। सभी आरोपी दिल्ली और हरियाणा के रहने वाले हैं।

क्राइम ब्रांच के एडिशनल सीपी ने बताया कि दिल्ली के बाजारों में नकली दवाइयों की सप्लाई किए जाने का इनपूट मिला था। मामले की जांच के लिए एक टीम को लगाया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी उपकार और मुकेश एनसीआर के विभिन्न मेडिकल स्टोर पर नकली दवा सप्लाई करते हैं। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने कई स्थानों पर छापा मारने के लिए टीम को तीन हिस्सों में बांटा। तिलक मार्ग इलाके में एक इको वैन को रोककर उपकार और जसदीप को दबोचा लिया। तलाशी के दौरान वैन से (कुल 44,530) नकली अल्ट्रासेट टैबलेट, एमारिल 1एम टैबलेट, ग्लूकोनोर्म टैबलेट, डेफकॉर्ट टैबलेट बरामद की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बरामद दवा नकली होने और इस धंधे में शामिल अब्दुल बासित और विकास के नाम का खुलासा लिया, जबकि क्राइम ब्रांच की दूसरी टीम ने उत्तम नगर निवासी मुकेश चंद को पकड़ा। उसके घर से नकली दवा की 730 टैबलेट बरामद की गई। इसके अलावा तीसरी टीम ने आरोपी अब्दुल बासित, परवेज और डेनियल अली को यमुनापार के अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से नकली दवा की 5700 टैबलेट जब्त की। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि हिमाचल प्रदेश के मंडी स्थित एक फैक्टरी में अनिल कुमार (सुरेंद्र मलिक का कर्मचारी) नकली दवाइयां बनाता है। इसके बाद मेसर्स अग्रवाल आयुर्वेदिक की फर्जी फर्म बिलिंग के नाम पर कूरियर यानी निटको रोडवेज के माध्यम से हिमाचल के सुंदर नगर से पानीपत, हरियाणा तक पहुंचाया जाता था। आरोपी परवेज ने मैसर्स अग्रवाल आयुर्वेदिक के नाम से एक नकली मोहर तैयार कर रखी थी। वह पानीपत से नकली दवाइयां इकट्ठा करता था। इसके बाद वह फार्मेसी में डिप्लोमाधारी डेनियल अली को बेचता था। वहीं, डेनियल अली चूंकि कोई दुकान नहीं चलाता था।

## डायबिटीज और माइग्रेन की नकली दवाएं बेचने वाला गैंग धरा, 10 गिरफ्तार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नकली दवाइयां बेचने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। यह गैंग डायबिटीज, माइग्रेन से लेकर एंटीबायोटिक जैसी नकली दवा बाजारों में सप्लाई कराता था। पुलिस ने शामली और गाजियाबाद में फैक्ट्री में छापामार की दस लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, इस गिरोह के तार दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों से जुड़े हैं। आरोपियों की निशानदेही पर करोड़ों रुपये कीमत की नकली दवाइयां बरामद की गई हैं। इसके अलावा भारी मात्रा में कच्चा माल, पैकेजिंग सामग्री और मशीनरी पार्ट्स भी जब्त किए हैं। क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़े दस आरोपियों में दो सरगना और थोक विक्रेताओं समेत फार्मासिस्ट भी शामिल हैं। इनके पास से अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की करोड़ों रुपये कीमत की जीवन रक्षक नकली दवाएं (दर्द निवारक, मधुमेह, एंटीबायोटिक्स और माइग्रेन) बरामद की हैं। क्राइम ब्रांच के एडिशनल सीपी संजय भाटिया ने बताया कि आरोपियों में विकास चौहान, सुरेंद्र मलिक, परवेज़ खान, उपकार सिंह उर्फ मणि, जसदीप सिंह, अब्दुल बासित, दानियाल अली, मुकेश कुमार, अनिल कुमार और चंद्रपाल सिंह शामिल हैं। सभी आरोपी दिल्ली और हरियाणा के रहने वाले हैं। इनपुट पर तीन टीमों ने खुलासा किया क्राइम ब्रांच के एडिशनल सीपी ने बताया कि दिल्ली के बाजारों में नकली दवाइयों की सप्लाई किए जाने का इनपूट मिला था। मामले की जांच के लिए एक टीम को लगाया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी उपकार और मुकेश एनसीआर के विभिन्न मेडिकल स्टोर पर नकली दवा सप्लाई करते हैं।




## जेपी विश टाउन के 20000 फ्लैट निर्माण का रास्ता खुला, एनसीएलएटी ने दी मंजूरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) ने सुरक्षा समूह को जेपी विश टाउन में रुकी हुई परियोजनाओं का निर्माण शुरू करने की अनुमति दे दी है। इससे करीब 20 हजार से अधिक फ्लैट खरीदारों को राहत मिलेगी। यमुना प्राधिकरण और सुरक्षा समूह को अगली सुनवाई तक मुद्दे का निपटारा करने को कहा गया है। यदि दोनों के बीच सहमति नहीं बनती है तो मामले की अगली सुनवाई योग्यता के आधार पर होगी और फैसला सुनाया जाएगा। वहीं, यमुना प्राधिकरण ने संबंधित मसौदा तैयार कर शासन को भेज दिया है। दरअसल, जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड की परियोजनाओं का सुरक्षा समूह ने मार्च 2023 में अधिग्रहण किया था। जेपी इंफ्राटेक से प्रभावित किसानों को 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा के लिए 1689 करोड़ रुपये आदि मुद्दे को लेकर बातचीत न बनने पर यमुना प्राधिकरण ने एनसीएलटी कोर्ट में चुनौती दी थी। प्राधिकरण ने मांग की थी कि सुरक्षा समूह किसानों को दिए जाने वाले अतिरिक्त मुआवजे के लिए 1689 करोड़ रुपये का भुगतान एक बार में करे। हालांकि, दोनों पक्षों के बीच बातचीत के बाद सुरक्षा समूह कुछ छूट की मांग करते हुए अतिरिक्त मुआवजा देने पर सहमत हुआ। यीडा ने कंपनी के मसौदे को आगे की कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को भेज दिया, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। यमुना प्राधिकरण ने नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल में भी चुनौती दी थी। इसमें मुख्य दावा जेपी इंफ्राटेक से प्रभावित किसानों को 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा के लिए 1689 करोड़ रुपये को लेकर था।

## चीन की सरकार सख्ती से मुसलमानों का चीनीकरण करने जा रही है

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के एक सीनियर कम्यनिस्ट नेता मा शिनग्रुई ने कहा है कि देश में अब मुस्लिमों का चीनीकरण अनिवार्य हो गया है। मुसलमानों के खिलाफ पहले से ही अत्याचार और मानवाधिकार उल्लंघन के आरोपों में घिरे चीन ने एक और खतरनाक प्लान तैयार कर लिया है। चीन की सरकार सख्ती से मुसलमानों का चीनीकरण करने जा रही है। शिनजियांग में मुसलमान बहुल इलाकों में चीन अभियान चलाएगा। अभी 6 महीने पहले ही राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी शिनजियांग पहुंचे थे और उन्होंने अधिकारियों से कहा था कि इस्लाम का सिनिसिजेशन शुरू किया जाए। इसका मतलब है कि वहां रहने वाले अल्पसंख्यक समुदाय को चीनी सभ्यता, संस्कृति और कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति वफादार बनाने का काम शुरू किया जाए। जाहिर तौर पर यह काम बिना अत्याचार के नहीं किया जाएगा। ऐसे में जानकारों का कहना है कि चीन का



यह नया प्लान बेहद खतरनाक है और चीन के अल्पसंख्यकों पर खतरा मंडरा रहा है।

चीन के सालाना संसदीय सत्र के दौरान मा ने यह बयान दिया। वह गुआंगदोंग प्रांत के गवर्नर भी रह चुके हैं। बता दें कि हा के सालों में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग कई बार इस्लाम, बौद्ध और ईसाइयों के सिनिसिजेशन की बात कर चुके हैं। उनका कहना है कि लोगों को केवल कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति वफादार रहना चाहिए। इसके अलावा चीन की सरकार ने उत्तरपश्चिम के प्रांतों में एक साल तक इस्लाम के खिलाफ अभियान चलाया। आतंकवाद को खत्म करने के नाम पर यह अभियान चलाया जा रहा था।

## इजरायली जेल में 21 साल से कैद बरगौटी बनेंगे फिलिस्तीनी राष्ट्रपति ! रिहाई पर अड़ा है हमास

**गाजा, एजेंसी।** इजरायल और हमास के बीच चल रहे भीषण युद्ध के बीच ऐसी खबरें आई थीं कि रमजान से पहले दोनों के बीच चार सप्ताह का सीजफायर हो सकता है। अमेरिकी दावे के बावजूद इस समझौते के आसान काफी कम नजर आ रहे हैं। कारण है- हमास और इजरायल का एक-दूसरे पर अपनी मांगों को थोपना। हमास जिद पर अड़ा है कि इजरायल गाजा शहर पर हमले पूरी तरह से रोक दे और उसकी जेल में बंद फिलिस्तीनियों की रिहाई सुनिश्चित करे। हमास ने कैदियों की रिहाई में मारवान अल-बरगौटी की भी पैरवीं की है, यह फतह आंदोलन करने वाले अग्रणी नेताओं में एक हैं, जिनके बारे में कहा जा रहा है कि वह अगले फिलिस्तीनी राष्ट्रपति हो सकते हैं।

हमास के साथ सीजफायर को लेकर चल रही बातचीत में इजरायल ने दो टूक शब्दों में कहा है कि वह किसी भी सूरत में गाजा शहर पर हमले नहीं रोकेगा। इजरायली राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू लगातार अपनी कसम दोहरा रहे हैं कि हमास के हर गुर्गे के खात्मे तक जंग खत्म नहीं होगी। गाजा शहर में इजरायली सैनिकों का कत्लेआम जारी है। इस जंग में अकेले गाजा शहर से कम से कम 30 हजार लोग मारे जा चुके हैं। इसमें महिलाएं और बच्चों की तादाद ज्यादा है। अमेरिका और कतर के माध्यम से हमास और इजरायल में रमजान से पहले सीजफायर को लेकर बातचीत चल रही है। इजरायली नागरिकों की रिहाई के बदले में इजरायल में फिलिस्तीनी कैदियों को मुक्त करने की संभावना ने फतह आंदोलन के नेता मारवान अल-बरगौती को सुर्खियों में ला दिया है। बीबीसी उर्दू की रिपोर्ट के मुताबिक, हाल के दिनों में उनका नाम फिलिस्तीनी प्राधिकरण के संभावित नए राष्ट्रपति के रूप में सामने आया है। हमास का कहना है कि कैदियों और बंधकों की अदला-बदली पर किसी भी



नए समझौते के तहत उन्हें हर हाल में रिहा किया जाना चाहिए।

हमास नेता ओसामा हमदान ने बीबीसी अरबी को बताया कि एक आंदोलन के रूप में हमने एक स्पष्ट रुख अपनाया है, जिस पर हम अभी भी कायम हैं।

## रूस ने यूक्रेन के शहरों पर किया हमला, 7 की मौत, 15 घायल

**कीव, एजेंसी।** रूस ने यूक्रेन के शहरों पर बुधवार को हमले लिए, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। घायलों में कई बच्चे भी शामिल हैं। यूक्रेन के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। द कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने निप्रॉपेट्रोस, डोनेट्स्क, खारकिव और खेरसॉन क्षेत्रों में नागरिकों के हताहत होने की सूचना दी।

सेना ने बताया कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की और ग्रीक प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस की यात्रा के दौरान रूस ने ओडेसा शहर के बंदरगाह को मिसाइल से निशाना बनाया। हमलों में पांच लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के दक्षिणी ऑपरेशनल कमांड के प्रवक्ता नतालिया हुमेनियुक ने कहा, यह हमला किसी भी तरह से किसी विशिष्ट यात्रा से जुड़ा नहीं है। यह उस आतंक से संबंधित है जिसे रूस बहुत व्यवस्थित तरीके से अंजाम दे रहा है।

गवर्नर सेरही लिसाक का कहना है कि रूस ने बुधवार को निप्रॉपेट्रोस क्षेत्र में निकोपोल को दिन में तीन बार निशाना बनाया। द कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, रूस की ओर से किए एक ड्रोन हमले में एक बुजुर्ग महिला घायल हो गई, साथ ही एक शॉपिंग सेंटर को भी निशाना बनाया गया। हमले से सेंटर में भायनक आग लग गई, लेकिन गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। आग करीब चार हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैल गई।

गवर्नर वादिम फिलाश्किन ने बताया कि डोनेट्स्क क्षेत्र में रूसी हमलों में नेताइलोव गांव में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं एक हमले में क्लेबन-बायक गांव में दो लोग घायल हो गए और दूसरे हमले में पोक्रोव्स्क में एक व्यक्ति घायल हो गया। रूस के मिसाइल हमलों में खारकिव क्षेत्र के बोरोवा गांव में एक 70 साल के व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए।

गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव के अनुसार, हमले से



क्षतिग्रस्त हुए घर के मलबे में दबी महिला को बचाया गया और उसके पांच बच्चे भी घायल हो गए। वहीं पड़ोस का एक व्यक्ति भी घायल हो गया। हमले से गांव के 12 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं।

## कनाडा में छात्र ने परिवार के लोगों पर चाकू से किया हमला, छह की मौत, श्रीलंका के मूल निवासी

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा की राजधानी ओटावा में चाकूबाजी की घटना में छह लोग मारे गए। ओटावा पुलिस ने श्रीलंका के 19 वर्षीय छात्र को अपने साथ रहने वाले छह लोगों की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मृतकों में श्रीलंकाई परिवार के चार बच्चे भी शामिल हैं।

ओटावा के पुलिस प्रमुख एरिक स्टब्स ने कहा कि आरोपी ने धारदार हथियार से लोगों पर हमला किया, जिसकी पहचान फेब्रियो डी-ज़ोयसा के रूप में की गई थी। उस पर फर्स्ट-डिग्री हत्या के छह मामले और हत्या के प्रयास का एक आरोप लगाया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मृतक श्रीलंकाई नागरिक हैं जो हाल ही में कनाडा आए थे। इनमें 35 साल की मां, सात साल का बेटा, चार साल की बेटी, दो साल की बेटी और ढाई महीने की बच्ची भी शामिल है। साथ ही 40 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हुई है, जो परिवार का परिचित था। पुलिस प्रमुख ने कहा कि घटना के बाद बच्चों का पिता घर से बाहर आकर लोगों से 911 पर कॉल करने के लिए चिल्ला रहा था। पति को भी गंभीर चोटें आई हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने कहा कि यह निर्दोष लोगों पर हिंसा का संवेदनहीन कृत्य है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129